आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

दैनिक अवन्तिका

आज
* म. विश्वामित्र जयंती

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 299 | उज्जैन, गुरुवार 12 नवम्बर, 2026 | कार्तिक शुक्ल 3 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बिगड़ी तबीयत

नई दिल्ली। देश के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को सुबह की सैर के दौरान बेहोश हो गए थे। कुछ मिनटों तक अचेत रहने के बाद उन्हें उनके सुरक्षाकर्मियों द्वारा घर ले जाया गया। इसके बाद, एक चिकित्सा टीम और एम्स के डॉक्टर संदीप सेठ ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया।

ईरान ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी दिखाई

तेहरान। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने नई अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी का वीडियो जारी किया है। इसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उन्हें लॉन्च करने वाले सिस्टम भी रखे दिखाई दिए। आईआरजीसी से जुड़ी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने मंगलवार को इस मिसाइल सिटी की तस्वीरें जारी कीं। हालांकि यह नहीं बताया गया कि यह ठिकाना कहां है या इसमें कितनी मिसाइलें हैं। जंग शुरू होने के बाद यह तीसरी बार है, जब ईरान ने अपने अंडरग्राउंड मिसाइल ठिकानों का वीडियो दुनिया को दिखाया है।

सोनिया ने किताब में लिखा- राजीव की हत्या की आशंका थी

नई दिल्ली। सोनिया गांधी ने अपनी किताब बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव में लिखा है कि राहुल को पिता राजीव की हत्या की आशंका थी। मार्च 1991 में अमेरिका लौटने से पहले राहुल ने कहा था कि अगर पिता की सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई तो उन्हें जल्द ही उनके अंतिम संस्कार के लिए घर आना पड़ेगा। सोनिया के मुताबिक, उस समय राजीव गांधी की जान को खतरा लगातार बढ़ रहा था, लेकिन उनकी सुरक्षा के इंतजाम कमजोर कर दिए गए थे। प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद भी खतरा कम नहीं हुआ था। इसके बावजूद उन्हें पहले जैसी सुरक्षा नहीं मिल रही थी।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में 13 गिरफ्तारियां



सीएम देवेंद्र फडणवीस बोले- धमकी देने वालों के आकाओं तक भी पहुंचेंगे, दिशा सालियन केस पर भी बोले

मुंबई। मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार यानी 10 नवंबर को इस कार्रवाई के लिए मुंबई पुलिस की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने की पूरी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें देश के अलग-अलग हिस्सों से पकड़ लिया। फडणवीस ने यह भी कहा कि बॉलीवुड हस्तियों को धमकियां देने वाले अपराधियों के साथ-साथ उनके पीछे काम कर रहे मास्टरमाइंड और आकाओं को भी ढूंढ निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास 'वर्षा' में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान बॉलीवुड सितारों की सुरक्षा और धमकियों के मुद्दे पर कई अहम बातें कहीं। फडणवीस ने कहा कि धमकियां देने वाले लोगों के साथ-साथ पर्दे के पीछे बैठकर उन्हें निर्देश देने वाले मास्टरमाइंड को भी ढूंढ निकाला जाएगा।

नैनो न्यूज

- **जबलपुर :** एआईएमआईएम के करीब 50 नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन।
- **मुंबई :** शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 1,328 अंक उछला, निवेशकों की संपत्ति 6 लाख करोड़ बढ़ी।
- **भोपाल :** ग्वालियर से इटावा तक सफर होगा आसान, 6,952 करोड़ की फोरलेन परियोजना कैबिनेट के पास पहुंची।
- **मुंबई :** मदर डेयरी का दूध 4 रुपये प्रति लीटर तक महंगा, 12 नवंबर से नई दरें लागू।
- **मुंबई :** अडाणी ने 4 उत्तराधिकारी चुने, इनमें 2 बेटे, 2 भतीजे, 27 लाख करोड़ रु. की संपत्ति के मालिक हैं, बिजनेस कब सौंपेंगे, यह नहीं बताया।
- **इस्लामाबाद :** एलओसी पर पाकिस्तान ने 50 एंटी ड्रोन यूनिट लगाईं, इनमें ज्यादातर पीओके में, ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने बदली स्ट्रैटजी।
- **इस्लामाबाद :** पाकिस्तानी डिप्टी पीएम के पोते पर गैंगरेप के आरोप तय, विदेशी महिला की सलाह पर पैसे लगाए, नुकसान हुआ तो पाकिस्तान बुलाकर शोषण किया।

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी से पहाड़ बर्फ की सफेद चादर से ढक गए

दिल्ली में एक्यूआई 322, मध्यप्रदेश में तापमान 12 डिग्री से नीचे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी हुई। गुलमर्ग गोंडोला के फेज-1 के आसपास के पहाड़ बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। दिल्ली में एम्स के आसपास सुबह 6.30 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 322 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 201 से 300 तक होने पर हवा खराब मानी जाती है। 301 से 400 तक बहुत खराब और 401 से 500 गंभीर श्रेणी होती है।

मध्य प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। अमरकंटक और करौंदी में पारा 12 डिग्री से नीचे चल रहा है।





बिहार में सुबह और रात को हल्की ठंड पड़ रही है, जबकि दोपहर में धूप के कारण गर्मी महसूस हो रही है। जमुई, मुंगेर और बांका समेत 5 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राजस्थान में मंगलवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि, दिन में अब भी गर्मी का असर बना हुआ है। पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है।

3 बड़े सिस्टम एक साथ एक्टिव

1. **वेस्टर्न डिस्टर्बेंस-** पहाड़ों पर बर्फबारी होगी। 13 नवंबर तक वेस्टर्न हिमालयन रीजन में बारिश और बर्फबारी होगी। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड कश्मीर घाटी में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश / भारी बर्फबारी का अलर्ट है।
2. **दक्षिण भारत में भारी बारिश -** तमिलनाडु, केरलम, पुडुचेरी और कराईकल में 11 नवंबर को भारी बारिश, फिर 15-16 नवंबर को भारी बारिश का अलर्ट है। दक्षिण में ये बारिश नॉर्थ-ईस्ट मॉनसून की वजह से हो रही है, जो इस समय एक्टिव है।
3. **बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम -** साउथ-ईस्ट बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसके बाद अगले 24 घंटे में ये और मजबूत हो जाएगा। इसका मतलब तमिलनाडु-केरलम् में 15-16 नवंबर वाली बारिश इसी सिस्टम की वजह से और तेज हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में अज्ञात महलावरों ने फायरिंग की

सीआरपीएफ के तीन जवान घायल

घटना का सीसीटीवी फुटेज आया, बाइक सवार 30 राउंड फायर करके भागे

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी।

आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। घटना करीब 2.15 बजे की है। इसमें तीन जवान घायल हो गए। उन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमवीर और कॉन्स्टेबल संतानो और राकेश दास के तौर पर हुई है। तीनों सीआरपीएफ की 46वीं बटालियन में तैनात हैं। एक जवान के पैर, दूसरे के हाथ और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। फायरिंग के बाद हमलावर फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।



चेकपॉइंट पर जवान तैनात थे, अचानक चली गोलियां

हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में काफी अंधेरा है। इसमें कुछ सेकेंड तक जवान इधर-उधर जाते दिखाई देते हैं। तभी अचानक गोलियां चलने और चीखने की आवाज आती है। वीडियो में एक जवान चिल्लाते हुए कहता सुनाई देता है, 'इधर आ, जल्दी आ, गोली चल रही है।' इसके बाद फिर लगातार गोलियां चलने लगती हैं।

कुलगाम में पहले भी सीआरपीएफ पर हमला हुआ- कुलगाम दक्षिण कश्मीर का संवेदनशील इलाका है। यहां सबसे ज्यादा आतंकी गतिविधियां होती हैं। यह श्रीनगर से करीब 70-75 किलोमीटर दूर है। कुलगाम, अनंतनाग और शोपियां के साथ उस इलाके का हिस्सा है, जहां पहले भी आतंकी गतिविधियां होती रही हैं।

एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को हाईजैक की धमकी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

एअर इंडिया की कोलकाता-मुंबई फ्लाइट को बुधवार सुबह हाईजैक करने की धमकी मिली। विमान के टॉयलेट में मिले एक नोट में लिखा था कि सुबह 11.10 बजे प्लेन हाईजैक कर लिया जाएगा। नोट मिलते ही क्रू ने पायलट को इसकी जानकारी दी। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को अलर्ट किया।

इसके बाद विमान को कोलकाता एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की जांच शुरू की। विमान में उस समय 93 यात्री और 5 क्रू मेंबर सवार थे। एअर इंडिया का एयरबस कोलकाता से मुंबई जाने के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान क्रू मेंबर को टॉयलेट में यह धमकी भरा नोट मिला। फिलहाल एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से इस मामले में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

19.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड के प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह 8.30 बजे शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक पूजा-अर्चना और सेना के बैंड की धुनों के बीच कपाट बंद करने की धार्मिक प्रक्रिया पूरी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा केदार के अंतिम दर्शन के लिए मंदिर परिसर में मौजूद रहे। कपाट बंद होने के साथ ही इस वर्ष की केदारनाथ यात्रा का समापन हो गया।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष केदारनाथ धाम में देश-विदेश से 19.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, उन्होंने कहा कि कपाट बंद होने का अवसर धार्मिक और भावनात्मक, दोनों दृष्टि से



महत्वपूर्ण है। इस दौरान सभी धार्मिक अनुष्ठान परंपरा के अनुसार संपन्न कराए गए। कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ की उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर के लिए रवाना होगी। अगले छह महीने तक बाबा केदार की नियमित पूजा-अर्चना यहीं की जाएगी. धार्मिक परंपरा के अनुसार, सर्दियों में केदारनाथ धाम के कपाट बंद रहने के दौरान भगवान की पूजा शीतकालीन प्रवास स्थल पर होती है।

100 की स्पीड में रेलिंग से टकराई कार

लोहे का पतरा बच्चे के आर-पार निकला, भाई-बहन की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम में बुधवार सुबह दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

रेलिंग कार की फ्रंट सीट से घुसते हुए अंदर बैठे बच्चे के शरीर को चीरते हुए दूसरी तरफ निकल गई। हादसे में 13 साल के बेटे और 6 साल की बेटी की मौत हो गई। उनके माता-पिता घायल हैं। कार गुजरात नंबर की थी। इसमें सवार परिवार गुजरात के बड़ौदा से उत्तर प्रदेश के उन्नाव जा रहा था। हादसा जावरा के बड़ायला चौराहे के पास हुआ। हादसे के समय कार की स्पीड करीब 100किमी प्रतिघंटे की थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जावरा अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



यूपी का रहने वाला है परिवार

मृतक बच्चों की पहचान 6 साल की बेटी विधि वर्मा और 13 साल के बेटे सागर वर्मा के रूप में हुई है। उनके पिता राजाबाबू वर्मा गुजरात के हारौल में एक फार्मा कंपनी में डिप्टी मैनेजर हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश के उन्नाव के रहने वाले हैं। हादसे में उनकी पत्नी रिशु वर्मा (42) भी गंभीर रूप से घायल हो गई।

ट्रेन पटरी से उतरी 50 पैसेंजर घायल

एजेंसी ▸▸ गुवाहाटी

असम के कामरूप में बुधवार सुबह करीब 6.54 बजे कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस का इंजन और 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे में 50 पैसेंजर घायल हुए हैं। हालांकि रेलवे का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुताबिक, डिगारू स्टेशन पर ट्रेन को दूसरी लाइन पर लेने के दौरान लोको पायलट स्पीड कम नहीं कर सका, इससे ट्रेन डेड एंड पर लगे बैरिकेड्स से टकरा गई। 45 सेकेंड के वीडियो में इंजन के लोको पायलट केबिन का अंदरूनी हिस्सा दिखाई दे रहा है। इसमें कंट्रोल पैनल, डिजिटल डिस्प्ले, स्विच और इंजन के उपकरण लगे हुए हैं।

बांग्लादेश में हिंसा, 24 घंटे में 22 वाहन फूंके

एजेंसी ▸▸ ढाका

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वापसी के ऐलान के बाद बांग्लादेश में हिंसा फिर भड़क गई है। सोमवार रात से मंगलवार शाम तक देश के कम से कम 21 जिलों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। बसों और ट्रेन के कोच में आग लगाई गई। सरकारी दफ्तरों और शिक्षण संस्थानों के गेट भी बंद कर दिए गए।



बांग्लादेश पुलिस और ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 11 जिलों में 22 वाहनों को आग लगाई गई। ढाका और छह अन्य जिलों में कम से कम 28 जगह देसी बम धमाकों की घटनाएं हुईं। पुलिस मुख्यालय का दावा है कि इन घटनाओं के पीछे शेख हसीना की पार्टी के समर्थक हैं। पुलिस के मुताबिक, हसीना की बांग्लादेश वापसी की घोषणा के बाद हिंसा की घटनाएं शुरू हुईं। फरीदपुर शहर के गोलाचामट इलाके में न्यू बस टर्मिनल पर खड़ी एक बस में आग लगा दी गई।

एनवीडिया के सीईओ हुआंग और उनकी पत्नी के बीच तलाक की अटकलें तेज

पत्नी को 7 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे

दुनिया की चौथी सबसे अमीर महिला बन जाएंगी

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन डीसी

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग और उनकी पत्नी लोरी के बीच तलाक की अटकलें तेज हो गई हैं। अगर दोनों का तलाक होता है तो लोरी को 80 बिलियन डॉलर यानी करीब 7.20 लाख करोड़ रुपए मिल सकते हैं, जो इतिहास का सबसे महंगा तलाक समझौता होगा। साथ ही लोरी दुनिया की चौथी सबसे अमीर महिला भी बन जाएंगी।

जेन्सन और लोरी ने 1985 में शादी की थी और उनके दो बच्चे हैं। जेन्सन ने 8 नवंबर को एक चीनी महिला के साथ अफेयर की बात मानी थी। हालांकि, लोरी ने तलाक को लेकर अब तक कोई बयान नहीं दिया है।



कानून के तहत पत्नी को आधी संपत्ति का हक

जेन्सन और लोरी अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में रहते हैं। यहां के कानून के मुताबिक, शादी के दौरान बनी संपत्ति में पत्नी की 50% हिस्सेदारी होती है। 1993 में शुरू हुई एनवीडिया का मार्केट कैप करीब 405 लाख करोड़ रुपए है, जबकि जेन्सन की निजी संपत्ति 14.56 लाख करोड़ रुपए है। ऐसे में लोरी को करीब 7.20 लाख करोड़ रुपए मिल सकते हैं। यह 2021 में बिल गेट्स और मेलिंडा के बीच हुए 76 बिलियन डॉलर यानी करीब 7.10 लाख करोड़ रुपए के तलाक समझौते से भी ज्यादा होंगे। जेन्सन हुआंग ने रविवार को एनवीडिया के सभी कर्मचारियों को एक इंटरनल मैसेज भेजा। इसमें उन्होंने स्वीकार किया कि वे अपनी पत्नी के प्रति वफादार नहीं रहे। हुआंग ने लिखा, मेरे इस कदम से मेरी पत्नी और बच्चों को गहरा दुख पहुंचा है। मुझे इसका पछतावा है। मेरी जिम्मेदारी आप सभी का भरोसा बनाए रखने की थी, लेकिन मैं इसमें नाकाम रहा।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

झूले का मुद्दा था झोलझाल का

नगर की संस्था में परंपरागत एक सदी से पुराने मेले को लेकर भी झोलाझाल की परंपरा निरंतर रूप से बढ़ रही है। झोलझाल को नियंत्रित करने और उसे कम करने की अपेक्षा इसके बढ़ने का हाल ही में एक मामला भी बराबर चर्चाओं में बना हुआ है। परंपरागत मेले में लगने वाले 19 झूले के लगने वाले स्थानों को एक ही व्यक्ति एवं संस्था को देने के निर्णय का मामला है। परंपरागत रूप से सभी झूले अलग-अलग लगते रहे हैं और सभी हर वर्ष यहां आते रहे हैं। इसकी निविदा भी होती रही है। इस बार ऐसा पता नहीं क्या हुआ कि पूरा मामला ही बदल दिया गया। सीधे एक ही व्यक्ति एवं संस्था को देने के लिए निर्णय लिया और यहां तक की निविदा भी जारी कर दी गई। पूरा मामला जब सदन की नजर में आया तो विरोध हो गया। झोलझाल के हाल भी उभरे और सामने आए। एक व्यक्ति और संस्था जब 19 झूलों के स्थान को निविदा में प्राप्त करेगा तो तय है मनमानी से इन्हें स्थान उपलब्ध करवाएगा जिससे की परंपरागत मेले में झूले लगाने वालों का शोषण किया जाएगा। बहुत ही सामान्य सी यह बात थी लेकिन आश्चर्यजनक तो यह है कि यह मुद्दा स्थानीय मंत्री परिषद ने तय किया था। खुसूर-फुसूर है कि मुद्दे को लेकर स्थानीय मंत्री परिषद में आने के साथ ही पक्ष के अधिकांश सदस्यों को मालूम था कि झोलझाल हो रहा है। मजबूरी थी हस्तिनापुर के सिंहासन से बंधे होने की तो कोई बोलने को तैयार नहीं था। नगर की संस्था में पहले तो विपक्ष भी इस मुद्दे पर चुप ही था लेकिन द्रोपदी रूपी कुछ झूले वालों ने झोलझाल को लेकर संस्था में सीधे से आवाज उठाने की सोची तो फिर विपक्ष ने भी कान्हा का खेल दिखाया। मजबूरी में ठहराव निरस्त किया गया और पूर्ववत व्यवस्था में नई निविदा 19 झूलों के लिए अलग-अलग ही जारी की गई।

न्यूज कॉलम

दीपावली पर्व पर कर्मचारी एवं पेंशनर नेताओं ने किया कलेक्टर का स्वागत

उज्जैन। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ उज्जैन एवं सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ उज्जैन के बैनरतले दीपावली पर्व पर प्रशासनिक संकुल स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर रोशन सिंह कलेक्टर उज्जैन से मुलाकात की। कलेक्टर उज्जैन का मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के मनोहर गिरी प्रांतीय संगठन मंत्री, मांगीलाल पाटीदार संभागीय अध्यक्ष, ओमप्रकाश यादव जिलाध्यक्ष, शैलेन्द्र सिंह ठाकुर कार्यकारी जिलाध्यक्ष, रामसिंह बनिहार जिला सचिव, सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ के शमशेर सिंह संभागीय अध्यक्ष एवं जया राजावत आदि ने मिष्ठान खिलाकर एवं धार्मिक सम्मान पट्टिका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। धार्मिक नगरी उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ के लिए सतत कार्यों द्वारा संवर्धन हेतु अभिनंदन किया एवं यशस्वी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। परामर्शदात्री समिति की बैठक आहुत करने बावद् चर्चा कर अनुरोध किया। कलेक्टर ने बैठक आहुत करने हेतु आश्वस्त किया। उल्लासपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई चर्चा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नर्सिंग होम के बाहर कचरे का ढेर रहवासियों की सेहत पर मंडराया खतरा

उज्जैन। जे.के. नर्सिंग होम के बाहर की ओर कचरे का ढेर फैला हुआ है। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इससे खतरा मंडरा रहा है। खुले में पड़े कचरे से उठने वाली दुर्गंध और संक्रमण फैलने की आशंका किसी बडी बीमारी को न्योता दे सकती है। विडंबना यह है कि जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की उम्मीद लेकर आना चाहिए, उसी के आसपास गंदगी का ऐसा नजारा स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। जिम्मेदारों को तत्काल कचरे की सफाई करवाकर नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि मरीजों और क्षेत्रवासियों को बीमारी के खतरे से बचाया जा सके।

नैनो न्यूज

- **जितेंद्र** सेन बने गुजराती सेन समाज के युवा जिलाध्यक्ष, सामाजिक व राजनीतिक सक्रियता को देखते हुए सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, समिति के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष भरत भाटी ने बताया कि सामाजिक और राजनीति के क्षेत्र में जितेंद्र सेन की लगन, निष्ठा व कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है।
- **मिस्टर** आयरन मेन ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप 14 को, 100 से ज्यादा बॉडीबिल्डर दिखाएंगे दम, स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह कुशवाह की स्मृति में होगी 37वीं चैंपियनशिप, 55 हजार रुपए के बंटेंगे नकद पुरस्कार, शहर के पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के खेल एरिना में 14 नवंबर शनिवार शाम 6 बजे से मिस्टर आयरन मेन ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।
- **संत सुंदरदास** सेवा संस्थान द्वारा गोवर्धन पूजा के अवसर पर खंडेलवाल वैश्य धर्मशाला में गोवर्धन पूजा, गौ पूजन, ठाकुर जी पूजन, दीप प्रज्वलन और 56 भोग का भव्य आयोजन किया गया। व्यक्तिगत आमंत्रण पर 262 परिवारों ने सपरिवार शामिल होकर दर्शन व पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

उज्जैन नगर निगम ने तीसरी बार पाया 3-10 लाख आबादी में स्वच्छता सर्वेक्षण लीग पुरस्कार

वेस्ट से बेस्ट के नवाचार से लगातार दूसरे साल मिला उज्जैन को पुरस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आयुक्त अभिलाष मिश्र बोले- वेस्ट से बेस्टा का नवाचार, रियूज, रिडयूज, रिसाईकल पर दिया ध्यान





स्वच्छता सर्वेक्षण लीग में 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में एक बार फिर से उज्जैन पहले पायदान पर रहा है। उज्जैन ने मध्यप्रदेश के 10 शहरों में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसका पुरस्कार नईदिल्ली में बुधवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के हाथो महापौर मुकेश टटवाल, अध्यक्ष कलावती यादव, आयुक्त अभिलाष मिश्र ने प्राप्त किया। बकौल आयुक्त मिश्र वेस्ट से बेस्ट के नवाचार ने हमें यहां पहुंचाया। रियूज, रिड्यूज, रिसाईकल को हमने अपनाया है।

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारी में लगा उज्जैन नगर पालिक निगम लगातार दूसरे वर्ष 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में मध्यप्रदेश में पहली पायदान पर रहा है। 2025 में भी उज्जैन ने यह अवॉर्ड जीता था। इससे पूर्व पहली बार 2019 में भी उज्जैन को पुरस्कार मिला था।

जमकर कवायद की तब जाकर मुकाम कायम रहा- उज्जैन ने 100 फीसदी कचरा कलेक्शन, सेग्रीगेशन की और कदम बढ़ाए, कचरे से बिजली उत्पादन और वेस्ट से बेस्ट जैसे नवाचार ने उज्जैन को इस श्रेणी में ला खड़ा किया है। उज्जैन नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने 100 फीसदी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की श्रृंखला को मजबूत करते हुए शहर के 54 वार्ड में 96 वाहनों के माध्यम से डोर टू डोर कचरा एकत्रिकरण की स्थिति है। यह कचरा सेग्रीगेशन के साथ सूखा, गीला, सेनेटरी एवं घरेलू हानिकारक जैसे स्थिति में घरों से लिया जा रहा है। इस पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है कि कचरा सेग्रीगेशन के साथ लिया जाए जिससे रियूज, रिड्यूज एवं रिसाईकल के प्रोसेस को अंजाम दिया जा सके। इसकी सतत निगरानी की जाती है। लीजेसी वेस्ट का 100 फीसदी रेमेडीएशन ट्रेंचिंग ग्राउंड में किया जा रहा है। इसके चलते मंदिरों से निकलने वाले निर्माल्य से अगरबत्ती, धूपबत्ती और गुलाल बनाई जा रही है। टीपीडी मेथेनेशन प्लांट में बल्क वेस्ट जनरेटर की मदद से बिजली का उत्पादन हो रहा है। धार्मिक शहर में शिप्रा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े जाने वाले वेस्ट कपड़ों से पैपर बैग, फाइल कवर बनाए जा रहे हैं।

नगर निगम मुख्यालय में मना जश्न

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 में उज्जैन शहर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होने के गौरवपूर्ण अवसर पर बुधवार शाम 4 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित परिषद हॉल में दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात नगर निगम मुख्यालय में इस उपलब्धि का उत्सव मनाया जाएगा तथा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। नगर निगम मुख्यालय शिवाजी भवन में जश्न मनाया गया। जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं सफाई मित्रों द्वारा ढोल की थाप पर थिरकते हुए स्वच्छता के इस जश्न को मनाया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा सफाई मित्रों को मिठाई खिलाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

अगला कदम वेस्ट से सीबीजी प्लांट का

वेस्ट से बेस्ट बनाने के तहत नवाचार में जूते-चप्पल, कोकोनट और जैविक अवशिष्ट से ईंधन बनाने के प्लांट लगाए जा रहे हैं। घट्टिया में सीबीजी प्लांट तैयार हो रहा है। यहां सीबीजी बनेगी। उद्योगों को यहां से सीबीजी सप्लाई की जाएगी।

बड़े शोरूम और ऑनलाइन कारोबार के बीच

छोटे दुकानदारों ने भी सजाई उम्मीदों की दुकान









दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्योहारों की रौनक केवल बड़े शोरूम और चमचमाते बाजारों तक सीमित नहीं है। शहर के छोटे व्यापारियों ने भी अपनी मेहनत, हुनर और सीमित संसाधनों के दम पर बाजारों में खुशियों के रंग बिखेर दिए हैं। कहीं छोटी-छोटी दुकानों पर रंग-बिरंगी झालरें और आकर्षक सजावटी सामान सजे हैं तो कहीं पूजन सामग्री, मिट्टी के दीपक, खिलौने, मिठाइयां, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और पारंपरिक सामान ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं।

- शहर के प्रमुख बाजारों के साथ ही गली-मोहल्लों और चौराहों पर भी छोटे व्यापारियों ने अपनी दुकानें और अस्थायी स्टॉल सजाए हैं। कई ऐसे दुकानदार हैं, जिनका पूरा साल त्योहारों के इस मौसम पर टिका रहता है। कोई परिवार सहित दुकान संभाल रहा है तो कोई फुटपाथ पर छोटी-सी जगह लेकर अपने सामान की बिक्री की उम्मीद लगाए बैठा है। इन दुकानदारों के लिए त्योहार केवल खरीदारी का अवसर नहीं, बल्कि परिवार की आर्थिक खुशियों और सालभर की मेहनत का फल पाने का समय भी है।
- बदलते दौर में बड़े शोरूम, ऑनलाइन शॉपिंग और ब्रांडेड उत्पादों के बीच छोटे व्यापारियों के सामने प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ी है। इसके बावजूद उन्होंने अपनी पहचान और पारंपरिक कारोबार को जीवित रखा है। उनकी दुकानों पर मिलने वाली वस्तुओं में स्थानीय हुनर, मेहनत और अपनापन भी दिखाई देता है। कई बार कम कीमत में जरूरत का सामान उपलब्ध कराने वाले यही छोटे व्यापारी आम लोगों के बजट का सहारा बनते हैं।
- त्योहार की असली रौनक तभी पूरी होती है, जब उसकी खुशियां समाज के हर वर्ग तक पहुंचें। ऐसे में बाजारों में खरीदारी करते समय छोटे दुकानदारों को भी प्राथमिकता देना जरूरी है। आपकी छोटी-सी खरीदारी किसी व्यापारी के घर में बड़ी खुशी ला सकती है। आखिर बाजार की रौनक केवल सजावट से नहीं, बल्कि उन मेहनतकश हाथों से बनती है, जो अपनी छोटी-सी दुकान में बड़े सपने सजाकर बैठे हैं।

मिस्टर आयरन मैन ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में थिरकेगी मांसपेशियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन जिला शरीर सौष्ठव संगठन के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन के मार्गदर्शन में आयरन जिम द्वारा स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह कुशवाह की स्मृति में 37 वीं सीनियर, सेकंड जूनियर, 6टी मेन फिजिक बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन 14 नवंबर शनिवार को पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के खेल एरिना में साय 6 बजे से किया जा रहा है। उक्त खेल आशय की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेंद्र सिंह कुशवाह एवं संदीप सिंह कुशवाह ने बताया कि उज्जैन जिले के बड़नगर, नागदा, महिदपुर, तराना, खाचरोद, ताजपुर, घटिया तहसील के बॉडीबिल्डर संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों का आकर्षक प्रदर्शन करेंगे। राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं बॉडी बिल्डिंग राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने बताया कि चैंपियनशिप में 55 हजार कैश प्राइज वितरित किए जाएंगे। चैंपियनशिप में 100 से भी अधिक बॉडीबिल्डर जिस्मानी ताकत का रूहानी प्रदर्शन करेंगे। स्पर्धा के ऑब्जर्वर अतिन तिवारी इंदौर एवं इंजीनियर गजेंद्र मेहता रहेंगे। स्पर्धा इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन के नियमों के अनुसार की जाएगी।

प्रकृति के प्रति आभार ज्ञापित किया और पशुधन की पूजन संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में दीपावली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया जाता है। इसी श्रृंखला मे विभिन्न मंदिरों, गोशालाओं, आश्रमों और ग्रामीण अंचलों मे परंपरागत गोवर्धन पूजा संपन्न हुई। कार्तिक शुक्ल पडवा पर पशुधन पूजन का धार्मिक विधान है। आज श्रद्धालुओं ने प्रकृति के प्रतीक गोवर्धन पर्वत की पूजा पूरे उत्साह व भक्ति के साथ की। आंगन मे प्रतीकस्वरूप गोबर से आकृति तैयार करके महिलाओं ने पूजन की और भगवान श्रीकृष्ण से सुरक्षा की मनोकामना की। किसानों ने गोधन यथा गाय, बैल व भैंस को आकर्षक ढंग से सजाकर उनकी पूजा की।

ग्रामीण अंचलों मे कृषि के साथ पशुपालन भी आर्थिक विकास की धुरी रही है। कार्तिक शुक्ल पडवां के दिन किसान व पशुपालक अपने पशुधन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं और उन्हे देवता मानकर पूजन करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण से प्राकृतिक आपदा, झंझावात, आंधी, तूफान से रक्षा करने की प्रार्थना की जाती है।

घर के बाहर फैली गंदगी की वजह से क्षेत्रीय लोगों का बुराहाल

ढाबा रोड क्षेत्र में नालियां चौक, गंदा पानी सड़कों पर आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दानीगेट क्षेत्र में नालियां चौक होने की वजह से गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है और ऐसे में ही लोग जीवन यापन करने को मजबूर है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से नलिया चौंक है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो गया है।

नालियों की नियमित सफाई नहीं होने की वजह से नालियों में बड़ी संख्या में कचरा जमा



हुआ है, लोगों के घर के बाहर गंदगी फैली हुई है तथा बदबू से लोगों का बुरा हाल है और ऐसे में ही लोग अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से लेकर क्षेत्रीय पार्षद को भी की है लेकिन अभी तक समस्या का निधन नहीं हुआ है।

क्षेत्रीय लोगों ने आगे बताया कि नालिया चौक होने की वजह से घर के बाहर गंदा पानी सड़क पर फैल गया। ऐसे में लोगों को प्रतिदिन इस गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। घर के बाहर सड़क पर भरे गंदे पानी में लोग निकलने को मजबूर है। यहां की सड़कों पर गंदगी फैली हुई है और ऐसे में ही लोग आना-जाना कर रहे हैं। घर के बाहर निकलते ही लोगों को सबसे पहले गंदगी का सामना करना पड़ता है।

सिंहस्थ की तैयारियों और दीपावली के पटाखों का दोहरा असर, बच्चों की सेहत को लेकर बढ़ी चिंता

विकास की धूल में घुट रही महाकाल नगरी की सांसें!

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी को सिंहस्थ 2028 के लिए सजाने-संवारने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कहीं सड़कें चौड़ी की जा रही हैं तो कहीं नए निर्माण हो रहे हैं। कहीं खुदाई चल रही है तो कहीं निर्माण सामग्री और मलबा सड़कों के किनारे जमा है। शहर का स्वरूप बदलने के इस अभियान के बीच एक बड़ा सवाल शहरवासियों की सेहत को लेकर खड़ा हो रहा है। आखिर विकास की इस दौड़ में उज्जैन की हवा इतनी प्रदूषित क्यों होती जा रही है?

दीपावली पर आतिशबाजी से निकले धुएं और प्रदूषक तत्वों ने वातावरण पर पहले ही दबाव बढ़ाया है। इसके साथ ही सिंहस्थ के लिए चल रहे निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। सड़कों पर दौड़ते वाहनों के साथ धूल के बारीक कण हवा में फैल रहे हैं। निर्माण स्थलों पर खुदाई, तोड़फोड़, मलबे का परिवहन और निर्माण सामग्री का खुले में पड़ा रहना इस समस्या को लगातार बढ़ा रहा है।



इसका असर अब लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में महसूस होने लगा है। खासकर बच्चों में गले में दर्द, सांस लेने में परेशानी और नाक में कालापन जैसी शिकायतें चिंता पैदा कर रही हैं। नाक में जमा कालापन वातावरण में धूल और धुएं के संपर्क की ओर संकेत कर सकता है। हालांकि इन शिकायतों के वास्तविक कारणों की चिकित्सकीय जांच और वायु गुणवत्ता के आंकड़ों से पुष्टि जरूरी है। बच्चों के फेफड़े और श्वसन तंत्र प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए इस स्थिति को सामान्य मौसमी परेशानी समझकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब शहर में इतने बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहे हैं तो धूल नियंत्रण की व्यवस्था कहां है? निर्माण स्थलों पर नियमित पानी का छिड़काव, निर्माण सामग्री को ढककर रखना, मलबे का सुरक्षित परिवहन, सड़कों की नियमित सफाई और निर्माण क्षेत्रों की बैरिकेडिंग जैसे उपाय अनिवार्य होने चाहिए। लेकिन यदि इन व्यवस्थाओं की निगरानी केवल कागजों तक सीमित रहेगी तो उसका खामियाजा आम नागरिकों को ही भुगतना पड़ेगा।

प्रशासन और नगर निगम को यह समझना होगा कि निर्माण कार्यों की समयसीमा पूरी करना ही एकमात्र उपलब्धि नहीं हो सकती। निर्माण के दौरान पर्यावरणीय मानकों का पालन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता की नियमित निगरानी कर वास्तविक स्थिति सार्वजनिक करनी चाहिए। जहां प्रदूषण का स्तर अधिक है, वहां तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए।

- सिंहस्थ 2028 उज्जैन के लिए गौरव और अवसर का आयोजन है। इसके माध्यम से शहर को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। लेकिन इस आयोजन की तैयारी में स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से पहले शहर की सड़कें, यातायात, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी स्वच्छ हवा का इंतजाम करना भी है।
- एक तरफ शहर को सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, दूसरी तरफ उन्हीं निर्माण कार्यों से उड़ती धूल नागरिकों के लिए परेशानी बन जाए तो विकास की अवधारणा पर सवाल उठना स्वाभाविक है। विकास का अर्थ केवल सीमेंट, कंक्रीट, चौड़ी सड़कें और चमचमाती इमारतें नहीं है। विकास का वास्तविक पैमाना नागरिकों का बेहतर जीवन, स्वस्थ वातावरण और सुरक्षित भविष्य भी है।

सवाल सीधा है... सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुंदर उज्जैन दिखाने की तैयारी है, लेकिन क्या उज्जैन के अपने बच्चों को भी स्वच्छ हवा में सांस लेने का अधिकार नहीं है? महाकाल की नगरी को सजाइए, संवारिए, विकास कीजिए, लेकिन इतना ध्यान जरूर रखिए कि इस विकास की धूल में शहर की आने वाली पीढ़ी का दम न घुटे। सिंहस्थ की तैयारी ऐसी हो, जिसमें शहर की सड़कें ही नहीं, शहर की सांसें भी स्वच्छ हों!

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 12 नवंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

नशे में धुत ऑटो ड्रायवर ने वाहन को मारी टक्कर, लोगों ने पकड़ा

इंदौर। इंदौर के रसोमा चौराहे पर शराब के नशे में धुत एक ऑटो चालक ने दूसरे वाहन को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन यातायात पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, चेकिंग के दौरान टीम को ऑटो चालक सुरेंद्र के वाहन को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। उसे ऑटो से नीचे उतारा गया तो वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। इसके बाद उसे विजयनगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। एक अन्य कार्रवाई में मंगलवार शाम करीब 7 बजे चोइथराम चौराहे पर यातायात पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली बुलेट को पकड़ा।

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने की गौ-माता की महाआरती

इंदौर। दीपावली पर्व की पावन श्रृंखला में मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिले में गोवर्धन पूजा एवं गो-संवर्धन दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देवास की जिला जेल स्थित गौशाला में आयोजित मुख्य गौ-पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट शामिल हुए। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से गोवर्धन भगवान एवं गौ-माता की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सुसज्जित गौ-माता को रोली-चंदन का तिलक लगाया, पुष्पमाला अर्पित की तथा आरती उतारकर गौ-ग्रास व भोग समर्पित किया। इस अवसर पर संपूर्ण परिसर 'जय गौ-माता' और 'गोवर्धन महाराज की जय' के उद्घोष से गुंजायमान रहा।

आमजन की समस्याएं सुनकर निराकरण के दिए निर्देश

इंदौर। प्रत्येक मंगलवार की तरह इस मंगलवार को भी कलेक्टर कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिले के नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने आवेदकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से प्लॉट एवं संपत्ति विवाद, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता तथा रोजगार से संबंधित प्रकरण सामने आए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

त्योहार के बाद अब वापस लौटने की परेशानी



इंदौर। त्योहारों के बाद अब काम के लिए दूसरे शहरों की ओर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ का असर ट्रेन और फ्लाइट दोनों पर दिखाई देने लगा है। इंदौर से ज्यादातर रूट की ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है, वहीं फ्लाइट से सफर करने वालों को भी महंगे किराए का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाइट में हाई फेयर है। स्थिति यह है कि जिन यात्रियों को ट्रेन में सीट नहीं मिल रही है, उनके लिए हवाई सफर भी सस्ता विकल्प नहीं रह गया है। दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे प्रमुख रूट पर फ्लाइट में हाई फेयर है। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार 9 नवंबर सोमवार को ज्यादातर रूट पर यही स्थिति रही। दीपावली बाद लौटने वाले यात्रियों को डेढ़ से दो गुना तक फ्लाइट फेयर लगा है। ट्रेनों में काफी लंबी वेटिंग रही। 10 नवंबर को फ्लाइट का किराया 7 हजार से 12 हजार रुपए तक दिखाई दिया। सबसे ज्यादा दबाव कोलकाता और बेंगलुरु रूट पर है। कोलकाता के लिए 10,495 से 12 हजार रुपए तक है। बेंगलुरु के लिए भी किराया 9 हजार रुपए, दिल्ली के लिए करीब 7,200 रुपए, मुंबई के लिए करीब 6,900 रुपए और पुणे के लिए करीब 6,400 रुपए फ्लाइट फेयर आ रहा है।

नैनो न्यूज

- **शाजापुर:** पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर एक वकील से 4.69 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें छह बार में खाते से राशि निकाली गई।
- **देवास:** देवास में एक धार्मिक स्थल (दरगाह/मस्जिद) पर तोड़फोड़ और आगजनी का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभिषेक नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है।
- **देवास:** देवास में संदिग्ध परिस्थितियों में 13 लोगों की मौत के मामले में जहरीली शराब का शक जताया गया है, जिसकी जांच के लिए विशेष दल गठित किया गया है
- **आगर मालवा:** 'वोट चोरी रैली' से गायब रहने के चलते युवा कांग्रेस आगर-मालवा के जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह चौहान को सस्पेंड कर दिया गया है।
- **रतलाम:** दीपावली और त्योहारों की आतिशबाजी के बाद रतलाम में वायु प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ गया है। मध्य प्रदेश में उज्जैन के बाद रतलाम प्रदूषण के मामले में राज्य में शीर्ष दसवें स्थान पर पहुंच गया है, जहां आधी रात को एयर क्वालिटी काफी खराब दर्ज की गई।
- **मंदसौर:** मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में पिछले 3 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी तस्कर दिलशाद को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

महाकाल में दिल्ली के श्रद्धालुओं से मारपीट... उन्हीं पर एफआईआर

पहले भी श्रद्धालुओं के साथ विवाद होते रहे हैं और बाद में उन्हीं को दोषी ठहराकर एफआईआर दर्ज करा दी जाती है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर की भस्म आरती में शामिल होने दिल्ली से आए चार श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के सुरक्षा कर्मियों ने मारपीट की है। इतना ही नहीं, मंदिर समिति की कोर सिक्योरिटी कंपनी ने उन्हीं श्रद्धालुओं के खिलाफ महाकाल थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। घटना मंगलवार सुबह की है। बैरिकेड खुलने के बाद अचानक व्यवस्था बिगड़ गई थी।

महाकाल मंदिर में सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच विवाद का सिलसिला थम नहीं रहा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के साथ सुरक्षाकर्मियों की अभद्रता का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि मंगलवार तड़के दिल्ली से आए श्रद्धालुओं और मंदिर के सुरक्षाकर्मियों के बीच मारपीट का मामला सामने आ गया। घटना में मंदिर समिति की कोर सिक्योरिटी कंपनी के एएसओ पवन शर्मा ने महाकाल थाने में आवेदन देकर दिल्ली के चार श्रद्धालुओं के खिलाफ मंगलवार देर शाम मामला दर्ज कराया है।

मंदिर समिति की कोर सिक्योरिटी कंपनी के एएसओ पवन शर्मा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार तड़के भस्म आरती के दौरान चलित दर्शन की लाइन को त्रिवेणी द्वार के अंदर व्यवस्थित किया गया था। इसी दौरान फूल-प्रसाद विक्रेताओं ने अन्नक्षेत्र के सामने लगा बैरिकेड खोल दिया, जिससे व्यवस्था बिगड़ने लगी। बैरिकेड को दोबारा उठाकर बंद किया जा रहा था, तभी कुछ दर्शनार्थी निर्धारित लाइन तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और उनके साथ आए कुछ अन्य लोग बाहर रह गए।

श्रद्धालुओं को लाइन में आने की समझाइश देने के दौरान विवाद हुआ। इसके बाद मंदिर समिति के सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली के जतिन गोयल, अनुज गोयल, अमर गोयल और सत्यम पर मारपीट का आरोप लगाते हुए महाकाल थाने में मामला दर्ज कराया।

भाजपा पार्षद बोले-गार्ड मंदिर की छवि खराब कर रहे

घटना की जानकारी मिलने के बाद भाजपा पार्षद शिवेंद्र तिवारी ने मंदिर की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर में आए दिन श्रद्धालुओं के साथ मारपीट और विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं। सुरक्षा गार्डों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे किसी को कुछ नहीं समझते।

तिवारी ने कहा कि पिछले दो वर्षों से लगातार इस तरह की घटनाएं मंदिर परिसर में हो रही हैं, जिससे महाकाल मंदिर और उज्जैन की छवि खराब हो रही है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में कुछ दिन पहले अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज के साथ भी घटना हुई थी। पहले भी श्रद्धालुओं के साथ विवाद होते रहे हैं और बाद में उन्हीं को दोषी ठहराकर एफआईआर दर्ज करा दी जाती है।

संज्ञान लेने और अर्धसैनिक बल तैनात करने की मांग

शिवेंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से घटनाओं पर संज्ञान लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि मंदिर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती होनी चाहिए। ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को लेकर कई शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि महाकाल मंदिर किसी व्यक्ति, संस्था, संगठन या शासन-प्रशासन का नहीं, बल्कि भगवान महाकाल के भक्तों का है। श्रद्धालुओं का सम्मान और सुलभ दर्शन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। मंदिर समिति की ओर से सुरक्षाकर्मियों के आवेदन पर केस दर्ज कराया गया है। हालांकि, घटना का वास्तविक कारण मंदिर के सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट होगा। शिकायत में बैरिकेड गिरने और व्यवस्था बिगड़ने के बाद विवाद होने की बात कही गई है। बैरिकेड संभालने की जिम्मेदारी भी मंदिर के सुरक्षाकर्मियों की थी। ऐसे में समय रहते व्यवस्था क्यों नहीं संभाली गई, यह भी जांच का विषय है। पुलिस ने मंदिर समिति से घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज मांगे हैं। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

दिवाली के पटाखों का धुआं, गिरता तापमान और ट्रैफिक बढ़ा रहे प्रदूषण

तीसरे दिन भी एक्यूआई 300 पार, सांस के मरीज 50% बढ़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में दीपावली के पटाखों से फैले प्रदूषण का असर तीन दिन बाद भी बना हुआ है। मंगलवार को लगातार तीसरे दिन शहर का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 के पार दर्ज किया गया। सोमवार के 288 के मुकाबले इसमें करीब 6% की बढ़ोतरी हुई। पटाखों के धुएं के अलावा तापमान में गिरावट, हवा की कम गति और छुट्टियां खत्म होने के बाद सड़कों पर बढ़ा ट्रैफिक भी प्रदूषण की वजह बन रहा है।

खराब हवा का असर लोगों की सेहत पर भी दिख रहा है। सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ क्लिनिकों में सांस संबंधी शिकायतों वाले मरीज करीब 50% तक बढ़े हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. दिलीप वाघेला के अनुसार, पटाखों के कारण हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों का असर सामान्य तौर पर करीब 72 घंटे तक बना रह सकता है। फिलहाल मौसम की परिस्थितियां भी प्रदूषण कम होने से रोक रही हैं। हवा की रफ्तार महज 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटा है। रात का तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.6 डिग्री कम है। उन्होंने बताया कि इन्वर्जन और एयरोसोल प्रभाव के कारण धूल और धुएं की परत वातावरण में बनी हुई है। इससे प्रदूषक तत्व आसानी से फैल नहीं पा रहे हैं। प्रदूषण कम करने के लिए नगर निगम को सड़कों पर पानी का छिड़काव, नियमित सफाई और दूसरे जरूरी उपायों पर ध्यान देना होगा।

मेघदूत पार्क में एक्यूआई 343, छोटी ग्वालटोली में भी 300 पार

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ऑनलाइन आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार शाम 5 बजे इंदौर का औसत एक्यूआई करीब 306 दर्ज किया गया। पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर भी करीब 300 के आसपास बना हुआ था। मेघदूत पार्क और छोटी ग्वालटोली जैसे क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर अधिक रहा। दीपावली की रात 8 नवंबर को शहर का औसत अदक 221 दर्ज किया गया था।

सांस के नए मरीज भी पहुंचे

प्रदूषण बढ़ने के साथ श्वसन संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रवि डोसी के मुताबिक, अस्पतालों में अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और सीओपीडी के पुराने मरीजों के साथ ऐसे लोग भी इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जिन्हें पहले सांस संबंधी कोई परेशानी नहीं थी।

एमआर टीबी अस्पताल की रेस्पिरेटरी ओपीडी में मंगलवार को करीब 140 मरीज पहुंचे। इनमें लगभग 30% नए मरीज थे। अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संजय अवासिया के अनुसार, प्रदूषण बढ़ने से पहले से श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों की परेशानी भी बढ़ी है।

प्रदूषण के असर के कुछ गंभीर मामले भी सामने आए हैं। वल्लभ नगर निवासी 60 वर्षीय अस्थमा पीड़ित महिला को रविवार रात से तेज खांसी और सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालत बिगड़ने पर सुबह उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

इसी तरह क्लर्क कॉलोनी निवासी 56 वर्षीय व्यक्ति को तेज खांसी के साथ सीने में जकड़न की शिकायत हुई। मंगलवार को डॉक्टर ने शुरूआती लक्षणों के आधार पर उन्हें इनहेलर और अन्य दवाएं नियमित लेने की सलाह दी। विशेषज्ञों ने बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और अस्थमा, सीओपीडी व हृदय रोग से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। अगले कुछ दिनों तक सुबह जल्दी सैर, दौड़ने और खुले में व्यायाम करने से बचना चाहिए।

इंदौर मेट्रो का सफर अब होगा आसान... कतारों से मिलेगी मुक्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मेट्रो में सफर करने वाले यात्री अब स्मार्ट कार्ड से अपने टिकट बुक कर सकेंगे। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भोपाल एवं इंदौर मेट्रो के यात्रियों को नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की सुविधा 12 नवंबर से शुरू की जाएगी। इस सुविधा के तहत यात्री स्मार्ट कार्ड का उपयोग कर मेट्रो में यात्रा कर सकेंगे तथा प्रत्येक यात्रा पर 25 प्रतिशत की छूट का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। इस स्मार्ट कार्ड का प्रयोग देश की उन सभी मेट्रो में किया जा सकेगा, जहां एनसीएमसी की व्यवस्था लागू है। एनसीएमसी एक आधुनिक स्मार्ट कार्ड आधारित टिकटिंग सुविधा है, जिसके माध्यम से यात्रियों को बार-बार टिकट खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्री इसे मेट्रो स्टेशन के टिकट काउंटर से 50 रुपये के शुल्क में खरीद सकेंगे। इसके बाद यात्री सिर्फ कार्ड को रिचार्ज कर यात्रा का लाभ ले सकेंगे। इससे यात्रियों को मेट्रो के टिकट काउंटरों पर कतार में नहीं लगना होगा। इस कार्ड से यात्रा करने पर यात्रियों को सिंगल जर्नी यात्रा पर पहले से प्रदान की जा रही 25 प्रतिशत की छूट मिलती रहेगी।

कार्ड रिचार्ज के लिए उपलब्ध होंगे कई विकल्प

यूनिटी मॉल के पीछे खेत में हुआ आयोजन, 100 से 200 साल पुरानी परम्परा

भाईदूज पर उज्जैन में भिड़े पाड़ों के सात जोड़े....

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में भाईदूज पर बुधवार को पाड़ों की लड़ाई की वर्षों पुरानी परंपरा निभाई गई। यूनिटी मॉल के पीछे एक खेत में अस्थायी मैदान बनाकर सात जोड़ पाड़ों के मुकाबले कराए गए। इनकी भिड़ंत देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।



खास बात यह है कि कुछ परिवार इन मुकाबलों के लिए पाड़ों को एक-दो महीने नहीं, बल्कि सालभर तैयार करते हैं। उनकी खुराक, मालिश और कसरत का विशेष ध्यान रखा जाता है। आयोजक रोशन यादव ने बताया कि उनके परिवार में पूर्वजों के समय से पाड़ों की लड़ाई की परंपरा चली आ रही है। इसे 100 से 200 साल पुरानी परंपरा बताया जाता है। भाईदूज के अवसर पर हर साल इसका आयोजन किया जाता है।

उन्होंने बताया कि पाड़ों को मुकाबले के लिए तैयार करने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। उन्हें देसी घी और देसी अंडे खिलाए जाते हैं। इसके अलावा उन्हें तैराया जाता है और मैदान में घुमाया जाता है।

खली, चूरी और दूध देते हैं

सावन यादव ने बताया कि उनके परिवार में तीन-चार पीढ़ियों से इस परंपरा को देखते आ रहे हैं। पाड़ों की देखभाल सालभर की जाती है। उन्हें खली, चूरी, चापड़ और दूध दिया जाता है। सरसों के तेल से मालिश करने के साथ उनकी शारीरिक गतिविधियों का भी ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि पहले उज्जैन में कच्चा मसानिया, लालपुल और गड़कली रोड पर ऐसे आयोजन होते थे। मैदान खत्म होने के बाद अब अलग-अलग परिवार अपने खेतों में आयोजन करने लगे हैं।

पुराने पहलवानों की स्मृति में आयोजन

आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि यह परंपरा स्वर्गीय चुन्नी पहलवान, किशन पहलवान यादव, गन्नू भैया, राम भैया और बाबू पहलवान सहित परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्यों की स्मृति से भी जुड़ी है। उनके परिवारों के लोग इसे आगे बढ़ा रहे हैं। आयोजकों का दावा है कि पाड़ों की लड़ाई यादव समाज की पुरानी परंपरा का हिस्सा है।

21 से 27 नवंबर तक होगा अखिल भारतीय कालिदास समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकवि कालिदास की साहित्यिक विरासत को नए शोध और अकादमिक दृष्टिकोण से समझने के लिए देशभर के विद्वान उज्जैन में जुटेंगे। 21 से 27 नवंबर तक आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के चार सत्र होंगे।

इनमें 12 से अधिक राज्यों के प्राध्यापक, शोधकर्ता और साहित्यकार कालिदास के साहित्य, दर्शन, कला, सौंदर्यबोध और जीवन मूल्यों पर शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। खास बात यह है कि इस बार कालिदास की रचनाओं के प्रामाणिक पाठ और उनकी ऐतिहासिकता पर भी विशेष विमर्श होगा। मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय और कालिदास संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी अकादमिक गतिविधियों का प्रमुख हिस्सा होगी। इसमें कालिदास साहित्य का अध्ययन केवल साहित्य तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाजविज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, वास्तुकला, पुरातत्व, पर्यावरण और इतिहास के संदर्भ में भी किया जाएगा। विश्वविद्यालय की कालिदास समिति के सचिव एवं कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार शोध संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों के विद्वान शामिल होंगे। संगोष्ठी के पहले तीन सत्र 22 से 24 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से होंगे।

दिलजीत दोसांझ के सामने नतमस्तक इंदौर नगर निगम

पिछले शो से 1 करोड़ 5 लाख रुपए कम लिया टैक्स

14 शहरों में 221 करोड़ की टिकट बिक्री, इंदौर में पहुंचे थे 24,622 दर्शक

कॉन्सर्ट को धमकी भरे ईमेल, पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

सारेगामा की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, दिलजीत दोसांझ के इस टूर के कार्यक्रम देश के 14 शहरों में आयोजित किए गए थे। इन्हें 3 लाख 20 हजार से ज्यादा दर्शकों ने देखा। कंपनी ने टिकट बिक्री से कुल 221 करोड़ रुपये की कमाई होने की जानकारी दी है। रिपोर्ट में शहरों के हिसाब से टिकट बिक्री का अलग-अलग ब्योरा नहीं दिया गया है, लेकिन दर्शकों की संख्या बताई गई है। इसके मुताबिक, दिल्ली में सबसे ज्यादा 60,790 दर्शक पहुंचे थे, जबकि इंदौर में 24,622 दर्शकों ने शो देखा था।

यदि गणना के लिए कुल 3.20 लाख दर्शकों को आधार मानकर टिकट बिक्री की औसत कीमत निकाली जाए तो यह करीब 6,906 रुपये प्रति दर्शक बैठती है। इसी औसत के आधार पर इंदौर के 24,622 दर्शकों की टिकट बिक्री करीब 17 करोड़ रुपये आंकी जा सकती है। यह वास्तविक बिक्री का आंकड़ा नहीं, बल्कि उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर निकाला गया अनुमान है।

दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट को लेकर सुरक्षा का मुद्दा भी चर्चा में है। आयोजन से पहले दिलजीत के शो को लेकर धमकी भरे ईमेल मिलने की जानकारी सामने आई है। हाल ही में इंदौर में महापौर कार्यालय, दिलजीत के कॉन्सर्ट और तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं।

अनुमान के मुताबिक 1.70 करोड़ रुपए बनता था मनोरंजन टैक्स

नगर निगम के नियमों के अनुसार, मनोरंजन कार्यक्रमों पर 10 प्रतिशत टैक्स लिया जाता है। इस हिसाब से इंदौर में अनुमानित 17 करोड़ रुपये की टिकट बिक्री पर करीब 1.70 करोड़ रुपये टैक्स बनता है। वहीं, नगर निगम ने पुराने आयोजन के लिए 65 लाख रुपये टैक्स मिलने के बाद एनओसी जारी की थी। दोनों आंकड़ों की तुलना करने पर करीब 1.05 करोड़ रुपये का अंतर सामने आता है। हालांकि, वास्तविक टैक्स देनदारी तय करने के लिए इंदौर में हुई टिकट बिक्री, टैक्स की गणना के आधार और आयोजकों के रिकॉर्ड की जांच जरूरी है। कॉन्सर्ट में गानों को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। चंडीगढ़ के डॉ. पंडितराव धरेनवर की शिकायत पर महिला एवं बाल विकास विभाग के डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रम में ऐसे गाने न बजाए जाएं, जिनका बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

टूर से 276 करोड़ रुपये का सीधा राजस्व मिलने का दावा

सारेगामा की रिपोर्ट में टूर से हुई कुल कमाई का ब्योरा भी दिया गया है। इसके मुताबिक, टिकट बिक्री से 221 करोड़ रुपये, फूड एंड बेवरेज की बिक्री से 22 करोड़ रुपये और स्पॉन्सरशिप से 33 करोड़ रुपये की कमाई हुई। इस तरह कंपनी ने कुल 276 करोड़ रुपये का सीधा राजस्व बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन आयोजनों से सरकार को जीएसटी के रूप में 111 करोड़ रुपये और स्थानीय निकायों को करीब ढाई करोड़ रुपये की आय हुई। इंदौर नगर निगम के अपर आयुक्त आईएएस आकाश सिंह ने बताया कि 15 नवंबर को होने वाले कॉन्सर्ट को अभी आयोजन की मंजूरी नहीं दी गई है। आयोजकों से मनोरंजन टैक्स जमा करने के लिए कहा गया है। वे 13 नवंबर तक बिके हुए टिकटों की जानकारी देंगे। इसके आधार पर टैक्स की गणना की जाएगी। निर्धारित राशि जमा होने के बाद एनओसी जारी की जाएगी।

17.81 करोड़ से बनेगा भव्य परिसर

सिंहस्थ से पहले बदलेगा मां गढ़कालिका मंदिर का स्वरूप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकवि कालिदास की आराध्य देवी मां गढ़कालिका के दरबार में अब श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए धूप और बारिश में कतारों में खड़े नहीं रहना पड़ेगा। सिंहस्थ-2028 से पहले मंदिर परिसर का पूरा स्वरूप बदलने की तैयारी है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17.81 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। अब असली चुनौती निर्धारित समय में निर्माण पूरा करने की है। परियोजना का अनुबंध 18 महीने का है, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने सिंहस्थ की तैयारियों को देखते हुए 14 महीने में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यानी निर्माण एजेंसी को चार महीने पहले काम समाप्त करना होगा।

मालूम हो कि मंदिर परिसर की भविष्य की जरूरतों और सिंहस्थ के दौरान संभावित श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पहले स्वीकृत 13.14 करोड़ रुपये का टेंडर निरस्त कर उज्जैन विकास प्राधिकरण ने संशोधित योजना तैयार की थी। इसकी लागत बढ़ाकर 17.81 करोड़ रुपये की गई है। इसमें 13.51 करोड़ रुपये सिविल वर्क, 1.38 करोड़ रुपये इलेक्ट्रिकल कार्य, 89.40 लाख रुपये सुपरविजन चार्ज मुख्य रूप से शामिल है। 7150.75 वर्गमीटर यानी करीब 1.70 एकड़ में फैले मंदिर परिसर को मास्टर प्लान के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा बदलाव श्रद्धालुओं की आवाजाही और भीड़ प्रबंधन को लेकर होगा।

3.58 करोड़ रुपये से 2215 वर्गमीटर का कवर्ड प्रतीक्षा हाल और व्यवस्थित कॉरिडोर बनाया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन कर सकेंगे।

न्यूज कालम



गौमाता के गोबर से रची गई कान्हा की छवि,गौशाला में दिखा आस्था का अनूठा रंग

सनावद। गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम ढकलगांव की श्रीकृष्ण गौशाला में इस बार उत्सव का अंदाज कुछ अलग नजर आया। यहां गौमाता के गोबर से भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा तैयार कर पर्व को विशेष स्वरूप दिया गया। गोबर से बनी कान्हा की मनमोहक छवि ने सभी का ध्यान खींचा और गौमाता के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को भी दशार्या। गौशाला परिसर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न हुई। गौमाता का तिलक लगाकर पूजन किया गया और उन्हें गुड़ व हरा चारा खिलाया गया। श्रद्धालुओं ने गौमाता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।आयोजन में गोबर से श्रीकृष्ण की प्रतिमा बनाने की पहल ने एक विशेष संदेश दिया कि गौमाता केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। भगवान श्रीकृष्ण का गौप्रेम और गौसेवा का आदर्श आज भी समाज को प्रकृति, जीवों के प्रति करुणा और संरक्षण की प्रेरणा देता है।

सनावद पुलिस की गौवंश तस्करी पर कार्रवाई, महाराष्ट्र ले जाए जा रहे तीन गौवंश मुक्त

7.15 लाख रुपए का मशरूका जब्त, 23 वर्षीय युवक गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद



गौवंश की अवैध तस्करी के खिलाफ सनावद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र ले जाए जा रहे तीन गौवंशों को मुक्त कराया है। पुलिस ने मौके से टाटा इंट्रा लोडिंग वाहन जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त वाहन और गौवंश की कुल कीमत करीब 7 लाख 15 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार 10 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर की ओर से खंडवा होते हुए महाराष्ट्र जा रहे टाटा इंट्रा लोडिंग वाहनमें गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बासवा बायपास पर घेराबंदी की।

कुछ देर बाद संदिग्ध वाहन आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसमें तीन गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे मिले। परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगने पर चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने महाराष्ट्र के जालना जिले के टेम्बुर्णी थाना क्षेत्र के डावरगांव देवी निवासी 23 वर्षीय अंकुश चौहान को गिरफ्तार किया है। जांच में आरोपी के विरुद्ध इसी वर्ष सनावद थाने में गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पूर्व में भी प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। पुलिस ने तीनों गौवंशों को मुक्त कराते हुए 6 लाख रुपए कीमत का टाटा इंट्रा वाहन और करीब 1 लाख 15 हजार रुपए कीमत के गौवंश सहित कुल 7.15 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 5, 9 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(घ) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

इनकी रही भूमिकाः कार्रवाई एसडीओपी बड़वाह मुकेश इजारदार रावत के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सनावद उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में की गई। टीम में सउनि आबिद शेख, प्रधान आरक्षक रामदास रावत, रविन्द्र चौहान, राजेंद्र चौहान, आरक्षक कृष्णा, राजीव सहित थाना सनावद का पुलिस बल शामिल रहा। नोट में पूर्व प्रकरण के आरोपी का नाम अंकुश चौहान बताया गया है, जबकि घटना विवरण में एक जगह करण पिता अंकुश चौहान लिखा है। प्रकाशन से पहले पुलिस से आरोपी का सही नाम सुनिश्चित कर लें।

गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर 12 नवंबर को प्रभात फेरी निकलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाशोत्सव को लेकर सिख समाज में उत्साह है। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से 12 से 20 नवंबर तक नौ दिवसीय प्रभात फेरियां निकाली जाएंगी। प्रतिदिन सुबह 5 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरुनानक पुरा से प्रभात फेरी शुरू होगी। हर दिन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर संगत को गुरु वाणी और भक्ति से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

प्रभात फेरियों का सिलसिला 12 नवंबर को आनंद नगर से शुरू होगा। इसके बाद 13 नवंबर को एलआईजी कॉलोनी, 14 को पदम नगर, 15 को सेंट्रल मोटर्स क्षेत्र, 16 को गुरुनानक पुरा, 17 को देवतलाई, 18 को कुंडलेश्वर वार्ड, 19 को पंजाब कॉलोनी और 20 नवंबर को आनंद नगर स्थित गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली जाएगी।

प्रकाशोत्सव के मुख्य आयोजनों के तहत 21 नवंबर को दोपहर 3 बजे से नगर कीर्तन निकाला जाएगा। इसमें शामिल होने वाले पुरुषों से सफेद वस्त्र और बसंती दस्तार तथा महिलाओं से सफेद सूट और बसंती दुपट्टा पहनकर आने की अपील की गई है। वहीं 22 नवंबर को शाम 6 से रात 9.30 बजे तक बाल दरबार होगा। समापन के बाद गुरु का लंगर आयोजित किया जाएगा।

श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार कमलजीत सिंह सलूजा एवं सचिव सरदार दलजीत सिंह सवन्नी ने संगत से प्रभात फेरियों में समय पर पहुंचने और सभी धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करने की अपील की है। यह जानकारी सभा के प्रवक्ता मिंटू कुकरेजा एवं दलजीत सिंह खनूजा ने दी।

गोवर्धन पूजा पर हुई बैलों की अनूठी दौड़, किया श्रृंगार



खरगोन। ग्राम जामली गोवर्धन पूजा के अवसर पर वर्षों पुरानी ग्रामीण परंपरा और उत्साह का अनूठा नजारा देखने को मिला। ग्रामीणों ने अपने बैलों को रंग.बिरंगे गुब्बारों, फूलों, आकर्षक आभूषणों और पारंपरिक सजावट से सजाया। महिलाओं ने आंगन में गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर पूजन किया। इस अवसर पर बैलों का विशेष श्रृंगार कर उन्हें दौड़ाया गया। इस आयोजन को देखने के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। गांव की गलियों में सजे.धजे बैलों की दौड़ ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ग्राम की शीतल चौहान ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से ग्राम में ग्रामीण संस्कृति, आपसी भाईचारे और लोक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली।

गोपालन से घट रहा किसानों का जुड़ाव, सरकार बढ़ाएगी रुझान - सांसद पाटिल

भाजपा किसान मोर्चा ने प्रतापपुरा गोशाला में किया गोवर्धन पूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अपील पर भाजपा किसान मोर्चा ने मंगलवार को प्रतापपुरा स्थित गोशाला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने गोपालकों का सम्मान किया।

उन्होंने कहा कि सदियों से गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है, लेकिन किसानों का रुझान गोपालन से लगातार कम हो रहा है। इस स्थिति को बदलने के लिए सरकार गोपालन को प्रोत्साहित कर रही है, ताकि पशुपालन किसानों की आय का मजबूत जरिया बन सके।

किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे ने कहा कि मध्यप्रदेश में पशुपालकों की बड़ी संख्या होने के बावजूद दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। गुजरात में महिला समूहों और सहकारी संस्थाओं ने गोपालन को आय का मजबूत माध्यम बनाया है। प्रदेश सरकार भी इसी तर्ज पर उन्नत नस्ल की गायों, नस्ल सुधार और सहकारी व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर सोमवार को खकनार और मंगलवार को प्रतापपुरा गोशाला में गोवर्धन पूजन किया गया। महापौर माधुरी पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, अनिल भोंसले, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप श्रॉफ, पूर्व निगम अध्यक्ष मनोज तारवाला, भाजपा जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, विपुल कानगो, अमोल भगत, भरत इंगले, राजेश महाजन, अमित नवलखे, विनोद पाटिल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमित वारुड़े, चंद्रेश भाले, आनंद पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, किसान मोर्चा के पदाधिकारी और गोपालक मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा छठ पूजा के लिए

दो जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों की विस्तारित सेवा और अतिरिक्त तीन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे नेछठ पूजा के दौरान बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड के लिए पांच जोड़ीफेस्टिव स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर अतिरिक्त यात्रा विकल्प प्रदान करने का निर्णय लिया है। दो जोड़ी ट्रेनों की विस्तारित सेवा में, ट्रेन अब अररिया तक चलेगी। एक अन्य जोड़ी, ट्रेन (रांची-अलीपुरद्वार जंक्शन-रांची) प्रत्येक दिशा में दो अतिरिक्त फेरों के लिए चलेगी। तीन अतिरिक्त जोड़ियों में ट्रेन और ट्रेन (कटिहार-मनिहारी कटिहार) तथा ट्रेन संख्या 03125/03126 (कोलकाता न्यू कोचबिहार-कोलकाता) शामिल हैं।

ट्रेन संख्या 07555(कटिहार अररिया) फेस्टिवल स्पेशल 11 से 30 नवंबर तक प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन कटिहार से 21.30 बजे रवाना होकर अररिया 23.30 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 07554 (अररिया कटिहार) 12 नवंबर से 1 दिसंबर तक प्रतिदिन चलेगी। यह ट्रेन अररिया से 15 बजे रवाना होकर कटिहार 2.15 बजेपहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में 8 कोच होंगे और प्रत्येक दिशा में 20 फेरों के लिए चलेगी।

ट्रेन संख्या 08661 (रांची अलीपुरद्वार जंक्शन) साप्ताहिक पूजा स्पेशल 16 और 23 नवंबर को रांची से दो अतिरिक्त फेरों के लिए चलेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 08622 (अलीपुरद्वार जंक्शन- रांची) 18 और 25 नवंबर को अलीपुरद्वार जंक्शन से रवाना होगी। दोनों सेवाएं अपने मौजूदा समय-सारणी, ठहराव और कोच संरचना के अनुसार संचालित होंगी।ट्रेन संख्या 07546 (कटिहार मनिहारी) फेस्टिव स्पेशलकी दैनिक सेवा९ नवंबर को शुरू हुई और यह 16 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन कटिहार से २३:१५ बजे रवाना होकर अगले दिन मनिहारी 15 बजे पहुंचती है। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 07545 (मनिहारी कटिहार) का परिचालन 10 नवंबर को शुरू हुआ और यह 17 नवंबर तक चलेगा। यह ट्रेन मनिहारी से 2 बजे रवाना होकर कटिहार 3 बजे पहुंचती है।

ग्राम रानीपुरा में बलवा के 6 आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर भेजा जेल



राजपुर/बड़ावनी। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी राजपुर श्री बी.एल. अटोदे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री माधवसिंह ठाकुर के नेतृत्व में थाना राजपुर एवं पुलिस चौकी भागसुर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रानीपुरा में घटित बलवा की घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय राजपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।उक्त कार्रवाई में निरीक्षक माधवसिंह ठाकुर, उप निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी भागसुर श्री आशिक खान, प्रधान आरक्षक 459 राकेश अण्डेलकर, प्रधान आरक्षक 315 कमल ब्राह्मणे, प्रधान आरक्षक 195 जितेन्द्र, आरक्षक 253 दीपक जमरा, आरक्षक 75 माखन एवं चालक आरक्षक 158 दुर्गेश की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। थाना राजपुर एवं पुलिस चौकी भागसुर द्वारा कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

11 नवंबर से शुरू हुआ विधायक कप फुटबॉल टूर्नामेंट, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

खंडवा। शहर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 से 18 नवंबर तक विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विधायक कंचन मुकेश तनवे के तत्वावधान में होने वाली यह प्रतियोगिता एसएन कॉलेज स्थित नीलकंठेश्वर ग्राउंड पर प्रतिदिन दोपहर 1 और 3 बजे आयोजित होगी। प्रतियोगिता में बालाघाट, बैतूल, जबलपुर, मंडला और खंडवा सहित मध्यप्रदेश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने शहरवासियों और खेल प्रेमियों से 11 नवंबर को दोपहर 1 बजे पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। आयोजन की तैयारियों को लेकर फुटबॉल संघ अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, पूर्व सचिव राहुल मेहता, यशदीप चौरे, सतनाम सिंह होरा, संजय परदेसी सहित फुटबॉल प्रेमी उपस्थित रहे।

करोली में जुआ खेलते 9 आरोपी गिरफ्तार, 1.63 लाख का मश्रुका जब्त



खंडवा। जुआ एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए मांधाता थाना और करोली चौकी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम करोली में राजपूत समाज मांगलिक भवन के पीछे जुआ खेल रहे 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 23 हजार 250 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और दो मोटरसाइकिलें जब्त कीं। जब्त मश्रुका की कुल कीमत 1 लाख 63 हजार 250 रुपए बताई गई है। कार्रवाई एसडीओपी मूंदी दिव्या झारिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अनोख सिंधिया एवं चौकी प्रभारी अखिलेश मंडलोई के नेतृत्व में की गई। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

एआईएमआईएम नेता बिलाल पेंटर की सदस्यता बहाल, पार्षद शाकिरा बिलाल पेंटर का इस्तीफा अस्वीकार

खंडवा। एआईएमआईएम में संगठनात्मक एकजुटता और आपसी समन्वय को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पार्टी नेता बिलाल पेंटर की सदस्यता बहाल कर दी गई है, वहीं पार्षद शाकिरा बिलाल पेंटर का इस्तीफा भी अस्वीकार कर दिया गया है।



इन फैसलों को प्रदेश नेतृत्व की सकारात्मक सोच और संगठन को साथ लेकर चलने की नीति के रूप में देखा जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में अनुशासन प्राधिकारी नफीस मंशा की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनकी पहल और संगठनात्मक स्तर पर किए गए प्रयासों से दोनों मामलों के सकारात्मक समाधान का रास्ता बना। प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए ऐसा निर्णय लिया, जिससे संगठन से जुड़े लोगों को साथ बनाए रखने का संदेश गया है। बिलाल पेंटर सदस्यता बहाल होने से अब वे फिर से पार्टी में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। वहीं, पार्षद शाकिरा बिलाल पेंटर का इस्तीफा भी पार्टी ने अस्वीकार कर दिया है अब वह संगठन से जुड़ी अपनी जिम्मेदारी पहले की तरह निभाती रहेंगी। प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान की दूरदर्शी सोच और नफीस मंशा के प्रयासों से निकले इस समाधान को संगठनात्मक परिपक्वता के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक संगठनों में मतभेद होना सामान्य बात है, लेकिन बातचीत और सकारात्मक निर्णय से रास्ता निकालना नेतृत्व की असली क्षमता मानी जाती है।



पार्श्वनाथ और आदिनाथ भगवान के शिखरों पर चढ़ाई नवीन धर्म ध्वजा

खंडवा। दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार 10 मई को प्रातः 8 बजे सराफा स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव के साथ मंदिर के द्वितीय तल पर श्री पार्श्वनाथ भगवान एवं श्री आदिनाथ भगवान के शिखरों पर नवीन धर्म ध्वजा चढ़ाई गई। पंडित निखलेश जैन के निर्देशन में विधि-विधान एवं धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।समाज के मीडिया प्रभारी सुनील जैन एवं प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि पार्श्वनाथ भगवान के शिखर पर नवीन धर्म ध्वजा फहराने का सौभाग्य श्रीमती राजकुमारी स्व. विनय चौधरी, श्रीमती स्वीटी सुधांशु चौधरी, श्रीमती ऋषिका रूपांशु चौधरी, देवांशी जैन, दर्शित जैन, देवांश जैन , रियांशी जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं आदिनाथ भगवान के शिखर पर धर्म ध्वजा फहराने का सौभाग्य श्रीमती विनोद उदय जैन (मुंबई) एवं श्रीमती रानी नितिन कमलचंद जैन परिवार को प्राप्त हुआ। ध्वजारोहण के पश्चात समाज के ट्रस्टियों द्वारा पुरानी धर्म ध्वजाएं ध्वजारोहण करने वाले परिवारों को सम्मानपूर्वक समर्पित की गईं।

जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं को लेकर सदभावना मंच ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को किया ट्वीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

स्थानीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर सद्भावना मंच के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को ई-मेल और ट्वीट के माध्यम से शिकायत भेजकर व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग की है।

सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि जिला चिकित्सालय में अनेक समस्याएं एवं अनियमितताएं हैं, जिनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की लिफ्ट आए दिन बंद हो जाती है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि खंडवा विधायक द्वारा भी लिफ्ट को तत्काल चालू करवाने की मांग की जा चुकी है। वहीं, खंडवा कलेक्टर ने भी संबंधित अधिकारियों को इस समस्या पर फटकार लगाते हुए लिफ्ट को निर्बाध रूप से चालू रखने के निर्देश दिए थे।

प्रमोद जैन ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं हो पाते, जिसके कारण परिजनों को मरीजों को स्वयं उठाकर ले जाना पड़ता है। इसके अलावा आवश्यक दवाइयां भी कई बार स्टॉक में उपलब्ध नहीं रहतीं, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने एक अन्य गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि बड़े-बड़े डॉक्टरों के केबिन के बाहर केवल उनके नाम लिखे मिलते हैं, जबकि ड्यूटी के दौरान नए डॉक्टर दिखाई देते हैं। इस व्यवस्था में भी पारदर्शिता और सुधार की आवश्यकता है।

15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर होंगे विविध आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पूरे देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश और बड़वानी जिले में भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इस आयोजन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी एवं जिला अध्यक्ष अजय यादव ने प्रेस वार्ता में कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ जनजाति समाज के लिए ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए आयोजित किया जा रहा है।

इस आयोजन में भगवान बिरसा मुंडा जी को याद करने के साथ-साथ क्षेत्र के उन महापुरुषों को भी याद किया जाएगा, जिनकी जयंती या पुण्यतिथि पूरे साल में आती है। पूरा आयोजन जनजाति अस्मिता, जनजाति पहचान, लोक कला-संस्कृति और समग्र विकास पर केंद्रित होगा।

आगे उन्होंने कहा कि अगर हम अपने महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास को युवा पीढ़ी के सामने ठीक से नहीं रख पाएंगे, तो यह इतिहास सिर्फ फाइलों और अखबारों तक



सीमित रह जाएगा। इसलिए भारतीय जनता पार्टी ने सतत प्रयास किया है कि जनजाति महापुरुषों के साथ-साथ देश के अन्य महापुरुषों को भी इतिहास के पन्नों पर उकेर कर समाज और देश के सामने लाया जाए।

मध्यप्रदेश में तीन स्थानों पर विशेष आयोजन होंगे। इनमें से एक आयोजन मालवा और निमाड़ की धरती पर, दूसरा जबलपुर में और तीसरा शहडोल में होगा, जिसे राज्यस्तरीय कार्यक्रम का नाम दिया गया है। इसके अलावा हर जिला मुख्यालय और विधानसभा स्तर पर भी राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस का आयोजन होगा।

स्थानीय स्तर पर जनजाति समाज के गौरव और अन्य समाज के गौरवों को भी मंचों के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा।

12 एवं 13 नवंबर अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में तैयारियों को लेकर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक विधानसभा के दो प्रमुख स्थानों पर - जनजाति महानायकों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रतिमाओं की संख्या दो से अधिक भी हो सकती है।

16 एवं 17 नवंबर जन जाति युवाओं और छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए जनजाति छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

18 से 20 नवंबर पूर्व-वर्तमान सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी जनजाति अंचलों में जनजाति गौरव चौपाल का आयोजन करेंगे।

बड़वानी जिले में भी दो-तीन स्थानों पर आयोजन होगा। इनमें से एक कार्यक्रम चाचरिया में और दूसरा कार्यक्रम निवाली में आयोजित किया जाएगा। निवाली के कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। इसके अलावा गांव-गांव और विकासखंड स्तर पर जनजाति गौरव चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

न्यूज -कॉलम

परिवार पर हमला करने वालों का नहीं मिला सुराग

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र के पारदी मोहल्ले में सोमवार रात गणेश इंगले के परिवार पर तीन से चार पारदी बदमाशों ने हमला कर दिया था। हमलावरो ने घर में घुसकर तोडफोड़ की थी और लोहे के पाइप से मारपीट करते हुए गणेश इंगले, पुत्र चेतन के साथ रजत सोनेरे, मुलायमसिंह और मनीष चौहान को घायल कर दिया था। पुलिस ने गणेश की शिकायत पर मामले में मारपीट और तोडफोड का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार हमला करने वाले इंग्लैंड परिवार के घर के सामने खडे थे चेतन ने उन्हें रास्ता से हटाने और बाइक निकालने के लिए कहा था इस दौरान उन्होंने हमला कर दिया था। बताया जा रहा है कि हमला करने वाले पारदी समुदाय के हैं, जो मोहल्ले में रहने वाले अपने रिश्तेदारों के यहां दीपावली के चलते आए हुए थे पुलिस उनके ठिकानों का पता लगाकर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। तीन आरोपियों के नाम सामने आए हैं जो सावन, मंगल, दिनेश बताए गए हैं दो अन्य भी हमले में शामिल थे जिनके नाम गिरफ्तारी के बाद सामने आ सकते हैं।

भाई से कहासुनी होने पर बहन ने खाया था जहरीला पदार्थ



उज्जैन। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेश्वरी में रहने वाली आशा पिता कमल भगवान 17 साल ने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया था बुधवार को परिजनों से पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आशा का अपने भाई से मोबाइल को लेकर झगडा हो गया था। दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आशा ने घर में रखा जहरीला कीटनाशक पी लिया था। पुलिस के अनुसार मामले में विवेचना की जा रही है परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की विवेचना की जाएगी।

लोडिंग वाहन ने मारी कार को टक्कर, टला हादसा

उज्जैन। नाकोडाधाम कालोनी में रहने वाले बसंतीलाल पिता कचरूलाल चौहान 47 साल परिवार के साथ परिचित के यहां क्षिप्रा विहार कालोनी पहुंचे थे। उन्होने ललित मालवीय के मकान के बाहर अपनी कार खडी की। उसी दौरान लोडिंग वाहन अचानक तेजगति से रिवर्स आया और कार को टक्कर मार दी। गनीमत रही कार से सभी लोग उतर चुके थे। जिसके चलते बडा हादसा टल गया। मामले में नागझिरी पुलिस ने बसंतीलाल चौहान की शिकायत पर लोडिंग चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। दो चार पहिया वाहन के बीच दुर्घटना का दूसरा मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के देवासरोड पर क्षिप्रा हीरो मोटर्स शोरूम के सामने हुआ। तेजगति से आये कार चालक ने प्रदीप कुमार पिता शंकरलाल लहाने निवासी डिवाइनसिटी की कार को टक्कर मार दी। कार क्षतिग्रस्त हो गई, उसमें सवार किसी भी व्यक्ति चोंट नहीं आई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

घर के सामने पटाखे फोड़ने पर 2 परिवार में हुआ विवाद

उज्जैन। बडनगर थाना क्षेत्र के रंगारसेरी में रात 11.30 बजे अंकित पिता जिनेन्द्र कुमार रावका और चंद्रशेखर पिता दिनेश भावसर के बीच घर के सामने पटाखे फोडने की बात पर विवाद हो गया। दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों का परिवार भी आमने-सामने आ गया। मामला मारपीट और गाली-गलौच के साथ जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया। दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने लगे। पुलिस ने दोनों पक्ष की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया और विवेचना में लिया। पटाखे जलाने पर विवाद का एक मामला नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरी में हुआ। अंकित पिता कैलाश प्रजापत ने पडोस में रहने वाले युवक को घर से सामने पटाखे जलाने से मना किया तो पडोसी ने परिवार के साथ मिलकर डंडे और थप्पड मुक्कों से मारपीट की। अंकित को बचाने पिता कैलाश, मां शकुबाई बहन शिवानी आये तो पडोसियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने अंकित की शिकायत पर 4 से 5 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

टोपी लगाकर आये युवक ने बुजुर्ग से की मारपीट

उज्जैन। मक्सीरोड केसरबाग कालोनी में रहने वाले भगवान पिता पर्वतसिंह परिहार 70 साल दोपहर में घर के बाहर खडे थे। उसी दौरान टोपी लगाकर आये बदमाश ने बेवजह थप्पड-मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मारपीट में चोंट लगने पर बुजुर्ग भगवान को परिजन पंवासा थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। मारपीट करने वाले युवक अज्ञात था, पुलिस क्षेत्र में लगे कैमरे देखकर उसकी पहचान के प्रयास कर रही है।

बागडिया टॉवर में लगी आग, 2 घंटे चला रेस्क्यू अभियान.....

प्रथम तल से उठी लपटे, 5 वीं मंजिल तक पहुंचा धुआ







दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कंठाल से निजातपुरा मार्ग के बीच बागडिया टॉवर में बुधवार शाम आग लग गई। प्रथम तल से उठी लपटों का धुआं पांचवी मंजिल तक पहुंच गया। पुलिस, प्रशासन, नगर निगम के साथ आसपास के रहवासी रेस्क्यू अभियान में लग गये। करीब 2 घंटे में 25 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

बागडिया टॉवर पांच मंजिला बना हुआ है। नीचे दुकाने है, ऊपर फ्लैट में लोग निवास करते है। टॉवर के ग्राउंड फ्लोर पर एमपी मेडिकल संचालित होता है। जिसका गोदाम प्रथम तल पर बना हुआ है। जिसमें दवाईयों के साथ स्पोर्ट्स का सामान रखा था। शाम को अचानक मेडिकल के गोदाम में आग लग गई, कुछ देर में आग की भीषण लपटे उठने लगी और धुआं पूरे बागडिया टॉवर की पांचवी मंजिल तक फैल गया। आगजनी की खबर फैलते ही कोतवाली थाना पुलिस के साथ आसपास के रहवासी राहत-बचाव के लिये पहुंच गये थे, लेकिन धुआं इतना अधिक था कि ऊपर फ्लैट में रहने वालों को परेशानी होने लगी। तत्काल फायर बिग्रेड, एसडीआरएफ टीम के साथ प्रशासन की टीम बागडिया टॉवर पहुंच गई। लोगों को बाहर निकालने के लिये क्रेन बुलाई गई, टॉवर की बिल्डिंग पर रस्सी की सीढियों को जाल बांधा गया और दूसरी, तीसरी मंजिल पर फंसे लोगों को बाहर निकालने का रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। लोगों में बच्चे, युवतियां, बुजुर्ग महिला शामिल थे। लोगों को बाहर निकालने के साथ आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू हो चुके थे, लेकिन धुआं अधिक होने से रेस्क्यू में लगी टीम के सदस्यों को काफी दिक्कतें आने लगी, बावजूद किसी ने हिम्मत नही हारी और करीब 2 से ढाई घंटे की मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। 60 वर्षीय सरोज पति रामबाबू शर्मा को धुएं की वजह से सांस लेने में परेशानी हो रही थी, उन्हे तत्काल उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया।

डरे-सहमें पाचवीं मंजिल की छत पर चढे

आग की उठती लपटें और बिल्डिंग में धुआं भरता देख फ्लैट में रहने वाले कई डरे-सहमें लोग पांचवी मंजिल की छत पर चढ गये थे। जिन्हे सुरक्षित निकालने के लिये बडी क्रेन बुलाई गई और उन्हे नीचे उतारा गया। दूसरी-तीसरी मंजिल पर रस्सी के झूले बांधे गये थे, जिसके माध्यम से कुछ महिलाओं और बच्चों को निकाला गया। आसपास के मुस्लिम युवकों ने रेस्क्यू में अपनी जान की परवाह किये बिना लोगों को बचाने का काम किया।

सांसद-विधायक, कलेक्टर-एसपी मौके पर

बागडिया टॉवर में लगी आग का पता चलते ही सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, एएसपी आलोक शर्मा, थाना प्रभारी दिनबंधुसिंह तोमर पहुंच गये थे। कलेक्टर-एसपी ने रेस्क्यू में लगी पुलिस, नगर-निगम और एसडीआरएफ टीम प्रशंसा की। सांसद में रेस्क्यू टीम में शामिल सभी सदस्यों को पुरुस्कृत करने की घोषणा की। कलेक्टर ने बताया कि आगजनी के मामले की जांच कराई जायेगी। विधायक ने कहा कि सभी सुरक्षित है, कोई जनहानि नहीं हुई है।

आग बुझाने के लिये बाल्टियों से डाला पानी

बिल्डिंग से धुआं उठता देख आसपास के लोगों सबसे पहले दौडे और उन्होने आग बुझाने के लिये बाल्टियों से पानी डालना शुरू किया, लेकिन आग काफी तेजी से फैल रही थी। कुछ देर में फायर बिग्रेड की फायटर और टैंकर पहुंचे। जिसके माध्यम से आग बुझाने का काम शुरू किया गया। फायटर कर्मियों को गोदाम के एक हिस्से पर लगई प्लायवुड की प्लाई तोडना पड़ी, उसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। बिल्डिंग में आग बुझाने के इंतजाम नहीं थे।



यात्री प्रतीक्षालय के पास ड्रग्स देने आया युवक गिरफ्तार

पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, 19 ग्राम हुई बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मादक पदार्थ ड्रग्स देने आए युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया उसके पास से लगभग 1 लाख 90 हजार कीमत की एमडी बरामद की गई है उसने बदनावर से लाना कबूल किया है।

इंगोरिया पुलिस कस्बा भ्रमण कर रही थी इस दौरान सूचना मिली कि ग्राम धुरेरी यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति किसी को मादक पदार्थ देने के लिए आया हुआ है। पुलिस टीम ने तत्काल यात्री प्रतीक्षालय के पास घेराबंदी की और एक संदेही व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली गई उसकी जेब से प्लास्टिक की थैली बरामद हुई जिसमें मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स रखी पाई गई। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति का नाम कैलाश पिता रमेश ग्राम बलेडी सामने आया उसे बरामद ड्रग्स 19 ग्राम कीमत 1 लाख 90 हजार रुपए की थी। उसने बताया कि वह बदनावर में एक व्यक्ति से लेकर आया था। एएसआई कनीराम डिंडोर ने बताया कि मामले में मादक पदार्थ तस्करी की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज किया गया है मामले में विवेचना जारी है एक टीम बदनावर ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले की तलाश में भेजी जाएगी।



तीन युवकों के पास मिला गांजा

मादक पदार्थ मामले में नानाखेडा, खाचरोद और भाटपचलाना थाना पुलिस द्वारा भी कार्रवाई की गई है। नानाखेडा पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से मोनू उर्फ कुशल निवासी पटेल नगर से 1 किलो किलो 286 ग्राम गांजा बरामद किया। खाचरोद पुलिस ने रेलवे पुलिया के पास से मंगल सोलंकी को गिरफ्तार कर 752 ग्राम और भाटपचलाना पुलिस ने राकेश सोलंकी को हिरासत में लेकर 549 ग्राम गांजा बरामद किया है। तीनों से पूछताछ की जा रही है और गांजा लाने के स्रोत पता किया जा रहे हैं।

दो आरोपियों को भेजा जेल

राघवी पुलिस ने दीपावली की शाम ग्राम झांगरा से दो युवको समीर खान और मोइन खान निवासी नयापुरा उज्जैन को एमडी ड्रग्स साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई और आगर जिले में दबिश दी गई। लेकिन ड्रग्स देने वाले का पता नहीं चल पाया दोनों युवको को बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

साधु का भेष धारण कर छुपा था इनामी तस्कर

उज्जैन। मादक पदार्थ के अवैध मामलों में शामिल फरार आरोपियों की धरपकड के लिये आपरेशन प्रहार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें 2 फरार इनामी आरोपियों को पकडा गया है। एक साधु का भेष धारण कर आश्रमों में छिपता फिर रहा था।

एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा मादक पदार्थ मामलों में जमानत मिलने के बाद न्यायालय पेश से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड के लिये अभियान शुरू किया है। करीब 50 से अधिक फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया है। धरपकड की कमान क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई है। बुधवार को 10-10 हजार के फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी सागर पिता राधेश्याम खालोटिया 22 साल निवासी शास्त्रीनगर नीलगंगा और नागझिरी थाना पुलिस के प्रकरण में वर्ष 2021 से फरार था। वह फरारी के दौरान साधु का भेष धारण कर चुका था और उन्हेल/ओंकारेश्वर के आश्रमों में छिपकर पुलिस से बचने का प्रयास कर ठिकाने बदल रहा था। लेकिन क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दूसरा आरोपी शाहनवाज उर्फ सोनू पिता फिरोज निलगर 32 साल निवासी प्रतापगढ़ राजस्थान नानाखेडा थाना पुलिस के प्रकरण में पिछले 10 सालों से फरार था। क्राइम टीम ने उसे उदयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। दोनों पर इनाम घोषित था।

चोरी की केबल जलाते 2 युवकों को किसान ने पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खेत पर पहुंचे किसान को पानी की मोटर में लगी 500 फीट केबल गायब दिखाई दी। उसने आसपास तलाश शुरू की, कुछ दूरी पर 2 युवक केबल जलाकर उसमें लगा तांबा (कॉपर) निकालते दिखाई दिये। किसान ने गांव वालों की मदद से दोनों को पकड लिया।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बाडकुम्मेद में रहने वाला किसान देवकरण पाटीदार बुधवार सुबह खेत पर पहुंचा था, उसे पानी के लिये लगाये ट्युबवेल मोटर की केबल गायब दिखाई दी। अज्ञात बदमाश केबल काटकर चोरी कर ले गये थे। 500 फीट की केबल चोरी होने पर किसान ने आसपास तलाश करना शुरू किया, उसी दौरान ताजपुर मार्ग छोटी तलैया के पास 2 युवक दिखाई दिये, जो केबल जलाकर उसमें लगा कॉपर निकालने का प्रयास कर रहे थे। किसान ने गांव वालों की मदद से दोनों को पकडने का प्रयास किया लेकिन दोनों जलती हुई केबल छो?कर भागने लगे, गांववालों ने घेराबंदी की और दोनों को पकड लिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि चोरी करने वाले शकील पिता अब्बास शाह और शाहरूख पिता फरियाद शाह उज्जैन की यादव कालोनी के रहने वाले है। दोनों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। बरामद की गई केबल 50 हजार रूपये कीमत की है। दोनों को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।



पिता बना पुत्र की जान का दुश्मन

उज्जैन। शराबी पिता पुत्र की जान का दुश्मन बन गया। रात में उसने पुत्र पर धारिये से हमला किया। बचाने कजिन भाई आया तो उसे भी मारा। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है। इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम नाहरखेडी में रहने वाले विशाल आंजना पर रात 11.30 बजे उसके पिता जीवनसिंह ने धारिये से हमला कर दिया। शोर सुनकर कजिन भाई शिवम पिता बहादूरसिंह आंजना बचाने आया तो जीवन ने उसे भी धारिया मार दिया और भाग निकला। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस नाहरखेडी पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायल विशाल की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। विशाल के अनुसार पिता शराबी है, रात में वह मकान की प्रथम मंजिल पर बनी बाथरूम में जा रहा था, उसी दौरान पिता ने अचानक से हमला किया, भाई शिवम बीच-बचाव में घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि रात में पुलिस ने गांव में तलाश कर हमला करने वाले जीवनसिंह को हिरासत में ले लिया।

जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अफसर पटेल पिता शरीफ पटेल निवासी उज्जैन म.प्र. के द्वारा श्रीमती निर्मलाबाई बेवा कैलाशचंद्र, राजेश व मनीष पिता कैलाशचंद्र जाति ब्राहम्ण निवासी 12 विज्ञान नगर राजेन्द नगर के पास इन्दौर म.प्र. के स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम बरखेड़ीबाजार प.ह.नं. 153 तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 551/1/1, रकबा 0.3850 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 552/1/1, रकबा 0.20 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 553/1, रकबा 0.8750 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 554/2/1/1, रकबा 0.11 हेक्टर कुल किता 04 कुल रकबा 1.57 हेक्टर की भूमि मे से 0.78 हेक्टर की भूमि क्रय की है। यह कि उक्त भूमि को श्रीमती निर्मलाबाई बेवा कैलाशचंद्र, राजेश व मनीष पिता कैलाशचंद्र जाति ब्राहम्ण निवासी 12 विज्ञान नगर राजेन्द नगर के पास इन्दौर म.प्र. के द्वारा मेरे पक्षकार अफसर पटेल पिता शरीफ पटेन निवासी उज्जैन म.प्र. के द्वारा क्रय कर ली होकर जिसके विक्रय मूल्य की शेष राशि देकर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त कृषि भूमि के पेटे किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, पेडी, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तिय संस्था, बैंक सहकारी संस्था, सोसायटी, किसी प्राईवेट व्यक्ति का किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार, गिरवी, रहन, मेहर, हित, हक, अधिकार, विक्रय या विक्रय का करार, लिखित किसी न्यायालय की डिक्री, अटेचमेंट, स्टे आर्डर आदि हो या इस विक्रय पत्र किया जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण असल दस्तावेज के अपनी लिखित आपत्ती मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था की मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगी व मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र श्रीमती निर्मलाबाई बेवा कैलाशचंद्र, राजेश व मनीष पिता कैलाशचंद्र जाति ब्राहम्ण निवासी 12 विज्ञान नगर राजेन्द नगर के पास इन्दौर म.प्र. से करवा लिया जावेगा। दिनांक 10/11/2026.

आबिद मोहम्मद मंसुरी अभिभाषक
महिदपुर मो. 9926060115

निर्बल की कैसी अहिंसा



एक जिज्ञासु शिष्य के दो सवालों ने मुझे मनन करने को विवश किया। मूलत: वे एक ही प्रश्न के दो पक्ष हैं- क्या किसी के अत्याचार और अन्याय को चुपचाप सहते रहना अहिंसा है? क्या अपनी और दूसरों की रक्षा के लिए शक्ति का इस्तेमाल करना हिंसा की श्रेणी में आता है? अहिंसा का अर्थ कमजोरी या असहायता नहीं, बल्कि किसी को जान-बूझकर शारीरिक या मानसिक पीड़ा न पहुंचाने का संकल्प है। जो व्यक्ति अन्याय का विरोध करने में सक्षम नहीं है, उसे अपनी कमजोरी को अहिंसा का नाम देने के बजाय पहले शक्ति और सामर्थ्य अर्जित करने का प्रयास करना चाहिए। विरोध करने की क्षमता के बिना स्वयं को अहिंसक घोषित करना नैतिकता की रक्षा नहीं कर सकता। साधना के क्षेत्र में अहिंसा का अर्थ है कि हमारे विचारों और कार्यों से किसी को अनावश्यक पीड़ा न पहुंचे और किसी के साथ अन्याय न हो। किसी को नुकसान पहुंचाने की मंशा से किया गया कार्य हिंसा है। हालांकि, जीवन की कुछ ऐसी अनिवार्य प्रक्रियाएं हैं, जिनमें दूसरे जीवों को नुकसान पहुंचता है, लेकिन उन्हें हिंसा नहीं कहा जा सकता। सांस लेने की प्रक्रिया में ही असंख्य सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं। बीमारियों से बचने के लिए दवाओं का इस्तेमाल करने पर रोग फैलाने वाले कीटाणु मरते हैं। इसी तरह मच्छरों, मक्खियों और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों को नियंत्रित करना भी जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी हो सकता है। इन कार्यों के पीछे किसी को पीड़ा देने की भावना नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और जीवन की रक्षा का उद्देश्य होता है। प्रकृति में निर्माण और विनाश की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है। भोजन इसका एक उदाहरण है। हम धान से चावल प्राप्त करते हैं, जबकि धान में भी जीवन होता है। वह अंकुरित हो सकता है, उसमें प्रजनन क्षमता भी होती है, लेकिन शरीर को जीवित रखने के लिए हमें चावल की आवश्यकता होती है। इसका अर्थ यह नहीं कि चावल तैयार करने वाला व्यक्ति धान के पौधे को नुकसान पहुंचाने की हिंसक मंशा रखता है। अहिंसा का एक महत्वपूर्ण पक्ष है- दूसरों की भावनाओं और संवेदनाओं का सम्मान करना। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। किसी की मान्यताओं से असहमत होने का अर्थ यह नहीं कि उसकी भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत को नष्ट कर दिया जाए। अहिंसा का वास्तविक अर्थ केवल किसी को शारीरिक चोट न पहुंचाना ही नहीं है, बल्कि अपने विचार, व्यवहार और निर्णय में विवेक, करुणा और न्याय को स्थान देना है। अहिंसा कमजोरी का दूसरा नाम नहीं, बल्कि शक्ति, विवेक और करुणा के संतुलित इस्तेमाल की जीवन-दृष्टि है।

सम्पादकीय

सोनिया की आत्मकथा

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की आत्मकथा बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव पाठकों के बीच आ गई है और स्वाभाविक ही इसने मुख्यधारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक भरपूर सुर्खियां बटोरी है। इस आत्मकथात्मक पुस्तक का इंतजार इसलिए भी था कि एक लंबे अंतराल के बाद नेहरू-गांधी परिवार का कोई सदस्य अपने जीवन के पहलुओं को सार्वजनिक करने का जोखिम उठा रहा था। हालांकि, लेखिका ने पहले ही यह साफ कर दिया था कि यह कोई राजनीतिक दस्तावेज नहीं, बल्कि निजी अनुभवों और पारिवारिक रिश्तों की दास्तानगोई है। फिर भी, इसमें राजनीतिक स्थितियों और घटनाक्रमों के प्रति उनके नजरिये की पड़ताल भी होगी और इसके निहितार्थ भी तलाशे जाएंगे। तब तो और, जब सोनिया विदेशी मूल के कारण नेहरू-गांधी परिवार के आलोचकों के निशाने पर हमेशा से रही हैं। कोई दोराय नहीं कि यह भारत का सबसे चर्चित खानदान रहा है, जिसने देश को तीन प्रधानमंत्री दिए और सोनिया गांधी ने यदि दो मौकों पर कांग्रेसियों की गुहार न ठुकराई होती, तो यह संख्या आज चार लिखी जाती। सन 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद पार्टी के आला नेता उनके पास नेतृत्व स्वीकारने की गुजारिश लेकर पहुंचे थे, तब गमगीन सोनिया ने उसे तत्काल अस्वीकार कर दिया था और चुनाव बाद नरसिंह राव प्रधानमंत्री चुने गए थे। साल 2004 का सोनिया का इनकार बहुसंख्य भारतीयों की स्मृति में आज भी ताजा है।

सोनिया गांधी ने खुद कहा है कि दशकों से दूसरे लोग मेरी कहानी सुनाते रहे हैं, अब मेरी बारी है। इस बात ने लोगों की उत्सुकता और बढ़ाई कि शायद परिवार के सदस्यों के आपसी व्यवहार को वे कुछ और जान-समझ सकेंगे। अमूमन यह उत्सुकता हर लोकप्रिय व्यक्तित्व के बारे में रहती है और यह मानव स्वभाव है। फिर सोनिया गांधी ने यह लोकप्रियता इंदिरा गांधी की बहू और राजीव गांधी की पत्नी से आगे कांग्रेस की उद्धारक के रूप में अर्जित की है। ऐसे में, पश्चिम के खुले माहौल में पली-बढ़ी महिला ने किस तरह भारतीय संस्कारों और संस्कृति को जाना-बरता, इसे लेकर उसे क्या कुछ करना-सहना पड़ा, इन सबके खुलासे की दिलचस्पी बनी रही। अब वह इसे बताने में कितनी ईमानदार रही हैं, यह तो 544 पन्नों की पुस्तक के सांगोपांग अध्ययन के बाद ही कहा जा सकेगा।

सेवा की आड़ में प्रतिष्ठा और राजनीति की होड़

पद पाने के लिए समाजसेवा का बढ़ता ड्रामा



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

समाजसेवा कभी निस्वार्थ भाव से समाज के दुख-दर्द बांटने, जरूरतमंदों की मदद करने और सामाजिक बदलाव लाने का माध्यम हुआ करती थी। लेकिन बदलते दौर में समाजसेवा की परिभाषा भी कहीं-कहीं बदलती दिखाई दे रही है। अब सेवा से ज्यादा उसका प्रचार, जरूरतमंदों की मदद से ज्यादा कैमरों की मौजूदगी और सामाजिक जिम्मेदारी से ज्यादा पद-प्रतिष्ठा हासिल करने की लालसा नजर आने लगी है। सवाल यह है कि क्या समाजसेवा वास्तव में समाज के लिए हो रही है या समाजसेवा के नाम पर अपने राजनीतिक और व्यक्तिगत हित साधने का नया रास्ता तैयार किया जा रहा है?

आजकल सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में एक नया चलन तेजी से देखने को मिल रहा है। जैसे ही किसी संस्था, संगठन, पंचायत, राजनीतिक दल या सामाजिक मंच पर कोई पद खाली होने की चर्चा शुरू होती है, वैसे ही कुछ लोगों की समाजसेवा अचानक तेज हो जाती है। जो लोग लंबे समय तक समाज की समस्याओं, गरीबों की परेशानियों और जरूरतमंदों की मजबूरियों से अनजान बने रहते हैं, वे अचानक सेवा के बड़े-बड़े दावे करने लगते हैं। कहीं कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित होता है, कहीं राशन बांटने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की जाती हैं, तो कहीं किसी जरूरतमंद परिवार की सहायता करते हुए दर्जनों फोटो खिंचवाए जाते हैं। यहां सवाल किसी के सेवा कार्य पर उंगली उठाने का नहीं, बल्कि सेवा के पीछे छिपी नीयत और उद्देश्य को समझने का है। यदि कोई व्यक्ति वास्तव में जरूरतमंदों की सहायता कर रहा है तो उसका स्वागत होना चाहिए। लेकिन जब सेवा का मुख्य उद्देश्य किसी पद को हासिल करना, अपनी छवि चमकाना या भविष्य में राजनीतिक लाभ उठाना बन जाए, तब उस प्रवृत्ति पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

समाजसेवा और दिखावे के बीच एक बहुत बारीक लेकिन महत्वपूर्ण अंतर होता है। सच्चा समाजसेवी बिना किसी प्रचार के भी लोगों के दुख-दर्द में शामिल होता है। उसे न तो हर सहायता के बाद फोटो की जरूरत होती है और न ही हर अच्छे काम के बदले सम्मान-पत्र या पद की अपेक्षा। इसके विपरीत, दिखावे की सेवा में अक्सर काम से ज्यादा प्रचार पर ध्यान दिया जाता है। जरूरतमंद व्यक्ति की परेशानी से अधिक महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि कार्यक्रम में कितने लोग आए, कितनी तस्वीरें खिंचीं और सोशल मीडिया पर कितनी प्रतिक्रियाएं मिलीं।

आज सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दिया है। सेवा कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना गलत नहीं है। कई बार प्रचार से दूसरे लोग भी प्रेरित होते हैं और सामाजिक कार्यों के लिए सहयोग मिलता है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब किसी जरूरतमंद की मजबूरी को प्रचार का साधन बना दिया जाता है। उसकी गरीबी, बेबसी और आत्मसम्मान को कैमरे के सामने प्रदर्शित किया जाता है। मदद पाने वाला व्यक्ति कई बार अपनी परिस्थितियों के कारण कुछ कह भी नहीं पाता, जबकि मदद करने वाला अपनी उदारता का प्रचार करने में पीछे नहीं रहता। क्या किसी गरीब की मदद करते समय उसके सम्मान और निजता का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी नहीं है?

एक और चिंताजनक पहलू यह है कि समाजसेवा के नाम पर पदों की दौड़ बढ़ती जा रही है। किसी सामाजिक संस्था का अध्यक्ष बनना हो, किसी संगठन में जिम्मेदारी हासिल करनी हो या किसी राजनीतिक मंच पर पहचान बनानी हो, इसके लिए सेवा गतिविधियों को उपलब्धियों की सूची की तरह प्रस्तुत किया जाने लगा है। कई बार वर्षों से समाज के लिए काम कर रहे ईमानदार और समर्पित लोगों को पीछे छोड़कर वे लोग आगे आ जाते हैं, जिनकी सक्रियता किसी पद की संभावना दिखाई देने के बाद ही शुरू हुई होती है।

इससे वास्तविक समाजसेवियों का मनोबल भी प्रभावित होता है। जो लोग बिना किसी स्वार्थ के वर्षों से सामाजिक कार्यों में लगे हैं, उन्हें यह देखकर निराशा होती है कि उनके अनुभव, समर्पण और योगदान की तुलना में प्रचार और व्यक्तिगत संपर्कों को अधिक महत्व दिया जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं का उद्देश्य समाज के हित में काम करना होना चाहिए, न कि कुछ लोगों के व्यक्तिगत प्रभाव और प्रतिष्ठा को बढ़ाना।

समाज को यह समझना होगा कि पद किसी व्यक्ति की योग्यता का अंतिम प्रमाण नहीं होता। किसी संस्था का अध्यक्ष, प्रधान, पदाधिकारी या प्रतिनिधि बन जाने से कोई व्यक्ति अपने आप समाजसेवी नहीं बन जाता। असली पहचान उसके काम, व्यवहार, ईमानदारी और कठिन परिस्थितियों में निभाई गई जिम्मेदारी से बनती है। पद मिलने के बाद समाज को भूल जाना और पद पाने से पहले समाज के नाम पर बड़े-बड़े दावे करना किसी भी स्वस्थ सामाजिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है।

यह भी जरूरी है कि हम सभी को एक ही नजर से न देखें। आज भी अनेक ऐसे लोग हैं जो वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, गरीब परिवारों की सहायता और सामाजिक सुधार के कार्यों में निस्वार्थ भाव से लगे हुए हैं। वे किसी पद की अपेक्षा नहीं रखते और न ही हर काम का हिसाब प्रचार के माध्यम से देते हैं। ऐसे लोगों का सम्मान होना चाहिए। उनकी पहचान उनके कार्यों से होती है, न कि उनके बैनरों और पोस्टरों से।

सवाल यह भी है कि समाज ऐसे दिखावे को बढ़ावा क्यों देता है? कई बार हम भी किसी व्यक्ति के वास्तविक योगदान को जाने बिना उसकी सोशल मीडिया पोस्ट, बड़े आयोजनों और चमकदार तस्वीरों से प्रभावित हो जाते हैं। सम्मान-पत्र बांटने और लेने की परंपरा ने भी कई जगह वास्तविक कार्यों की जगह औपचारिकताओं को महत्व देना शुरू कर दिया है। यदि समाज को बेहतर नेतृत्व चाहिए तो उसे लोगों की लोकप्रियता के बजाय उनके काम का मूल्यांकन करना होगा। सामाजिक संस्थाओं और संगठनों की भी जिम्मेदारी है कि वे पदों का चयन करते समय पारदर्शिता और निष्पक्षता अपनाएं। पदाधिकारी चुनने का आधार केवल आर्थिक ताकत, राजनीतिक पहुंच, भीड़ जुटाने की क्षमता या प्रचार नहीं होना चाहिए। यह देखा जाना चाहिए कि संबंधित व्यक्ति ने समाज के लिए कितना समय दिया है, कितनी समस्याओं का समाधान किया है और क्या वह जिम्मेदारी मिलने के बाद भी उसी निष्ठा से काम करेगा? समाजसेवा को राजनीति से पूरी तरह अलग रखना संभव नहीं है, क्योंकि जनहित के अनेक कार्यों में राजनीतिक और प्रशासनिक सहयोग की आवश्यकता होती है।

सरकारी इमारत

सरकारी इमारतों की अपनी एक खास गंध होती है। इसमें पुरानी फाइलों की धूल, सीलन और बाहर बैठे लोगों की उम्मीदों का सड़ना एक साथ घुला होता है। राष्ट्रीय फिल्म धरोहर मिशन के चमचमाते वातानुकूलित दफ़्तर में हरिहर बाबू रोज आते थे। एक हाथ में लाठी और दूसरे में जंग लगा, फीते से बँधा रील का एक खाली डिब्बा। वहाँ तैनात बाबू और डिजिटलीकरण विशेषज्ञ उन्हें कोई बेकार पुर्जा समझते थे। जब भी बड़ा बाबू फाइलों का पुलिंदा लेकर निकलता, हरिहर बाबू अपनी लाठी के सहारे सीधे होकर पूछते, ₹बाबू जी, क्या उस लोक संगीत अभिलेख और मानदेय वाले कागज पर साहब के दस्तखत हुए?₹ बाबू चिढ़कर फाइल पटकता और चिल्लाता, ₹अरे बाबा, जब तक क्लाउड सर्वर पर तुम्हारे रिकॉर्ड का डिजिटल मेटाडेटा अपलोड नहीं होगा, फूटी कौड़ी नहीं मिलेगी।₹ हरिहर बाबू बिना कुछ कहे वापस जाकर चबूतरे पर बैठ जाते। वे उस सफेद फीते को डिब्बे पर कसने की निरर्थक कोशिश करने लगते, जो उनकी पुरानी गाँठों से बार-बार फिसल जाता। कस्बे के लोग सोचते कि बुजुर्ग अपने किसी पुराने भत्ते के लिए भटक रहे हैं। मगर कोई नहीं जानता था कि उस खाली डिब्बे में विरासत दिवस के इस भव्य ढोंग का सबसे भयानक और दर्दनाक सच बंद था।

फिर वह दिन आया जब विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय संगोष्ठी रखी गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख सलाहकार महोदय नए डिजिटल स्टूडियो का लोकार्पण करने पहुँचे। गाड़ी का सायरन बजते ही सरकारी अफसरों के पेट का पानी हिल गया। आनन-फानन में लाल कालीन बिछाए गए और नए फ्लेक्स बोर्ड टाँग दिए गए ताकि व्यवस्था का सड़ता हुआ ढाँचा ढका रहे। मंच पर दीप प्रज्वलित हुआ। अतीत की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने के सरकारी संकल्पों पर लंबा, लच्छेदार भाषण दिया गया। तालियों की गूँज जब शांत हुई, तो सलाहकार महोदय पत्रकारों की फौज के साथ बाहर निकले।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 12नवंबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:39सूर्यास्त 17:41
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - तृतीया 15:55 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 13:21 उपरांत मूल
योग - सुकर्मा 04:19 उपरांत धृति
करण - गर
चन्द्रमा - वृश्चिक में है।13:21 पर धनु में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - जमादुस्सानी 02मास तारिख

मेष- सप्ताह की शुरूआत में कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिलेगी।शिवलिंग पर जल अर्पित करें।
वृषभ- व्यावसायिक योजनाओं में प्रगति होगी, लाभ के योग हैं। माता-पिता का सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त होगा।
मिथुन- आय के नए मार्ग खुलेंगे, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। मानसिक रूप से शांति और ताजगी महसूस करेंगे।
कर्क- दफ्तर के कामों में जल्दबाजी से बचें, ध्यान से काम करें। व्यापारिक फैसलों में वरिष्ठों की सलाह लें।
सिंह- परिजनों के साथ किसी बात को लेकर बहस से बचें। बजट बनाकर चलें।
कन्या- गैर-जरूरी खर्चों पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, पर्याप्त आराम लें। चंद्र देव को अर्घ्य दें।
तुला- कार्यस्थल पर नई संभावनाएं लक्ष्मी जी को गुलाबी फूल अर्पित करें।
वृश्चिक- बनेंगी, दिन अच्छा रहेगा। साझेदारी के व्यवसाय में मनमुताबिक सफलता मिलेगी।
धनु- दांपत्य जीवन में प्रेम और मधुरता बढ़ेगी। वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी, धन लाभ होगा।
मकर- कार्यस्थल पर अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ सकती है। व्यापारिक लेन-देन में लिखा-पढ़ी स्पष्ट रखें।
कुंभ- घर-परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल बेहतर होगा। खर्चों पर लगाम लगाएं, धन संचय पर ध्यान दें।
मीन- थकावट महसूस हो सकती है, विश्राम आवश्यक है। शनि मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

व्यंग्य

इंदौर की अप्सराएँ 56 दुकान और सराफा के चटखारे के आगे तपस्या भी हार गई

इंदौर में आपकी तपस्या भंग करने वाली अप्सराएँ किसी इंद्रलोक से नहीं उतरतीं। वे आपको हर बाजार, हर गली, हर नुक्कड़ और हर खाने-पीने की दुकान पर मिल जाएँगी। इंद्रलोक में उनके नाम उर्वशी, मेनका, रंभा और तिलोत्तमा होंगे, लेकिन अपने इंदौर में उनके नाम हैं पोहा-जलेबी, कचौरी, समोसा, दही बड़े, गोलगप्पे, गराडू, भुट्टे का कीस, रबड़ी, जलेबी और शिकंजी। अगर आप खानपान के शौकीन हैं तो इनके अलावा भी कई अप्सराएँ हैं, जो आपका ध्यान भटकाने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

कल सुबह-सुबह उठकर मैंने पहले आधे घंटे सैर की। फिर योग और व्यायाम करके अपनी फिटनेस के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया। मेरा आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। दिनभर स्वयं को शीशे में देखकर संतुष्ट होता रहा। फ्रिज नामक गुफा में रखी आइसक्रीम और मिठाइयाँ मुझे अपने मोहपाश में बाँधने का प्रयास कर रही थीं, लेकिन मैंने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया। शाम को बाजार जाने का कार्यक्रम बना। घर से निकलने से पहले एक बार फिर शीशे में स्वयं को देखा। मन ही मन सोचा कि आज तो अपनी सेहत के साथ कोई समझौता नहीं होगा। यह तपस्वी अब इंदौर की प्रसिद्ध 56 दुकान की ओर बढ़ रहा था। अगर दृढ़ इच्छाशक्ति मानव का रूप ले ले तो शायद इस समय मेरे जैसा ही दिखाई दे।

56 दुकान पहुँचते ही तपस्या की पहली परीक्षा शुरू हो गई। सामने पोहे और जलेबी की दुकान से उठती खुशबू ने स्वागत किया। एक तरफ गरमा-गरम पोहा, ऊपर से सेव, जीरावन और बारीक प्याज; दूसरी तरफ चाशनी में डूबी जलेबियाँ। दोनों अप्सराएँ अपने पूरे शृंगार के साथ उपस्थित थीं।

मैंने नजरें फेर लीं।

थोड़ा आगे बढ़ा तो समोसे, कचौरी, दही बड़े और गोलगप्पों की टोली दिखाई दी। कहीं तवे पर टिक्की छन रही थी, कहीं गरम तेल में कचौरी फूल रही थी। कहीं दही बड़े पर मीठी और तीखी चटनी का संगम हो रहा था। मसालों की सुगंध वातावरण में ऐसी फैल रही थी मानो तपस्या भंग करने के लिए बाकायदा कोई विशेष आयोजन किया गया हो।

लेकिन यह तपस्वी भी कम नहीं था। बिना कुछ खाए आगे बढ़ गया।

अब अगला पड़ाव था इंदौर का ऐतिहासिक सराफा बाजार। दिन में जहाँ सोने-चाँदी के आभूषण चमकते हैं, वहीं रात होते-होते यह स्वाद के आभूषणों से जगमगा उठता है। यहाँ की रौनक देखते ही बनती है।

गराडू की गरमागरम प्लेट, ऊपर से नींबू और मसालों का तड़का। भुट्टे का कीस, मालपुआ, रबड़ी, जलेबी, कुल्फी और तरह-तरह की मिठाइयाँ। हर दुकान पर एक नई अप्सरा अपने आकर्षण के साथ खड़ी थी। मेरे सामने स्वास्थ्य और स्वाद के बीच महाभारत छिड़ चुकी थी। दिल कह रहा था, 'भाई, सुबह इतनी मेहनत किसलिए की थी? लंबी उम्र चाहिए तो संयम रखो।' मन जवाब दे रहा था, 'जिंदगी का आनंद भी कोई चीज है। इंदौर में रहकर सराफा आओ और बिना कुछ खाए लौट जाओ, यह तो शहर की संस्कृति के साथ अन्याय है।' दिल ने चेतावनी दी, 'इनके चक्कर में पड़े तो कैलोरी बढ़ेगी, वजन बढ़ेगा और डॉक्टर की फीस भी बढ़ेगी।' मन ने पलटकर कहा, 'बाबू मोशाय, जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं!' सामने से गराडू की प्लेट आती दिखाई दी। उसकी खुशबू ने बची-खुची इच्छाशक्ति को भी चुनौती दे दी। अब विश्वामित्र की तपस्या और मेरी स्थिति में ज्यादा अंतर नहीं रह गया था।

मैंने सोचा, चलो सिर्फ स्वाद के लिए एक छोटी-सी प्लेट ले लेते हैं। आखिर इंदौर की पहचान का सम्मान भी तो करना है।

कैंसर की दवाओं पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती से मरीजों को मिली बड़ी राहत

कैंसर का नाम सुनते ही किसी भी परिवार के सामने सबसे पहले जिंदगी और मौत का सवाल खड़ा हो जाता है। यह ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज न केवल मरीज को शारीरिक और मानसिक रूप से तोड़ता है, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक कमर भी तोड़ देता है। इलाज की लंबी प्रक्रिया, महंगी जांच, अस्पतालों का खर्च और जीवनरक्षक दवाओं की कीमतें पहले से परेशान परिवारों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होतीं। ऐसे में कैंसर की 137 दवाओं की कीमतों में भारी कटौती होना निश्चित रूप से लाखों मरीजों और उनके परिजनों के लिए राहत भरी खबर है। लेकिन इस फैसले के पीछे छिपी सच्चाई देश की स्वास्थ्य व्यवस्था और दवा कारोबार पर गंभीर सवाल भी खड़े करती है।



सौरभ वार्ष्णेया
(दैनिक अवन्तिका)

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कैंसर की 137 दवाओं की कीमतें कम की गई हैं। दवा कंपनियों ने 121 दवाओं के 1,364 फॉर्मूलेशन की नई कीमतें जारी की हैं। इनमें 679 ब्रांड की दवाओं के दाम 50 प्रतिशत से अधिक घटाए गए हैं। कुछ दवाओं की कीमतों में तो 96.45 प्रतिशत तक की कमी की गई है। अनुमान है कि इस कदम से मरीजों को सालाना करीब 3,540.38 करोड़ रुपये की बचत होगी। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि अब तक कैंसर के इलाज के नाम पर आम आदमी की जेब पर कितना बड़ा आर्थिक बोझ पड़ रहा था। इस पूरे मामले में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। 22 सितंबर को सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कैंसर की दवाओं की रिटेल कीमत और अधिकतम खुदरा मूल्य के बीच भारी अंतर पर गंभीर सवाल उठाए थे। अदालत की टिप्पणी थी कि 2,700 रुपये की दवा मरीज को 27,000 रुपये में मिलना दिनदहाड़े डकैती और नरसंहार जैसा है। न्यायालय की यह नाराजगी केवल दवाओं की कीमतों को लेकर नहीं थी, बल्कि उस व्यवस्था पर भी सवाल था, जिसमें गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों की मजबूरी को कारोबार और मुनाफे का अवसर बना लिया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद 17 अक्टूबर को नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने 137 गैर-अनुसूचित कैंसर दवाओं पर कंपनियों का ट्रेड मार्जिन 30 प्रतिशत निर्धारित किया। इसी निर्णय के बाद कीमतों में कमी का रास्ता साफ हुआ। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के तहत गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों ने भी इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। समिति में देश के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों, चिकित्सकों, अस्पतालों के प्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों को शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य दवाओं की कीमतों और व्यापारिक मार्जिन को तर्कसंगत बनाना था।

यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जीवन बचाने वाली दवाओं के कारोबार में इतना अधिक मुनाफा कैसे संभव हुआ क्या किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज की विवशता का फायदा उठाना उचित है? दवा उद्योग का अपना आर्थिक पक्ष है। कंपनियों को अनुसंधान, उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, वितरण और नई दवाओं के विकास पर खर्च करना पड़ता है। लेकिन इन सभी खर्चों के नाम पर ऐसी कीमतें वसूलना, जिन्हें आम आदमी वहन ही न कर सके, किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। दवा कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं है। यह किसी व्यक्ति के जीवन, उसके परिवार की उम्मीद और उसके भविष्य से जुड़ी होती है। भारत जैसे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आज भी आर्थिक स्थिति से प्रभावित होती है। संपन्न परिवार बेहतर अस्पतालों और महंगे उपचार का खर्च उठा सकते हैं, लेकिन मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के सामने अक्सर इलाज जारी रखने या घर की आर्थिक स्थिति बचाने के बीच कठिन चुनाव करने की नौबत आ जाती है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली-5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग-2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना-6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,44,000 रवा- 1,43,800 चांदी-टंच- 1,90,500 पाट- 1,90,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

धर्म-आस्था

मन अशांत हो तो अपनाएं ये आसान आध्यात्मिक उपाय

मानसिक तनाव आज के दौर में आम बात हो चुकी है। लोग किसी-न-किसी कारण से परेशान रहते हैं और मन की बैचैनी में खुद को खोते जा रहे हैं। अगर मन शांत ना हो, तो किसी भी काम में ना तो मन लगता है और ना ही जिन्दगी जीने का मजा आता है। ऐसे में जब मन बेचैन और अशांत हो जाता है, तो आध्यात्मिक उपाय हमें भीतर से शांति और संतुलन प्रदान करते हैं। ये उपाय सरल हैं और रोजमर्रा की ज़िंदगी में आसानी से अपनाए जा सकते हैं। मन को शांत करने के आध्यात्मिक उपाय

1. मंत्र जप- जब मन में एक साथ कई विचार चल रहे हों, तो किसी एक ध्वनि या मंत्र पर ध्यान केंद्रित करना उपयोगी हो सकता है। अध्यात्म में मंत्र जाप को मन की एकाग्रता और आध्यात्मिक जुड़ाव का माध्यम माना गया है। आप प्रतिदिन सुबह या शाम शांत स्थान पर बैठकर अपनी श्रद्धा के अनुसार किसी मंत्र का जाप कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, 'ॐ नमः शिवाय' या 'ॐ' का धीरे-धीरे उच्चारण करें। जाप करते समय शब्दों और श्वास पर ध्यान देने की कोशिश करें। यदि मन बार-बार भटकता है, तो परेशान न हों। धीरे से अपना ध्यान वापस मंत्र पर ले आएं। नियमित अभ्यास से कुछ लोगों को मानसिक शांति और एकाग्रता का अनुभव हो सकता है।

2. प्राणायाम और ध्यान- योग में सांस लेने की प्रक्रिया भी मन को बहुत शांत करती है। इसलिए, जब भी मन बेचैन हो, तो गहरी सांस लेकर धीरे-धीरे छोड़ें।



10 मिनट भी ध्यान करने से मानसिक तनाव कम होता है। यदि कोई विचार आए, तो उसे जबरदस्ती रोकने की कोशिश न करें। बस उसे पहचानकर अपना ध्यान फिर से सांसों पर ले आएं। शुरूआत में पांच मिनट का अभ्यास भी पर्याप्त है। धीरे-धीरे अपनी सुविधानुसार समय बढ़ा सकते हैं।

3. कुछ समय प्रकृति के साथ बिताएं- प्रकृति के करीब समय बिताना मन को रोजमर्रा की भागदौड़ से थोड़ा विराम देने का अच्छा तरीका हो सकता है। सुबह की ताजी हवा, पेड़-पौधों के बीच टहलना, पक्षियों की आवाज सुनना या खुले आसमान को निहारना मन को हल्का महसूस कराने में मदद कर सकता है। आध्यात्मिक दृष्टि से प्रकृति को जीवन और सृष्टि की व्यापकता से जोड़कर देखा जाता है। प्रकृति के बीच कुछ समय बिताने से हमें अपनी चिंताओं से थोड़ी दूरी बनाने और वर्तमान क्षण का अनुभव करने का अवसर मिलता है।

4. सत्संग या भजन सुनना या नाम जप करना- मन बेचैन हो, तो भक्ति गीत या शांति देने वाले भजन सुनें। इससे मन की अशांति दूर होती है

खेत पर पानी देते समय युवक पर चाकू से हमला जान से मारने की धमकी दी

शुजालपुर। ग्राम मगरानिया में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। खेत पर पानी दे रहे युवक पर गांव के ही एक व्यक्ति ने चाकू से वार कर दिया, जिससे उसके दाहिने हाथ में चोट आई और खून निकलने लगा। हमलावर ने युवक को जान से खत्म करने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार फ रियादी राज पिता मनीष पटेल निवासी ग्राम मगरानिया मंगलवार दोपहर करीब 1.45 बजे अपने खेत पर पानी दे रहा था। इसी दौरान गांव का अशोक पिता नानूराम जाट मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। राज ने जब गाली देने से मना किया तो अशोक ने जेब से चाकू निकालकर उस पर वार कर दिया। चाकू लगने से राज के दाहिने हाथ की कलाई और कोहनी के बीच चोट आई। इसके बाद राज खेत से घर की ओर भागा तो आरोपी ने उसे धमकी देते हुए कहा कि आज तो बच गया, अगली बार जान से खत्म कर दूंगा। घटना के बाद राज ने अपने चाचा मोहित जाट को जानकारी दी और उनके साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई शुरू की है।

ब्रह्म मुहूर्त में अजीतनाथ जैन मंदिर का द्वारोद्घाटन

आगर मालवा। आगर मालवोमंगलवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में अजीतनाथ जैन मंदिर में विधि-विधान एवं धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का द्वारोद्घाटन संपन्न हुआ। इसके बाद प्रथम अभिषेक, आरती एवं प्रभावना का आयोजन किया गया। इन सभी धार्मिक क्रियाओं का पुण्यलाभ पूर्व विधायक कैलाशचंद मदनलाल भंडारी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी एवं कर्मचारियों का सम्मान कर उनका बहुमान किया गया। धार्मिक परंपरा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। अभिषेक-आरती के बाद इमली गली स्थित उपाश्रय में धार्मिक आयोजन हुआ, जहां गौतम रास का आयोजन किया गया। इसके दौरान साध्वी सौम्यवदना श्रीजी मसा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर 2 लाख की ठगी, असम पहुंची पुलिस

राजगढ़। टेलीग्राम पर निवेश के बदले ज्यादा मुनाफे का लालच देकर युवक से 2 लाख रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को पकड़ने माचलपुर पुलिस असम पहुंच गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने नौगांव जिले से आरोपी अब्दुल रसीद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 2 लाख रुपए नगद बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, टफ्ट पोर्टल के माध्यम से ठगी की शेष राशि भी पीड़ित को वापस कराई गई। जुलाई में दर्ज हुई शिकायत खेड़ी पोलखेड़ा निवासी घनश्याम वर्मा (27) ने 27 जुलाई को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि टेलीग्राम पर निवेश के बदले अधिक मुनाफे का झांसा देकर उससे 2 लाख 4 हजार 320 रुपए जमा कराए गए। माचलपुर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर विशेष टीम बनाई। तकनीकी और साइबर विश्लेषण के बाद आरोपी की पहचान कर असम में दबिश दी।

वाहन की टक्कर से सड़क किनारे पड़ा मिला बाइक सवार

शाजापुर। नेशनल हाईवे-52 पर बुधवार को पनवाड़ी गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार धर्मेंद्र (22) घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। धर्मेंद्र, कैलाश का बेटा है और अभयपुर का रहने वाला है। वह किसी काम से बाइक से शाजापुर आ रहा था। पनवाड़ी गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद वह सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे देखा और डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और धर्मेंद्र को जिला अस्पताल ले गई।

खूनी संघर्ष के बाद अब उपयोग पर रोक लगाने का आरोप

कब्रिस्तान की जमीन विवाद के मामले में एसडीएम व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



ग्राम टपका बसंतपुर में कब्रिस्तान की जमीन को लेकर दीपावली की सुबह हुए खूनी संघर्ष के मामले में अब मुस्लिम समाज ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। समाज के लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर एवं थाना प्रभारी शुजालपुर सिटी को आवेदन सौंपकर गांव के एकमात्र कब्रिस्तान के उपयोग से रोकने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकियां देने का आरोप लगाया है। समाज ने संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि दीपावली की सुबह ग्राम टपका बसंतपुर में कब्रिस्तान की करीब पौने दो बीघा जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पथराव हुआ। लाठी-डंडों के साथ फ रसा, तलवार और लोहे की रॉड से हमला किए जाने के आरोप लगे थे। संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब 20 लोग घायल हुए थे। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफ र किया गया था। घटना रविवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई थी, जिसका वीडियो भी सामने आया था। इधर एसडीएम को दिए आवेदन में मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि ग्राम की सर्वे क्रमांक 274/2 की भूमि पर समाज का एकमात्र कब्रिस्तान स्थित है।

समाज के लोग यहां शव दफ नाने के साथ ही दुआ-फ तिहा के लिए जाते हैं। आरोप है कि गांव के ही फ करुद्दीन पिता शमशाद, अलाउद्दीन पिता शमशाद खां और रियाजुद्दीन पिता सरफु द्दीन खां सहित उनके परिवार के लोग कब्रिस्तान का उपयोग करने से रोकते हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए विवाद किया जाता है तथा जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। इससे गांव में किसी बड़ी घटना की आशंका बनी हुई है। आवेदन में समाजजनों ने प्रशासन से कब्रिस्तान के उपयोग में बाधा रोकने और संबंधित लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी एवं दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।



पुरानी रंजीश के चलते किया डंडे व रॉड से हमला मारपीट का वीडियों फूटेज आया सामने

शुजालपुर। शुजालपुर सिटी के ओशवाल सेरी वार्ड में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान माखन सोनी और उसके बेटे दीपू सोनी पर पापड व्यापारी और उसके भाई के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने का आरोप है। आरोपियों ने डंडे और लोहे की रॉड से हमला किया, जिसमें अमित कुमार धारीवाल के सिर में चोट आई। घटना का सीसीटीवी फु टेज भी सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति व्यापारी के सिर पर डंडे से हमला करता दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार फ रियादी राजेश कुमार पिता शेतानमल धारीवाल निवासी ओशवाल सेरी वार्ड शुजालपुर सिटी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 9 नवंबर को दोपहर करीब 1 बजे वह अपने भाई अमित कुमार पिता शिखरचंद धारीवाल के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान घर के सामने माखन सोनी और उसके बेटे दीपू सोनी ने पुरानी बात को लेकर दोनों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। अमित ने गाली देने से मना किया तो माखन ने हाथ में लिए डंडे और दीपू ने लोहे की रॉड से अमित पर हमला कर दिया। इससे उसके सिर में चोट आई। फ रियादी के अनुसार गफ्फ ार खां और तपन कुमार ने बीच.बचाव किया तथा घटना देखी। आरोप है कि दोनों हमलावर जाते समय जान से खत्म करने की धमकी भी दे गए। सिर में चोट लगने के बाद आसपास के लोग अमित को अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले में कार्रवाई शुरू की है।

देवास के बावड़िया इलाके की घटना

बहन को मैसेज करने की बात पर समझाने पहुंचे दो दोस्तों पर चाकू से हमला, एक के सीने पर चाकू लगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के बावड़िया इलाके में सोशल मीडिया पर एक युवक की बहन को मैसेज करने की बात पर दो गुटों के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया।

इसमें पीयूष के दोस्त सूरज और प्रियांशु घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रियांशु के सीने पर चाकू से वार किया गया है। उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के रेफर किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, पीयूष की बहन को सोशल मीडिया पर मैसेज करने की बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। मंगलवार रात समझाइश और राजीनामे के लिए कुछ युवक मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई। आरोप है कि ऋतिक नाम के युवक ने समझाने पहुंचे पीयूष के दोस्त सूरज और प्रियांशु पर चाकू से हमला कर दिया।

घटना के बाद परिजन दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। शुरूआत में घटना को एक्सीडेंट बताया गया। सूचना मिलने पर औद्योगिक थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों से पूछताछ की। इसके बाद चाकूबाजी की जानकारी सामने आई। थाना प्रभारी अमित सोलंकी भी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

डॉक्टर अखिलेश कुमार ने बताया कि सूरज के हाथ पर चाकू के घाव हैं। उसकी हालत स्थिर है। हाथ का एक्स-रे और अन्य जांच की जा रही हैं। वहीं, प्रियांशु के सीने पर चाकू का निशान है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जा रहा है।

औद्योगिक थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम जिला अस्पताल पहुंची थी। शुरूआती पूछताछ में दो गुटों के बीच आपसी विवाद में दो युवकों को चाकू लगने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल, दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।



शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में आग

सामान और नकदी सहित 20 लाख से ज्यादा का नुकसान- संचालक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बेरछा

बेरछा में मंगलवार रात शॉर्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में आग लग गई। दुकान में रखा सामान और कुछ नकदी जल गई। संचालक रितेश गुप्ता ने 20 लाख रुपए से ज्यादा के नुकसान की बात कही। गायत्री वस्त्रालय रेलवे स्टेशन के पास बाजार में है। मंगलवार रात करीब 12 बजे आसपास रहने वाले लोगों ने दुकान के अंदर से धुआं उठते देखा और संचालक को सूचना दी।

दमकल टीम ने आग पर काबू पाया

रितेश गुप्ता शाजापुर के निवासी हैं, इसलिए वे समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंच सके। आसपास के लोगों ने दुकान के शटर का ताला तोड़ा और डायल 112 तथा दमकल टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 और दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

लॉज में कमरा देने से मना करने पर होटल संचालक से मारपीट दो आरोपी गिरफ्तार



शुजालपुर। मंडी क्षेत्र में होटल के लॉज में कमरा देने से मना करने की पुरानी रंजिश को लेकर संचालक के साथ मारपीट करने के मामले में शुजालपुर मंडी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र में आरोपियों का जुलूस भी निकाला। मंगलवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार फ रियादी निकितेश पटेल निवासी पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने शुजालपुर मंडी, महात्मा गांधी मार्ग स्थित पोस्ट ऑफिस के सामने संचालित सांई कृपा होटल में लॉज चलाते हैं। करीब दो-तीन माह पहले छोटा राज, बड़ा राज और उनके दो साथी होटल में कमरा लेने पहुंचे थे। फ रियादी उन्हें जानता था और शराब पार्टी करने की आशंका के चलते कमरा देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर 9 नवंबर को दोपहर करीब 3.30 बजे जब निकितेश बस स्टैंड स्थित अपने गोदाम पर पहुंचे तो छोटा राज, बड़ा राज और उनके दो साथी वहां मिले। आरोप है कि कमरा नहीं देने की बात को लेकर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर छोटा राज और उसके दो साथियों ने फ रियादी के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जबकि बड़ा राज ने लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया। घटना में निकितेश के गाल, सिर और कंधे पर चोटें आईं। आरोपियों ने जाते समय दोबारा कमरा देने से मना करने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी।

दादा की मौत के छह साल बाद भी क्लेम नहीं, रिश्वत मांगने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

पशुपालन एवं डेयरी विभाग में अनियमितताओं को लेकर शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं के रखरखाव, वेतन आहरण और कार्यालयीन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं तो कभी नियुक्तियों और सरकारी राशि के दुरुपयोग के आरोप लग रहे हैं। अब एक मृत स्थाई कर्मचारी के परिवार ने छह साल से क्लेम की राशि नहीं मिलने और रिश्वत की मांग पूरी नहीं करने पर भुगतान अटकाने का आरोप लगाया है।

ग्राम खड़ी निवासी अजय मालवीय मंगलवार को पूरे परिवार के साथ कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने आवेदन देकर बताया कि उनके दादा किशनलाल मालवीय पशुपालन विभाग के पशु औषधालय खड़ी में कर्मचारी थे। 8 जनवरी 2020 को दादा की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसके बाद परिवार को मिलने वाली स्वत्व राशि, एक्स ग्रेशिया और अन्य क्लेम के लिए विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन आज तक क्लेम नहीं मिला।

अजय मालवीय ने आवेदन में आरोप लगाया कि दादा की मृत्यु के बाद नियमानुसार मिलने वाली राशि तत्काल जारी की जानी थी, लेकिन तत्कालीन नोडल अधिकारी द्वारा इसके लिए रिश्वत की मांग की गई। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वे मांग पूरी नहीं कर सके। इसके बाद से ही राशि अटकी हुई है। शिकायतकर्ता ने आवेदन में बताया कि एक्स ग्रेशिया की राशि जारी करने के लिए 6 जनवरी 2025 को आदेश क्रमांक 47-48/लेखा/एक्स ग्रेशिया/ 2024-25/ शाजापुर जारी किया था। बावजूद राशि दादी के बैंक खाते में जमा नहीं हुई।

आरोप निराधार - उपसंचालक

उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवा डॉ. प्रशांत महाडिक ने कहा अजय द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की मांग की जा रही है लेकिन नियमानुसार पोते को अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान नहीं है। एक्स ग्रेशिया राशि के लिए कोषालय को पत्र लिखा था, लेकिन अजय के दादा अस्थायी कर्मचारी थे, इसलिए वे इस राशि के पात्र नहीं हैं। अन्य क्लेम का भुगतान कोषालय के माध्यम से होना है। रिश्वत मांगने के आरोपों को डॉ. महाडिक ने निराधार बताया।

सुहाग पड़वा पर महिलाओं ने टोपला जलाकर निभाई परंपरा:

आगर में सोलह श्रृंगार कर जुटीं महिलाएं, सामूहिक ताप के बाद मंदिर में किए दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा के मालीखेड़ी रोड स्थित पुरुषोत्तम नगर में मंगलवार को सुहाग पड़वा का पर्व पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार टोपला जलाकर सामूहिक रूप से ताप किया।

महिलाएं पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में नजर आईं। टोपला जलाकर तापने की परंपरा के दौरान महिलाओं ने आपस में मेल-मिलाप किया और पर्व की खुशियां साझा कीं।



मंदिर पहुंचकर किए दर्शन

इसके बाद महिलाओं ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और एक-दूसरे को सुहाग पड़वा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लोक परंपरा और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली। महिलाओं ने पारंपरिक आयोजन में उत्साह के साथ भाग लिया।

बाइक विवाद पर बवाल, मारपीट-पथराव में एक परिवार के 4 घायल

देवास। बरोठा में मंगलवार दोपहर बाइक की टक्कर के बाद उसे ठीक कराने के खर्च को लेकर दो पक्षों में मारपीट और पथराव हो गया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे और पत्थर लेकर आमने-सामने आ गए। घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हुए। इनमें से तीन को जिला अस्पताल लाया गया। एक पक्ष की किराना दुकान पर भी पत्थर फेंके गए। सोमवार को बबला की बाइक अमन की बाइक से टकरा गई थी। मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच बाइक ठीक कराने के खर्च को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद विवाद बढ़ गया। मारपीट शुरू हो गई। घायल आकाश ने बताया कि उनकी किराना दुकान है। कुछ लोगों ने उन पर हमला किया। इस दौरान परिवार के चार लोग घायल हुए और दुकान पर भी पत्थर फेंके गए। घायलों में संतोष, उनके बेटे आकाश सिसोदिया, बहू संध्या और बालीबाई शामिल हैं। इनमें से तीन को जिला अस्पताल लाया गया।

शिप्रा में महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मायके पक्ष ने मारपीट के आरोप लगाए



देवास। देवास के शिप्रा में मंगलवार देर शाम 23 वर्षीय आशा ने फांसी लगा ली। घटना के समय उनके पति प्रमोद राव ढाबे से खाना लेने गए थे। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बुधवार को जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, आशा मंगलवार शाम पति के साथ धार जिले के सादलपुर स्थित मायके से लौटी थीं। प्रमोद के अनुसार, आशा ने भूख लगने पर उनसे होटल से खाना लाने को कहा था। वह ढाबे गए हुए थे, तभी रिश्तेदारों ने फोन कर आशा के फांसी लगाने की जानकारी दी। आशा की बड़ी बहन टीना ने बताया कि उनकी शादी 2021 में हुई थी। पति-पत्नी के बीच विवाद होते थे। टीना ने मामले की जांच की मांग की। उन्होंने बताया कि आशा के पति ने ही उन्हें फांसी लगाने की सूचना दी थी। आशा के पिता विकास भी सादलपुर से जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम करीब 7 बजे उनकी बेटी से बात हुई थी। रात में उन्हें आशा के फांसी लगाने की सूचना मिली। प्रमोद ने कहा कि उनके और आशा के बीच कोई विवाद नहीं हुआ था। उनके मुताबिक, आशा ने उन्हें खुशी-खुशी खाना लेने भेजा था। वहीं, मायके पक्ष ने मारपीट और विवाद के आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

जगमग रोशनी दीपावली पर्व पर रंगोली से दिया गौसेवा का अनूठा संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

दीपों और खुशियों का महापर्व दीपावली जिलेभर में अपार श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। एक ओर जहां पूरा शहर घरों की सजावट, दीपमालाओं की जगमगाहट और पटाखों की गूंज से सराबोर नजर आया, वहीं इस बार दीपोत्सव पर सनातन संस्कृति और गौसेवा का एक बेहद खास संदेश भी दिया गया। गौरक्षा सेना ने अपनी कलात्मक रंगोली के जरिए इस महापर्व को एक नया और प्रेरणादायक स्वरूप प्रदान किया। पर्व को लेकर अलसुबह से ही बाजारों में खासी रौनक देखने को मिली और दुकानें पूरी तरह से सज-धज कर तैयार थीं। महिलाओं और युवतियों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों की दहलीज पर सतरंगी रंगोलियां सजाईं। गोधूलि बेला और शुभ मुहूर्त में व्यापारियों सहित आमजन ने स्वस्तिक और श्रीयंत्र के साथ महालक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि व वैभव की कामना की। शहर के तालाब की पाल स्थित एकमात्र गजलक्ष्मी मंदिर में भी विशेष पूजा-पाठ का दौर चला। महापूजा के बाद बच्चों से लेकर उम्रदराज लोगों तक ने जमकर आतिशबाजी का लुत्फ उठाया, जिससे देर रात तक आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से दमकता रहा।



इसके माध्यम से यह दर्शाया गया कि गौमाता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास है और भगवान शिव का उनसे गहरा आध्यात्मिक संबंध है। इस दौरान गौमाता बचेगी तो देश बचेगा के ध्येय वाक्य के साथ संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा ने समाज से आह्वान किया कि गौमाता हमारी संस्कृति, आस्था और सनातन परंपरा का अभिन्न अंग हैं, अतः प्रत्येक व्यक्ति को उनके संरक्षण एवं सेवा के लिए आगे आना चाहिए।

'गौमाता बचेगी तो देश बचेगा'

दीपावली के इस पावन अवसर पर गौरक्षा सेना शाजापुर ने अपनी 17 वर्षों की अनवरत सेवा भावना को समाज के सामने एक अनूठे रूप में प्रस्तुत किया। संगठन के संस्थापक धर्मेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में नगर सचिव चिंटू परमार द्वारा एक अद्भुत और आकर्षक रंगोली बनाई गई। इस रंगोली में गौमाता के खंदोल पर भगवान शिव के शिवलिंग की सुंदर आकृति उकेरी गई।

बोहरा समाज के धर्मगुरु पहली बार आगर आए, दीदार के लिए जुटे समाज के लोग

आगर मालवा। बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब पहली बार आगर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। धर्मगुरु साहब के दीदार और स्वागत के लिए बड़ी संख्या में समाजजन उमड़ पड़े। नगर में जगह-जगह स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश पटेल ने धर्मगुरु साहब का अभिनंदन किया और शहर की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए मंगलकामनाएं कीं। वहीं सैयदना साहब ने नगर पालिका अध्यक्ष को आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट किया। कई वर्षों के लंबे इंतजार के बाद धर्मगुरु साहब के आगमन से बोहरा समाज में उत्सव जैसा माहौल रहा। स्वागत की तैयारियों के तहत समाजजनों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक रोशनी एवं सजावट से सजाया। पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और उल्लास दिखाई दिया। धर्मगुरु साहब की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। उनका यह आगमन बोहरा समाज के लिए यादगार बन गया।

महिपालसिंह मकराना की गिरफ्तारी न्यायोचित नहीं

नागदा। सवर्ण युवाओं के अधिकारों की मांग को लेकर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना द्वारा 11 नवंबर को रतलाम से भोपाल तक 'यूजीसी हटाओ, न्याय पदयात्रा' निकाली जाने वाली थी। इससे पहले रतलाम पुलिस प्रशासन द्वारा राजपूत छात्रावास से महिपाल सिंह मकराना को गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भेरूसिंह चौहान ने कड़ा विरोध जताया है। ठाकुर भेरूसिंह चौहान ने पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा कर गिरफ्तारी की कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि महिपाल सिंह मकराना की गिरफ्तारी न्यायोचित नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से उठाने का सभी को अधिकार है। श्री चौहान ने कहा कि यूजीसी जैसा काला कानून वास्तव में वापस होना चाहिए। यूजीसी रोल बैक की मांग को लेकर पूरे देश के सवर्ण समाज में रोष व्याप्त है। सरकार को समय रहते इस कानून एवं संशोधन-2026 को निरस्त करना चाहिए तथा समाज की भावनाओं और युवाओं की मांगों को गंभीरता से समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते इस विषय पर उचित निर्णय नहीं लेती है तो आने वाले चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा को इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ठाकुर चौहान ने मांग की कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना को तत्काल बिना शर्त रिहा किया जाए।

आज से शुरू होगा अनाज मंडी का कामकाज

शुजालपुर। दीपावली अवकाश के बाद कृषि उपज मंडी में एक बार फिर कामकाज शुरू हो रहा है। अनाज मंडी में 12 नवंबर गुरुवार को शुभ मुहूर्त में नीलामी कार्य शुरू होगा, जबकि सब्जी मंडी में 13 नवंबर शुक्रवार से कारोबार शुरू होगा। मंडी प्रशासन के अनुसार अनाज मंडी में 5 से 11 नवंबर तक अवकाश रहा। वहीं सब्जी मंडी 5 से 12 नवंबर तक बंद है। अनाज मंडी में मुहूर्त की खरीदी बैलगाड़ी से होगी। इस दौरान भाग्यशाली किसान का चयन लॉटरी पद्धति से किया जाएगा। चयनित किसान का साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया जाएगा। साथ ही व्यापारियों का मिलन समारोह भी होगा। इसके बाद मंडी में नियमित नीलामी कार्य शुरू होगा।

भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व परंपरागत मना

शुजालपुर। भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई दूज पर्व बुधवार को नगर सहित अंचल में परंपरागत उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सहयोग का संकल्प दोहराया। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। बहनों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भाइयों का तिलक किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। पर्व के चलते बाजारों में भी रौनक रही। मिठाई और उपहारों की दुकानों पर खरीदारी देखने को मिली।

शिवपुरी में आयोजित हो रही 70 वीं राष्ट्रीय शाले प्रतियोगिता

शुजालपुर शिवपुरी में आयोजित 70वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स अंडर-17 बालक बालिका प्रतियोगिता में शुजालपुर के दो खेल प्रशिक्षकों को तकनीकी निर्णायक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासकीय जेएनएस महाविद्यालय खेल मैदान के वरिष्ठ प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह परमार और अमर सिंह राजपूत का चयन प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयन से नगर के खेल जगत में हर्ष का माहौल है। श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसरए शिवपुरी में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए दोनों प्रशिक्षकों को उनकी खेल विशेषज्ञता और तकनीकी अनुभव के आधार पर जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं के नियमों का पालन कराने सहित विभिन्न तकनीकी दायित्वों का निर्वहन करना है।

मकान में लगी आग से 14 से 15 लाख का नुकसान

शुजालपुर। सिटी के जेल रोड स्थित शीतलानगर कॉलोनी में बुधवार को थोक सब्जी मंडी के एक गोदाम में कचरे में लगी आग ने समीप स्थित मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि घर के बेडरूम सहित अन्य हिस्सों में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय घर में मौजूद सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी संतोष कुमार पवैया, उनकी पत्नी कस्तूरी देवी और पुत्रवधू ज्योति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग से करीब 14 से 15 लाख रुपए का नुकसान होने की जानकारी पुलिस को दी गई है। जानकारी के अनुसार शीतलानगर कॉलोनी की गली नंबर 8 में स्थित संतोष कुमार पवैया के मकान के पीछे थोक सब्जी मंडी के एक व्यापारी का गोदाम है। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे गोदाम में पड़े कचरे में आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग की लपटें मकान के पिछले हिस्से तक पहुंच गईं। उस समय संतोष पवैया अपनी पत्नी और पुत्रवधू के साथ घर में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान बेडरूम की खिड़की का कांच टूटकर नीचे गिरा। परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वहां आग की लपटों के साथ धुआं फैल चुका था। कुछ ही देर में आग ने कमरे में रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय संतोष पवैया के पुत्र वीरेंद्र सिंह पवैया दुकान पर थे। मां का फोन आने पर वे तत्काल घर पहुंचे। इसके बाद दमकल को सूचना देकर आग बुझवाई गई। सूचना पर शुजालपुर सिटी थाने के सहायक उपनिरीक्षक देवी सिंह बड़ोदिया मौके पर पहुंचे थे।

गुलाबगंज-कैंट मार्ग पुलिया से रैलिंग गायब

3 करोड़ की घोषणा के बाद सड़क निर्माण का इंतजार, जर्जर पुलिया पर हादसों को न्योता

दैनिक अवन्तिका ›› गुना



शहर के कैंट चौराहे से गुलाबगंज जाने वाले मार्ग की बदहाली लंबे समय से चर्चाओं में है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका है। इस मार्ग पर स्थित नाले की पुरानी और जर्जर पुलिया राहगीरों के लिए खतरे का सबब बनी हुई है। पुलिया की हालत खराब होने के साथ ही दोनों ओर लगी सुरक्षा रैलिंग भी लंबे समय से गायब है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदारों की ओर से अब तक कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं।

दरअसल गुलाबगंज जाने वाला यह मार्ग केवल शहर के आसपास के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों के लिए भी रोजाना आवागमन का प्रमुख रास्ता है। इसके अलावा भादौर होते हुए यह मार्ग आरोन को भी जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं। इसके बावजूद पुलिया के दोनों किनारों पर सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। पुलिया के आसपास आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी दुर्घटना की आशंका बढ़ा रहा है। रात के समय पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से खतरा और बढ़ जाता है।

पुलिया के दोनों ओर गंदगी का अंबार, बदबू से लोग परेशान- पुलिया की बदहाल स्थिति के साथ ही आसपास स्वच्छता व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। दोनों ओर कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे गंदगी और दुर्गंध का वातावरण बना रहता है। स्थानीय लोगों को आवागमन के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जर्जर पुलिया हादसों को न्योता दे रही है, वहीं दूसरी ओर कचरे और आवारा मवेशियों ने इस मार्ग की समस्या को और गंभीर बना दिया है।

सिंधिया ने मंच से की थी तीन करोड़ रुपये की घोषणा- गौरतलब है कि 18 सितंबर 2026 को अपने गुना दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री एवं गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को गुलाबगंज क्षेत्र के रहवासियों की नाराजगी का सामना करना पड़ा था। क्षेत्रवासियों ने सड़क की बदहाली को लेकर सड़क नहीं तो वोट नहीं जैसे नारों के जरिए अपनी मांग रखी थी। जनता की समस्या को देखते हुए सिंधिया ने मंच से ही गुलाबगंज से कैंट चौराहे तक सड़क निर्माण के लिए तीन करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। उस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से प्राप्त 15 करोड़ रुपये की विशेष निधि में से इस सड़क को प्राथमिकता देते हुए तीन करोड़ रुपये आवंटित करने की बात कही थी।

साथ ही जिला कलेक्टर को सड़क का एस्टीमेट शीघ्र तैयार कराने और टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने आश्वस्त किया था कि बरसात के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन और कनेक्टिविटी मिल सके।

घोषणा के बाद भी काम शुरू नहीं, जिम्मेदारों से सवाल-बरसात का दौर बीतने के बाद भी सड़क निर्माण की शुरुआत नहीं होने से क्षेत्रवासियों में निराशा है। लोगों का सवाल है कि जब तीन करोड़ रुपये की घोषणा हो चुकी है और एस्टीमेट व टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश भी दिए गए थे, तो फिर निर्माण कार्य अब तक किस वजह से शुरू नहीं हुआ? सबसे गंभीर चिंता जर्जर पुलिया को लेकर है, जहां किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी या समय रहते सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। क्षेत्रवासियों की मांग है कि सड़क निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही जब तक पुलिया का निर्माण या मरम्मत नहीं होती, तब तक दोनों ओर मजबूत रैलिंग, चेतावनी संकेतक और अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी अनहोनी से पहले लोगों की जान सुरक्षित रखी जा सके।

पितृ स्मृति वन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने किया पौधारोपण

गुना को हरा-भरा और खुशहाल बनाने के अभियान को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प



दैनिक अवन्तिका ›› गुना

शहर को हरा-भरा और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से संचालित पौधारोपण अभियान के तहत मंगलवार शाम पितृ स्मृति वन में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह तथा शहर के वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम नारायण राठौर (भजन दादा) विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति के बीच पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

दरअसल पितृ स्मृति वन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहर में हरियाली बढ़ाने के साथ ही पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना और अधिक से अधिक नागरिकों को पौधारोपण अभियान से जोड़ना रहा। इस दौरान गुना को स्वच्छ, सुंदर, हरा-भरा और खुशहाल बनाने के लिए सामूहिक सहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। शहर के नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने व्यस्त समय में से कुछ पल निकालकर इस अभियान में सहभागी बनें और पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत कार्य को जनआंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम का आयोजन पितृ स्मृति वन समिति एवं फिट इंडिया क्लब, गुना के तत्वावधान में किया गया।

उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत लंबे समय से पितृ स्मृति वन के मेहनतकश अनवरत रूप से काम करने वाले पर्यावरण प्रेमी सरदार अनूप सिंह सोढ़ी और फिट इंडिया क्लब के इंजी गुलाब राय का अमूल्य योगदान है। आज प्रशासन जिस काम को नहीं कर पाया उस काम को उन्होंने समाजसेवियों की मदद से कर दिखाया। शहर के डिवाइडर जो एक समय सूखे और पथरीले तथा कोपरा से भरे पड़े थे जिनमें हाथों से मिट्टी भरकर पौधे लगाए और उन पौधों में रोजाना पानी दिया जाकर डिवाइडरों को हराभरा बनाया।

अन्नकूट महोत्सव में जुटे समाजजन

नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच राघवपुर ऊंटवास का आयोजन, सहयोगियों के प्रति जताया आभार

बड़नगर। दीपावली के पावन पर्व पर श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच राघवपुर ऊंटवास द्वारा सोमवार, 9 नवंबर 2026 को समाज की धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव एवं समाज मिलन समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धा, भक्ति और आत्मीयता के साथ सम्पन्न आयोजन में स्थानीय एवं बाहर से आए समाजबंधुओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर श्री राम मंदिर एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन और आरती की गई। तत्पश्चात समाजजनों ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। सामाजिक मिलन के इस आयोजन ने आपसी स्नेह, सद्भाव और एकजुटता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया।

समारोह में चिंतामन रोड स्थित समाज की धर्मशाला, उज्जैन के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा (इटावा) सहित बड़नगर एवं अन्य स्थानों से आए समाजबंधु सम्मिलित हुए। उपस्थित समाजजनों में दिनेश शर्मा पटवारी, सुरेश व्यास, जगदीश शर्मा, उदय अग्निहोत्री,सुनील मंडलोई,सतीश शर्मा, बद्रीलाल शर्मा सर, ओम व्यास, अरविन्द व्यास, हेमन्त शुक्ल, सत्यनारायण पटवारी,



मदनलाल शर्मा, मिश्रीलाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा काका, दुर्गाशंकर पटेल, कांतिलाल व्यास, लीलाधर शर्मा, गोरधनलाल काका, भरत मंडलोई एवं संतोष शर्मा शामिल थे। इसी प्रकार सर्वश्री पवन बंधु, दिनेश धबाई, गोरधनलाल शर्मा धबाई, धीरज पटेल, सतीश भोला, अशोक शर्मा भानेज, राम कृष्णा पटेल, अंकित शुक्ल, रघुनंदन व्यास, शुभम पटेल सहित अन्य समाजबंधुओं ने भी आयोजन में सहभागिता की। नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच राघवपुर ऊंटवास की ओर से आयोजन को सफल बनाने में तन, मन और धन से सहयोग देने वाले सभी समाजजनों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त किया गया। साथ ही सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार स्नेह एवं सहयोग बनाए रखने की कामना की गई।

भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

बड़नगर। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास के प्रतीक भाईदूज का पर्व बुधवार को नगर सहित पूरे क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल देखने को मिला। बहनों ने स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और अपने भाइयों का तिलक कर उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार, मिठाई भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने यमराज और यमुना की पूजा कर भाईदूज की कथा सुनी। बाजारों में मिठाई, फल, वस्त्र और उपहारों की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। कई बहनें ससुराल से मायके पहुंचीं, जिससे घरों में खुशियों का माहौल दोगुना हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाईदूज की परंपरा पूरे विधि-विधान से निभाई गई। बहनों ने भाइयों के लिए विशेष पकवान बनाए और पूरे परिवार ने एक साथ भोजन किया। कुल मिलाकर भाईदूज का यह पर्व भाई-बहन के स्नेह को और मजबूत कर गया।

खण्डवा की महारानी श्री महालक्ष्मी माता मंदिर में भाईदूज को हुआअन्नकूट महोत्सव

खण्डवा। मंदिर में प्रात: 5.30 बजे मंगला आरती, 6 बजे कांकडा आरती, 8 बजे महाआरती के बाद लक्ष्मी सूक्त का पाठ के बाद अन्नकूट महोत्सव अंतर्गत 256 प्रकार के नैवेद्य का भोग लगाकर दोपहर 1 बजे भोग के दर्शन एवं अन्नकूट महाभोग आरती हुई। माता लक्ष्मी को आज विशेष रूप से बनारसी साडी, स्वर्ण आभूषण से श्रृंगार किया गया। अन्नकूट भोग आरती में खण्डवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने माता लक्ष्मी की पूजा के साथ ठाकुरजी की पूजा अर्चना के बाद मंदिर में 256 प्रकार के अन्नकूट के व्यंजनों का भोग लगाकर आरती की। अन्नकूट भोग पूजा मंदिर पुजारी पं. बसंत महोदय, पंडित कार्तिक ने संपन्न कराई। इस मौके पर सांसद पाटील ने। खंडवा की महारानी माता महालक्ष्मी से प्रदेश के साथ ही खण्डवा में चहुंमुखी विकास हो सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो, ऐसी माता से प्रार्थना करते हुए दीपोत्सव, भाई दूज की सभी को शुभकामना दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, मुकेश तनवे, राजपालसिंह तोमर आदि का अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल, राकेश झंवर, पुजारी पं. बसंत महोदय ने माताजी की चुनरी, साडी भेंट कर सम्मानित किया। अन्नकूट भंडारा दोपहर 4 बजे से आरंभ होकर रात्रि तक सतत चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

बडौद में पहली बार आए बोहरा समाज के धर्मगुरु

बडौद। बोहरा समाज के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब समाज के धर्मगुरु डॉ सैयदना मुफदल सैफुद्दीन साहब पहली बार बडौद नगर पधारे। अपने आला - मौला के दीदार के लिए हजारों की तादाद में बोहरा समाजजन दूर-दूर से बडौद पहुंचे। बडौद पहुंचने पर समाजजनों ने पूरे जोश और अदब के साथ उनका इस्तकबाल किया गया। डॉ सैयद साहब समाज जनों के घर पर पहुंचे और अपने पवित्र कदम रखकर उन्हें कृतार्थ किया। डॉ सैयदना साहब बोहरा मस्जिद पहुंचे जहां उन्होंने समाजजन को वाअज (प्रवचन) दिया। आपने अपने प्रवचन में उन्होंने समाज को एकजुट रहने, इबादत में मन लगाने और बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष रूप से समाज जन को धूम्रपान से दुर रहने की नसीहत दी। धूम्रपान सेहत के लिए हानि कारक है और समाज के हर को इससे बचना चाहिए।

12 से 16 नवंबर तक आयोजित होगा श्रीरामलीला उत्सव, प्रतिदिन होंगी रामकथा के प्रसंगों की प्रस्तुतियां

गुना। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन गुना के सहयोग से जिले में 12 से 16 नवंबर 2026 तक पांच दिवसीय श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन शाम 7 बजे से दशहरा मैदान के सामने स्थित बीज निगम मैदान में श्रीरामकथा के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित लीला प्रस्तुतियां आयोजित होंगी। कार्यक्रम में आमजन के लिए प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

श्रीरामलीला उत्सव के प्रथम दिवस 12 नवंबर को शंकर विवाह, श्रीराम जन्म, ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार के प्रसंगों की प्रस्तुति होगी। 13 नवंबर को धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वन गमन एवं केवट प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी क्रम में 14 नवंबर को दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप एवं सीता हरण, 15 नवंबर को शबरी प्रसंग, श्रीराम-सुग्रीव मैत्री एवं लंका दहन तथा 16 नवंबर को लंका युद्ध, रावण वध एवं श्रीराम राज्याभिषेक के प्रसंगों की प्रस्तुति दी जाएगी। श्रीरामलीला उत्सव की विशेष रूप से परिकल्पित प्रस्तुति लीला गुरुकुल संस्थान, चित्रकूट द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम का आलेख योगेश त्रिपाठी, रीवा, संगीत संयोजन सीताराम सिंह, पटना तथा लीला निर्देशन रामचन्द्र सिंह, भोपाल द्वारा किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आमजन से श्रीरामलीला उत्सव में सहभागिता कर धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लाभ लेने की अपील की गई है।

जैन मंदिर के सेवादारों का श्रीफल एवं वस्त्र भेंटकर किया सम्मान

खंडवा। पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज की वर्षों पुरानी परंपरा के तहत मंगलवार को श्री पोरवाड़ दिगंबर जैन मंदिर में ट्रस्ट एवं समाज के कार्यों में निष्ठापूर्वक सेवा देने वाले सेवादारों का श्रीफल एवं वस्त्र भेंटकर सम्मान किया गया। पोरवाड़ दिगंबर जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि समाज के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में कई वर्षों से तन्मयता के साथ अपनी सेवाएं देने वाले सेवादारों के योगदान को सराहते हुए यह सम्मान किया गया। समाज का कहना है कि ये सेवादार मंदिर, ट्रस्ट एवं समाज के प्रत्येक कार्य में अग्रणी रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। उनके समर्पण और सेवाभाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से सम्मान की यह परंपरा वर्षों से निभाई जा रही है।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि सर्वे न. 485, 486, 487, 488, 489, 490, 491, 492, 495/1365, 499, 500, 501, 502, 503, 504, 505, 506, 507, 509, 509/1366, 510 कुल रकबा 5.7560 हेक्टर, सर्वे नं. 225, 226/1, 226/2, 226/3, 227/2, 227/3 कुल रकबा 2.0280 हेक्टर, सर्वे नं. 235, 236/1/2, 236/2, 495/2/2 कुल रकबा 0.870 हेक्टर, सर्वे नं. 232/2/1, 233/2 कुल रकबा 0.430 हेक्टर, सर्वे नं. 512/1 कुल रकबा 0.420, सर्वे नं. 226/5, 228/2, 229, 230, 232/2/2 कुल रकबा 0.9420 हेक्टर सभी सर्वे नम्बर का कुल रकबा 10.446 हेक्टर जो ग्राम तराना कस्बा तहसील तराना जिला उज्जैन में स्थित है। उपलब्ध कराये दस्तावेज अनुसार उक्त भूमि के भूमि स्वामी क्रमश: रामप्रसाद गोठी पिता बद्रीलालजी गोठी, मयंक कुमार गोठी पिता रामप्रसादजी गोठी, पूजा गोठी पति मयंक गोठी एवं लक्ष्मीबाई गोठी पति रामप्रसादजी गोठी निवासीगण तोबरीखेडा तराना हैं तथा संबंधित राजस्व रिकार्ड में भी उक्त भूमि पर इनका नामांतरण दर्ज है जिनसे उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा टोकन राशि अदा कर दी है। अत: यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, आदि का कोई ऋण, भार, आदि हो या इसके स्वामित्व अधिकार, कब्जा, विक्रय आदि के संबंध में आपत्ति हो या इसमें किसी का हक, हिस्सा, पारिवारिक विवाद आदि हो या कोर्ट कार्यवाही चल रही हो या इसके विक्रय होने के संबंध में कोई आपत्ति हो या अन्य किसी से कोई सौदा किया हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त भूमि का टायटल क्लीयर मानते हुए विधिवत रूप से रजिस्ट्री कराने के लिये स्वतंत्र रहेंगे तथा इसके पश्चात कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के अधिकारों के मुकाबले मान्य नहीं होगा। इति दिनांक: 12.11.2026

रवि एस. मित्तल, एडवोकेट
कार्यालय डी-11, भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड़, उज्जैन
मो.9826085675, 94068-85675

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने भारत पिता श्री नरसिंह जाति-बलाई (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम केशरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) कृषक-ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-346/1/1 रकबा 0. 36 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-346/2/4 रकबा 0.33 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-347/2 रकबा 0.17 हैक्टर कुल किता-3 कुल रकबा 0.86 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम निपान्या सुनार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-11.11.2026

कु.मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर
सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. 9826887494

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने 1-लक्ष्मणसिंह चौहान पिता श्री विक्रमसिंह जाति-राजपूत (सामान्य) निवासी ग्राम निनौरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) 2-रोहितसिंह सोनगरा पिता श्री जितेंद्र सिंह जाति-राजपूत (सामान्य) निवासी ग्राम रामवासा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) कृषक ग्राम नायाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-278/2 रकबा 0.33 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-281 रकबा 0.29 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.62 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम नायाखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का मौखिक सौदा किया गया होकर टोकन राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो।

दिनांक 11.11.2026

कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर
सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. 9826887494

न्यूज-कॉलम

जगतपुरा में हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती के साथ अन्नकूट संपन्न

मंदसौर । जगतपुरा स्थित शक्ति धार्मिक एवं सामाजिक विकास कल्याण सेवा समिति वार्ड नं. २९ के तत्वाधान में भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। अनुष्ठान का शुभारंभ वार्ड की नन्हीं बालिकाओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिसके बाद विधि-विधान से महाआरती की गई। समाजसेवी सुनील बंजारिया ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग दो हजार श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति प्रभारी महेश पोखरना, अध्यक्ष सुनीता मनीष भंडारी, मोना कुंवर, वार्ड पार्षद व स्वास्थ्य चेयरमैन दीपमाला मकवाना, रमेश परमार, आनंद पाठक, कमलेश लक्षकार, राजेंद्र पाठक, सत्यनारायण परमार, सुमित व्यास, हीरालाल भोई, पिंकेश भाटी, विक्रम राठौर, गोपाल परमार और चन्दू मकवाना सहित वार्ड के वरिष्ठजनों की सक्रिय भूमिका रही।

एनडीपीएस एक्ट में फरार ईनामी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से एनडीपीएस एक्ट में फरार 20 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की। पकड़ा गया आरोपी पुष्करदास (26) पिता कमलदास बैरागी निवासी रावटी थाना सीतामऊ, है। वह थाना कोतवाली जिला बांसवाड़ा के एनडीपीएस एक्ट में घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था, जिस पर बांसवाड़ा पुलिस अधीक्षक द्वारा ईनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु संबंधित थाने को सूचित कर दिया गया है।

पटाखे फोड़ने को लेकर विवादः दुकान के सामने युवकों से मारपीट और घर में घुसकर महिला पर हमला, हिंदू संगठनों ने की आरोपियों के जुलूस की मांग

शाहिद और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

स्टेशन रोड थाना अंतर्गत गांव सनावदा में सोमवार रात पटाखे फोड़ने के विवाद को लेकर एक दुकान के सामने जमकर मारपीट और हंगामा हुआ। आरोपियों ने महिला के साथ भी मारपीट करते हुए धमकी दी। पुलिस ने मुख्य आरोपी शाहिद और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

समाचार वेबसाइट सदस्यता

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी गई शिकायत में अर्जुन राणा पिता मांगीलाल राणा ने बताया कि वह मजदूरी करता है। सोमवार रात करीब 9.30 बजे वह अपने दोस्तों अशोक भूरिया और रोहित सिंगाड़ के साथ शाहिद की दुकान के सामने सड़क पर पटाखे फोड़ रहा था। इसी दौरान शाहिद ने पटाखे फोड़ने से मना किया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर शाहिद अपने दो साथियों के साथ आया और तीनों के साथ मारपीट की। इस घटना में अर्जुन की पीठ तथा अशोक के दाहिने हाथ की हथेली, कोहनी और कमर में चोटें आईं, साथ ही आरोपियों ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए।

रोहित के घर पहुंचकर महिला को भी पीटा

विवाद की जानकारी मिलने पर रोहित और सुनीताबाई बीच-बचराव करने पहुंचे, जिस पर आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की।

इसके बाद रोहित और सुनीताबाई अपने घर चले गए, लेकिन शाहिद अपने साथियों के साथ रोहित के घर जा पहुंचा और दोनों के साथ मारपीट की। इस हमले में रोहित के बाएं पैर के पंजे, घुटने और दोनों हाथों की हथेलियों में चोट आई, जबकि सुनीताबाई के गाल पर थप्पड़ मारे गए। बीच-बचराव करने आए सुनील को भी आरोपियों ने धमकी दी कि यदि दोबारा दुकान के सामने पटाखे फोड़े तो जान से खत्म कर देंगे।

संगठन पहुंचे थाने, जुलूस निकालने की मांग

घटना से आक्रोशित पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। मंगलवार दोपहर को हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल और जयस संगठन के कार्यकर्ता पीड़ित पक्ष के साथ थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मांग की कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला जाना चाहिए। जयस जिलाध्यक्ष दीपक निनामा ने भी आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई। स्थिति को संभालते हुए सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया और थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम ने कार्यकर्ताओं एवं पीड़ित पक्ष को समझाया तथा जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिया, जिसके बाद सभी लोग लौट गए। पुलिस फिलहाल एक आरोपी को हिरासत में लेकर बाकी दो की तलाश कर रही है।

न्यूज कालम



गौशाला में 450 से अधिक गोवंश का पूजन व गोसेवकों का सम्मान

मंदसौर । जिले के ग्राम कुंचड़ौद स्थित श्री सांवलिया गौशाला में गोवर्धन पूजा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर 450 से अधिक गोवंश का विधिवत पूजन कर उन्हें सूर्योदय से सूर्यास्त तक विभिन्न व्यंजनों का आहार कराया गया। युवाओं ने गौसेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया, वहीं महिलाओं ने घरों के बाहर गोमय से आकर्षक गोवर्धन महाराज की आकृतियां बनाकर पूजा-अर्चना की। समारोह में गौशाला समिति द्वारा महिला-पुरुष गौसेवकों को मिठाई और वस्त्र हेतु नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जावरा तहसील के ढोढर स्थित जीवदया गौशाला ग्रुप के सदस्यों आसाराम गुर्जर, मोहनसिंह, मंगलसिंह, सोनू एवं शेरसिंह ने गौमाता का पूजन कर गौसेवकों को मालाएं, खजूर-मेवा मिठाई के पैकेट और स्टील की भोजन थालियां भेंट कीं। गौशाला समिति ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन योग गुरु बंशीलाल टांक ने किया तथा आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष आजाद कुमार जैन ने व्यक्त किया।

नीमच जिले में भी श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ गोवर्धन पूजा

नीमच। जिले मे दीपावली के दूसरे दिन मनाए जाने वाले



गोवर्धन पूजा का पावन पर्व नीमच जिले मे पूरी श्रद्धा, परंपरा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों नीमच सिटी,ग्वालटोली, इंदिरा नगर, बघाना और अन्य मोहल्लों में स्थानीय नागरिकों ने गोवर्धन महाराज की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई द्य जहाँ ग्वालटोली, इंदिरा नगर, बघाना एवं नीमच शहर के अन्य क्षेत्र. गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट महोत्सव भी संपन्न हूआ। शहर के विभिन्न धर्मस्थलों मंदिरों आश्रम में अनुकूल महोत्सव संपन्न हुआ। जिसमे मुख्य रूप से ग्वालटली, जमुनिया बालाजी, किलेश्वर महादेव, आदि पर विशेष पूजा हवन के पश्चात ५६ भोग सहित अन्नकूट महोत्सव का कार्यक्रम समाज में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।घरों के बाहर और गलियों में गोबर से गोवर्धन पर्वत की प्रतिकृति बनाकर पारंपरिक रूप से विधिवत पूजा की गई। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने गोवर्धन महाराज को रोली, अक्षत, फूल, दीपक और भोग अर्पित किए। गोवर्धन पूजा के इस पावन अवसर पर लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा कर प्रकृति और गोवंश के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

होमगार्ड की भूमि कृषि उपज मंडी को आवंटित की जाये- पूर्व विधायक

मन्दसौर। पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह



सिसौदिया ने मंदसौर कलेक्टर को पत्र लिखकर नगर सेवा होमगार्ड की भूमि कृषि उपज मंडी को आवंटित करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि मंडी में वाहनों के दबाव और उपज की भारी आवक के कारण मुख्य मार्ग पर लगातार जाम की स्थिति बन रही है और वर्तमान परिसर छोटा पड़ रहा है। श्री सिसौदिया ने बताया कि मंडी के ठीक सामने सर्वे नंबर 522/1 में होमगार्ड की लगभग 45 बीघा (9.0400 हेक्टर) भूमि उपलब्ध है। होमगार्ड के पास वहां बहुत अधिक निर्माण नहीं है, इसलिए उन्हें शहर के बाहर अन्यत्र भूमि आवंटित की जा सकती है। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया कि वे जनप्रतिनिधियों, किसानों, व्यापारियों, हम्मालों और तुलावटियों से विचार-विमर्श कर इस भूमि विनिमय का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें।

राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने की सघन जांच

नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जिले में अवैध रूप से शराब पिलाने की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए राजस्व, पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 9 नवंबर की देर रात्रि नीमच बायपास हाईवे तथा जैतपुरा फंटे से नयागांव तक संचालित होटल-ढाबों की सघन जांच की गई। संयुक्त दल ने शराब पिलाने के उद्देश्य से बैठक व्यवस्था उपलब्ध कराने वाले संदिग्ध 11 होटल-ढाबों पर दबिश देकर जांच की। इस दौरान भरभड़िया नाका के पास स्थित किंगफिशर ढाबे पर ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाने का मामला सामने आया। इस पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 के अंतर्गत एक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। साथ ही सभी होटल-ढाबा संचालकों को अपने परिसर में शराब न पिलाने की सख्त हिदायत दी गई। यह कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. दांगी के निर्देशन में की गई।

मासूम से दरिंदगी और धारियाखेड़ी की युवती की मौत ने कानून व्यवस्था की खोली पोल

गरोठ की मंदसौर में बेटियां असुरक्षित : किसान नेता श्यामलाल जोकचंद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



मंदसौर जिले में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर सामने आ रही लगातार गंभीर घटनाओं पर किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने जिला पुलिस प्रशासन एवं प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं।

जोकचंद ने कहा कि गरोठ में 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य दरिंदगी ने पूरी इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। जिस उम्र में बच्चियों को सुरक्षित बचपन और परिवार का स्नेह मिलना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हैवानियत का शिकार होना पड़ रहा है। इस घटना को लेकर पहले ही पूरा जिला आक्रोशित है। वहीं दूसरी ओर यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र के धारियाखेड़ी गांव में 19 वर्षीय युवती द्वारा कथित ब्लैकमेलिंग और प्रताड़ना से परेशान होकर सल्फास का सेवन करने तथा उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि धारियाखेड़ी की घटना में एक युवक पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती को ब्लैकमेल और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। आखिर ऐसी धमकियों और प्रताड़ना पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो पाती? वहीं गरोठ की मासूम के मामले में भी सामने आए घटनाक्रम और पुलिस की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है।उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की कि दोनों मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। सभी आरोपियों की पहचान कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। डिजिटल एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों को सुरक्षित रखते हुए किसी भी आरोपी को संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। साइबर ब्लैकमेलिंग के मामलों में त्वरित कार्रवाई की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। उक्त आरोप किसान नेता जोकचंद ने लगाते हुए जिला पुलिस प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

गांव हरवार की बेटी माया गुर्जर ने मेहंदी कला में रचा इतिहास

नीमच। कहते हैं कि हुनर किसी पहचान का मोहताज नहीं होता और जब मेहनत के साथ जुनून का संगम हो जाए, तो सफलता खुद कदम चूमने लगती है। कुछ ऐसी ही मिसाल पेश की है नीमच जिले के छोटे से गांव हरवार की बेटी और राजस्थान के निम्बाहेड़ा की बहू माया गुर्जर ने, जिन्होंने अपनी अद्भुत मेहंदी कला से ऐसा कमाल कर दिखाया कि देखने वाले भी दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो जाएं हरवार निवासी घीसालाल



गुर्जर की बेटी माया पति अमित गुर्जर को बचपन से ही मेहंदी कला के प्रति गहरा लगाव रहा है। बचपन में पनपा यह शौक आज उनके लिए हुनर की पहचान और सफलता की नई इबारत लिखने का जरिया बन गया है।माया ने अपनी कला का ऐसा जादू बिखेरा कि हरखियाखाल के प्रसिद्ध बालाजी महाराज की भव्य तस्वीर मेहंदी से तैयार कर दी । इस अदभूत कलाकृति को आकार देने में उन्हें लगातार करीब 13 घंटे तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हाथों की बारीकी, एकाग्रता और धैर्य का ऐसा संगम देखने को मिला कि मेहंदी की हर लकीर मानो अपनी कहानी खुद बयां कर रही हो। माया ने ऐसी ही अन्य देवी देवताओं की आकृतियां भी मेहंदी से सजाई है। यह महज मेहंदी से बनाई गई तस्वीर नहीं, बल्कि माया की अटूट श्रद्धा, समर्पण और कला के प्रति जुनून का जीवंत प्रमाण है। जहां आज लोग सफलता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए शॉर्टकट तलाशते हैं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों, सीएम हेल्पलाइन, अंतर विभागीय समन्वय एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ अपने-अपने अनुविभाग में खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच करने तथा मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय एवं निर्माण पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने सभी नगरीय निकायों को फायर ब्रिगेड की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक आयोजनों एवं सार्वजनिक भवनों में फायर सेफ्टी के इंतजामों की जांच करने तथा आवश्यकतानुसार फायर सेफ्टी एनओसी की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कम रैंकिंग वाले विभागों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण कर अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित हो।

सात वर्षीय मासूम से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में एक सात वर्षीय मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल की तस्दीक कराने और अदालत में पेश करने के दौरान इलाके में पैदल जुलूस निकाला। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटनास्थल आरोपी के घर से मात्र पचास मीटर की दूरी पर था। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया है कि वह मासूम बालिका को संतरा दिलाने का लालच देकर अपने पास ले गया था, जिसके बाद उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया और बच्ची की जान ले ली।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सभी भौतिक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को राउंडअप कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आरोपी के इकबालिया बयान के आधार पर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में एक ही आरोपी शामिल है और गैंगरेप की बात पूरी तरह से निराधार है। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने इस प्रकरण को विशेष चिन्हित अपराध श्रेणी में शामिल किया है ताकि त्वरित जांच पूरी कर अदालत में फास्ट ट्रैक ट्रायल कराया जा सके और आरोपी को कठोरतम सजा दिलाई जा सके। आरोपी के खिलाफ हत्या और पॉक्सो एक्ट समेत कानून की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

अ.भा. पूर्व सैनिक सेवा परिषद का दीपावली मिलन समारोह 15 नवम्बर को

मन्दसौर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर के अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालड़ी ने बताया कि परिषद की नाहरगढ़ इकाई द्वारा पूर्व सैनिक एवं सैनिक परिवार का दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रविवार, 15 नवंबर को प्रातः 9.30 बजे नाहरगढ़ (कचनारा) स्थित रामदेवजी मंदिर परिसर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सैनिक परिवार तथा वीर नारियां शामिल होंगी।

15 लाख की चोरी करने वाले 5 आरोपीगण को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

मध्यप्रदेश शासन एवं गृह विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधिन चिन्हित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की विशेष मॉनीटरींग किये जाने के निर्देश जिले के पुलिस अधीक्षकों को दिये हैं, उसी अनुरूप नीमच जिले के विभिन्न न्यायालयों में विचाराधिन चिन्हित जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की मॉनटरींग जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा सुक्ष्मता से की जा रहीं हैं, जिसके सफल परिणाम आ रहें हैं। इसी तारतम्य में रामपुरा न्यायालय में विचाराधिन एक प्रकरण में दोषसिद्धि होकर अभियुक्तगण को दण्डित किया गया हैं।

फरियादी अली असगर ने थाना रामपुरा पर आकर सूचना दी कि वह बाबा मुल्ला खान साहब की दरगाह में मैंनेजर के पद पर कार्य करता हैं। घटना दिनांक को उनके सहायक मुस्तफा भाई ने बताया कि दरगाह की दानपेटी चोरी हो गई हैं। जाकर देखने पर पता चला कि दानपेटी दरगाह के पीछे पड़ी हुई हैं, जिसमें से लगभग 14 लाखा 96 हजार रूपयों की चोरी हो गई हैं। फरियादी की सूचना पर से अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। विवेचक निरीक्षक प्रतीक रॉय द्वारा विवेचना के दौरान दरगाह के सीसीटीवी कैमरे को चैक किये जाने पर उसमें दो व्यक्ति दरगाह के पीछे के दरवाजे छिटकनी तोड़कर अंदर घुसे और कैमरे से छेड़खानी की फिर दानपेटी तोड़ने की कोशिश करते हुवे दिखाई दिये, पर जब दानपेटी नहीं टूटी तो वह दानपेटी को दरगाह के पीछे ले जाकर उसको तोड़कर उसमें रखे रूपयो चोरी कर जाते हुवे दिखाई दिये। सीसीटीवी के आधार पर आरोपीगण की पहचान की गई तथा उनको गिरफ्तार किया गया और आरोपी कैलाश के कब्जे से 29 लाख रुपए जब्त किये।

गांधीसागर पंपड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना- देश की सबसे बड़ी हरित ऊर्जा पहल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर



नीमच जिले के रामपुरा तहसील के खेमला ब्लॉक में ग्रीनको ग्रुप द्वारा 11,500 करोड़ रुपये की लागत से देश की सबसे बड़ी 1920 मेगावाट क्षमता वाली गांधीसागर पंपड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना विकसित की जा रही है।

परियोजना के वाइस प्रेसिडेंट नवीन कुमार लक्ष्मण की उपस्थिति प्रोजेक्ट मैनेजर श्रीनिवास ने पत्रकारों को बताया कि लगभग 414 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस परियोजना में गांधीसागर जलाशय के पानी का गैर-उपभोक्ता रूप से बार-बार चक्र के रूप में उपयोग होगा, जिससे पानी की कोई खपत नहीं होगी। इसमें अतिरिक्त सौर और पवन ऊर्जा से पानी को ऊपरी जलाशय में पंप किया जाएगा और बिजली की अधिक मांग के समय टरबाइन के जरिए लगातार 6 घंटे तक 1920 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा।

लगभग 60 किमी दूर मंदसौर के सबस्टेशन से जुड़ी इस परियोजना के पहले सेट का संचालन दिसंबर 2026 और पूर्ण वाणिज्यिक संचालन जून 2027 तक शुरू होने का लक्ष्य है। इसके निर्माण चरण में 4.000 लोगों को रोजगार मिला है और संचालन में 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा, जिसमें स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस परियोजना से मिलने वाली किफायती पीक-आवर्स बिजली से डिस्कॉम्स को भारी वित्तीय बचत होगी और देश के डी-कार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को गति मिलेगी। इसके साथ ही, गांधीसागर क्षेत्र में फ्लोटिंग सोलर, वैज्ञानिक मत्स्य पालन, जल जीवन मिशन, चीता प्रोजेक्ट, हिंगलाजगढ़ किले का संरक्षण और गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल के माध्यम से इस क्षेत्र का चहुंमुखी सामाजिक-आर्थिक और पर्यटन विकास तेजी से हो रहा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- संजय कुमार पिता जुगल किशोर अग्रवाल क्रेता- निशांत खंडेलवाल गिरीश खंडेलवाल पता- 86 वेलेसिया ग्रीन इन्दौर पिन- 1003879215 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- संजय अग्रवाल पिता जुगल किशोर क्रेता- भारती कौशल पति प्रदीप कौशल, प्रदीप कौशल हरिप्रसाद कौशल पता- 24 वेलेसिया ग्रीन इन्दौर पिन- 1003879215 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- संजय कुमार पिता जुगल किशोर अग्रवाल क्रेता- भारती लालवानी पति आर.के. लालवान, वरुण लालवानी पिता राधाकिशन लालवानी पता- 03 सोमती नगर इन्दौर पिन- 1003879215 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव नियुक्त

भोपाल। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा तथा प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव की सहमति से जारी इस सूची में सक्रिय कार्यकर्ता मुकेश खत्री को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन में समर्पित, निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई है। श्री खत्री की इस नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होगा और आगामी अभियानों को गति मिलेगी। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस पदाधिकारियों, सेवादल के साथियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

सारंगपुर के पंडित वाडी मोहल्ले में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ की गोवर्धन पूजा



सारंगपुर। दीपावली के पावन पर्व के ठीक अगले दिन मनाए जाने वाले गोवर्धन पूजा के त्योहार पर शहर के पंडित वाडी मोहल्ले में महिलाओं ने पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ गोवर्धन पूजा की। मोहल्ले की महिलाओं ने गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसकी विधिवत पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और गोवर्धन महाराज को अन्नाकूट का भोग अर्पित किया। पूजा के बाद सभी ने परिक्रमा कर भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन पर्वत का आशीर्वाद लिया। पंडित वाडी मोहल्ले में इस धार्मिक आयोजन से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

भाजपा सांसद के बयान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, पुतला फूंका



राजगढ़। भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा के किसानों पर कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में बुधवार को राजगढ़ में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने सांसद का पुतला फूंका और नारे लगाए। दरअसल, 9 नवंबर को भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा था- किसान 3 महीने खेती में मेहनत करते हैं। बाकी के 9 महीने ताश, राजश्री, बोतल, चोंगी और जय भोले चढ़ाते हैं। इसी बयान पर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसानों की मेहनत और समर्पण पर सवाल उठाना उनका अपमान है। उन्होंने कहा कि इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला कांग्रेस किसान संघ के महामंत्री केसर तंवर ने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके देश का पेट भरता है। ऐसे में उसकी मेहनत पर सवाल उठाना गलत है। उन्होंने सांसद के खिलाफ नारे लगाए और बयान की निंदा की। कांग्रेस प्रवक्ता एहतेशाम सिद्दीकी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और देश की आत्मा किसानों में बसती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों का अपमान करने वालों का विरोध करेगी। सिद्दीकी ने कहा कि जनार्दन मिश्रा को किसी भी सार्वजनिक मंच पर चढ़ने नहीं दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान विजयपाल सिंह भाटी, कमाल खान, लोकेश दुबे, नयन विजयवर्गीय और सिराज खान सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री राम मंदिर धर्मशाला में गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन, गोबर से बनाई गोवर्धन जी की विशाल आकृति

कान्हा की गोवर्धन उठाने की आकृति ने मोहा मन, 56 भोग अर्पित कर की सामूहिक आरती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



दीपोत्सव पर्व के अंतर्गत नगर के श्री राम मंदिर धर्मशाला में प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा का भव्य आयोजन किया गया. आयोजन भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन जी की पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लिया। आयोजन में गोबर से गोवर्धन जी की विशाल आकृति बनाई गई। इसके साथ ही कान्हा द्वारा अपनी कनिष्ठा अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की आकर्षक आकृति भी तैयार की गई। गोवर्धन जी की सजावट और आसपास की गई आकर्षक साज-सज्जा इतनी मनमोहक रही कि पूरा परिसर गिरिराज जी की नगरी जैसा नजर आ रहा था। गोवर्धन जी की परिक्रमा करने और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजन स्थल पर पहुंचने वाले भक्त इस धार्मिक सजावट को देखकर आकर्षित हुए।

56 भोग अर्पित कर किया अन्नकूट प्रसादी का वितरण

गोवर्धन पूजन के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के पकवानों, सब्जियों, मिठाइयों और फलों से तैयार 56 भोग का अन्नकूट अर्पित किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से गोवर्धन जी की आरती की गई। आरती में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान के जयकारे लगाए। आरती के पश्चात सभी भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई, जिससे आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बना रहा।

गौवंश के संरक्षण और सम्मान का दिया संदेश

आयोजनकर्ता भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चंद्रावत ने बताया कि गोवर्धन पूजा भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस आयोजन का उद्देश्य गौवंश के प्रति सम्मान, गौसेवा और संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना भी है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मप्रेमियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा।

अन्नकूट महोत्सव में जुटे समाजजन

नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच राघवपुर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



दीपावली के पावन पर्व पर श्री नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज सकल पंच राघवपुर ऊंटवास द्वारा सोमवार, 9 नवंबर 2026 को समाज की धर्मशाला में अन्नकूट महोत्सव एवं समाज मिलन समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धा, भक्ति और आत्मीयता के साथ सम्पन्न आयोजन में स्थानीय एवं बाहर से आए समाजबंधुओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर श्री राम मंदिर एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन और आरती की गई। तत्पश्चात समाजजनों ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। सामाजिक मिलन के इस आयोजन ने आपसी स्नेह, सद्भाव और एकजुटता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान किया।

समारोह में चिंतामन रोड स्थित समाज की धर्मशाला, उज्जैन के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा (इटावा) सहित बड़नगर एवं अन्य स्थानों से आए समाजबंधु सम्मिलित हुए। उपस्थित समाजजनों में दिनेश शर्मा पटवारी, सुरेश व्यास, जगदीश शर्मा, उदय अग्निहोत्री,सुनील मंडलोई,सतीश शर्मा, बद्रीलाल शर्मा ओम व्यास, दुगार्शंकर पटेल, गोरधनलाल काका, भरत मंडलोई एवं संतोष शर्मा शामिल थे।

कृषि पंपों की मरम्मत के लिए शहर के वर्कशापों पर लग रही किसानों की भीड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

रबी सीजन की शुरूआत हो चुकी है और किसान अब सिंचाई के कार्य में जुट चुका है। इस बीच शहर में मौजूद वर्कशापों पर कृषि पंपों की मरम्मत के लिए किसानों की भीड लगना शुरू हो चुकी है। इसका मुख्य कारण है कि रबी फसलों गेहूँ, चना, सरसों की बुवाई के लिए सिंचाई की आवश्यकता के लिए मोटर पंप की जरुरत होती है और किसानों को अपनी फसलों की समय पर सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए अपने पंपों को सही कराना पडता है। वर्डशाप के खलील अंसारी ने बताया कि रबी फसलें आमतौर पर अक्टूबर और दिसंबर के बीच बोई जाती हैं, इसलिए इस समय किसान अपनी सिंचाई की तैयारियों में जुट जाते हैं। कई किसानों के पंप पिछले सीजन से खराब पडे होते हैं, या मरम्मत की आवश्यकता होती है। बुवाई से पहले वे इन्हें ठीक कराने के लिए यह हमारे पास पहुँचते हैं। कई किसानों के पास पुराने पंप होते हैं, जिनमें अक्सर कैपेसिटर, बेयरिंग या अन्य पुर्जों में खराबी आ जाती है, जिससे मरम्मत की जरूरत पडती है। दरअसल रबी सीजन में क्षेत्र में किसानों को निर्बाध बिजली नहीं दी जाती है, जिससे वे अपने खेतों में सिंचाई नहीं कर पाते हैं और बार-बार वोल्टेज समस्या से भी उनके पंप खराब होते है और जल जाते है। इस लिए भी पंपों का सही कराना पड़ता है। यह भीड इस बात का संकेत है कि किसान अपनी आने वाली फसल के लिए पूरी तरह तैयार हैं और सिंचाई के साधनों को दुरुस्त करवा रहे हैं।

भाजपा के सांसद और मंत्री किसान विरोधी- पीसीसी अध्यक्ष पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

कांग्रेस पार्टी किसानों के सम्मान और अधिकारों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। भाजपा सांसद के किसान विरोधी इस बयान का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। भारतीय जनता पार्टी का असली चेहरा अब जनता के सामने उजागर हो रहा है। एक ओर भाजपा सरकार और उसके नेता किसानों के हितों की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर पार्टी के सांसद और मंत्री किसानों के प्रति किसान विरोधी बयान देते हैं। इससे भाजपा की कथनी और करनी में अंतर साफ दिखाई देता है। यह आरोप हुए बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उदनखेडी आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं एवं नेताओं द्वारा किए गए स्वागत कार्यक्रम के दौरान रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा द्वारा किसानों को लेकर दिए गए कथित किसान विरोधी बयान पर कडी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सरकार पर लगाए।

सांसद जनार्दन मिश्रा का किया पुतला दहन

इसके पूर्व रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के बयान को किसान विरोधी बताते हुए आक्रोशित कांग्रेस कार्यकताओं ने उदनखेडी में सांसद का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजपा और सांसद के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया।

शहर से गांव तक खुले तेल की बिक्री

जेब को राहत, सेहत पर आफत... सस्ते तेल का बढता कारोबार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

त्योहार हो या रोजमर्रा का भोजन, रसोई में इस्तेमाल होने वाला खाद्य तेल हर घर की जरूरत है, लेकिन यही जरूरत अब सेहत के लिए खतरा बन सकती है। बाजार में सस्ते तेल के फेर में लोग अनजाने में अपनी सेहत से खिलवाड कर रहे हैं। शहर से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों तक खुले तेल और कम कीमत में मिलने वाले बिना ब्रांड के खाद्य तेल की खरीदारी का चलन उपभोक्ताओं के लिए चिंता का विषय है। आकर्षक रंग और चमक देखकर तेल की शुद्धता का अंदाजा लगाना मुश्किल है। कई बार कम कीमत के लालच में उपभोक्ता न तो तेल के ब्रांड की जांच करते हैं और न ही उसकी गुणवत्ता, पैकिंग और निर्माण संबंधी जानकारी पर ध्यान देते हैं। खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों के अनुसार खाद्य तेल की बिक्री और पैकिंग के लिए नियम तय हैं, इसके बावजूद नियमों की अनदेखी उपभोक्ताओं की सेहत पर भारी पड सकती है।

विशेषज्ञों के मुताबिक एक ही तेल को बार-बार गर्म करके इस्तेमाल करना भी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। बार-बार गर्म करने से तेल की गुणवत्ता प्रभावित होती है और उसमें हानिकारक तत्व बनने लगते हैं। ऐसे में होटल, ढाबों और छोटी खाद्य दुकानों पर इस्तेमाल होने वाले तेल की गुणवत्ता की जांच भी जरूरी है।

सस्ते के फेर में महंगी पड सकती है सेहत

डा. अंकित यादव ने कहा कि खाद्य तेल में मिलावट या खराब गुणवत्ता वाला तेल लंबे समय तक इस्तेमाल करने से शरीर पर गंभीर असर डाल सकता है। डा. यादव के अनुसार खराब गुणवत्ता वाले तेल का लगातार सेवन लिवर, ह्रदय और पाचन तंत्र से जुडी समस्याओं का जोखिम बढा सकता है। खासकर बार-बार गर्म किए गए तेल में हानिकारक तत्व बनने की आशंका रहती है।

अव्यवस्था का शिकार हो रहा हायर सेकंडरी स्कूल का खेल ग्राउंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

त्योहार खत्म होते ही इन दिनों बच्चों को खेल गतिविधियों से जोडने के लिए खेल व उत्कृष्ट विद्यालय में क्रिकेट खेलने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों व अन्य खेलो के खिलाड़ियों को विद्यालय ग्राउंड में फैली अनेक प्राकर की अव्यवस्थाओ का सामना करना पड रहा है। नगर के उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान पर यहा पूर्व में बडे स्तर पर टूनार्मेंट आयोजित होता रहा है। लेकिन फिलहाल अभी प्रतिदिन रोजाना सुबह आने वाले खिलाडियों को वहां मौजूद गड्ढों व पत्थरों के कारण लगभग रोज खिलाडी गिर कर घायल हो रहे हैं। खिलाडियों की माने तो उत्कृष्ट विद्यालय के इस खेल मैदान की स्थिति को लेकर पूर्व में कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों को भी जानकारी दी गई लेकिन इस और किसी भी अधिकारी ने अपना ध्यान देना उचित नहीं समझा जिसके कारण अब उक्त ग्राउंड में आने वाले खिलाडियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है।

खेल विभाग भी नही दे देता ध्यान

शहर में खिलाडियों की स्थिति में सुधार करने को कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खेल मैदान होने के बाद भी खेल विभाग द्वारा मैदान की देखरेख नहीं की जा रही है। अब स्थिति यह है कि मैदान खराब होने के कारण खिलाड़ी प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे हैं।

साध्वी वृंद के स्थान परिवर्तन की बोली के लाभार्थी बने विधायक



महिदपुर रोड। नगर में विराजित जैन समाज की परम विदुषी साध्वी अमृत रसा श्री जी तथा उनकी सह योगी साध्वी वृंद के चातुर्मास उपरांत कार्तिक मास की पूर्णिमा के बाद विहार करने की परंपरा से एक दिन पूर्व स्थान परिवर्तन का लाभार्थी नगर के विधायक जैन व उनके बड़े भाई रमेश बोथरा राजेश बोथरा अजीत बोथरा व बोथरा परिवार बनेंगे भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस पर आयोजित धार्मिक आयोजन में स्थान परिवर्तन की समाज की परंपरा अनुसार बोली लगा ई गई जिसमें 1लाख 61 हजार की की प्रथम बोली ल गा कर स्थान परिवर्तन में एक दिन का साध्वी श्री आदि ठाणा अपने परिवार घर में ठहरा कर उनका सानिध्य पाने के लाभार्थी बनेंगे।

धर्मगुरु सैयदना डॉ. मुफद्दल सैफुद्दीन साहब पहुंचे सुसनेर, दीदार कर भावुक हुए समाजजन

■ महिला, पुरुष और बच्चों में दिखा विशेष उत्साह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



बोहरा समाज के धर्मगुरु परम श्रद्धेय सैयदना डॉ. मुफद्दल सैफुद्दीन साहब उज्जैन आगमन के बाद आगर होते हुए सुसनेर पहुंचे। उनके सुसनेर आगमन की जानकारी मिलते ही नगर के बोहरा समाज में हर्ष, उल्लास और उत्साह का माहौल बन गया। धर्मगुरु के आगमन की खबर फैलते ही समाज के लोग उनके दीदार के लिए एकत्रित होने लगे। हर कोई अपने धर्मगुरु की एक झलक पाने को उत्सुक नजर आया।

लंबे समय बाद अपने धर्मगुरु को अपने बीच पाकर समाजजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जैसे ही सैयदना साहब के दीदार हुए, कई समाजजन भावुक हो उठे और उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। किसी के चेहरे पर खुशी झलक रही थी तो कोई श्रद्धा और भावुकता के साथ अपने धर्मगुरु को निहारता नजर आया। इस दौरान महिला, पुरुष और बच्चों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। समाज के बुजुर्गों से लेकर युवाओं और बच्चों तक हर कोई इस पल को अपने लिए सौभाग्यशाली मान रहा था।

उल्लेखनीय है कि सैयदना डॉ. मुफद्दल सैफुद्दीन साहब उज्जैन आगमन के बाद आगर मार्ग से होते हुए सुसनेर पहुंचे थे। यहां समाजजनों को दीदार देने के बाद वे नलखेड़ा के लिए रवाना हो गए। उनके आगमन की यादगार पल को समाज के लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

धर्मगुरु के आगमन को लेकर बोहरा समाज के लोगों में विशेष धार्मिक उत्साह दिखाई दिया। समाजजनों ने श्रद्धा, प्रेम और सम्मान के साथ उनका दीदार किया। लंबे समय से जिस पल का इंतजार था, वह पल सामने आने पर समाज के लोगों की भावनाएं देखते ही बन रही थीं। धर्मगुरु की एक झलक पाकर समाजजनों ने स्वयं को धन्य महसूस किया। उनके आगमन से बोहरा समाज के बीच धार्मिक उल्लास और भक्ति का वातावरण बना रहा।



प्राचीन सिद्धपीठ श्री खेडापति हनुमान मंदिर में भव्य अन्नाकूट महोत्सव 15 को

सारंगपुर। नगर के आस्था के प्रमुख केंद्र प्राचीन सिद्धपीठ श्री खेडापति हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी अन्नाकूट महोत्सव बडे ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। अन्नापूर्णा की अनुकम्पा और खेडापति सरकार की कृपा से सजे इस पावन पर्व पर सभी धर्मप्रेमियों और श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भव्य आयोजन आगामी रविवार 15 नवंबर कार्तिक शुक्ल षष्ठी को संपन्ना होगा। महोत्सव के तहत विभिन्ना धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। मंदिर के पुजारी पंडित पवन पारीक ने बताया कि 15 नवंबर को प्रातःकाल आराध्य देवी-देवताओं का विधिवत पूजन एवं मनमोहक दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे अन्नाकूट भोग एवं भव्य महाआरती होगी। दोपहर 3:00 बजे तक निरंतर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि जो महानरूभाव अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार अन्नकूट के लिए प्रसाद सामग्री का भोग अर्पित कराना चाहते हैं, वे निर्धारित तिथि को प्रातः 11:00 बजे तक मंदिर परिसर में अपनी सामग्री अवश्य पहुँचा दें। आयोजकों ने क्षेत्र की समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे सपरिवार इस पावन महोत्सव में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें और अन्ना को प्रसाद, सेवा को साधना तथा समर्पण को उत्सव बनाकर इस आयोजन को सफल बनाएं।

श्री श्याम गौशाला जबरदी में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गोवर्धन पूजा



सारंगपुर। ग्राम पंचायत जबरदी स्थित श्री श्याम गोशाला में गोवर्धन पूजा का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पद्मश्री मोहन नागर उपस्थित रहे। उनके साथ सरपंच जितेंद्र सिंह राठौड़, ग्राम भारती से रूपेश विश्वकर्मा, बद्रीप्रसाद बामनिया, पूर्व सरपंच शिवनारायण यादव, शिवपाल सिंह राठौड़, बालमोहन सिंह राठौड़, गौशाला के सचिव गोकुल प्रसाद मालवीय, सह सचिव भेरू सिंह सिसोदिया, मुकेश कुमार सेन और जितेंद्र सिंह सहित गांव के कई वरिष्ठ नागरिक और प्रबुद्धजन विशेष रूप से शामिल हुए। सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने गोवंश की विधिवत पूजा-अर्चना कर देश और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पद्मश्री नागर ने गोवंश सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ-सेवा भारतीय संस्कृति का मूल आधार है और इसे सहेजना हम सबका सामूहिक दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान पूरा प्रांगण गोमय और भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और गोशाला के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और गौ माता का पूजन कार्यक्रम आयोजित



सारंगपुर। भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन लीला प्रकृति, पर्यावरण, गौसंरक्षण और लोक कल्याण का अनुपम संदेश देती है। गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, गौ माता के प्रति श्रद्धा और समाज में सेवा एवं समर्पण की भावना को मजबूत करने का पावन पर्व है। इसी धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मंगलवार को सारंगपुर में श्री कपिल मुनि की तपोस्थली स्थित श्री कपिलेश्वर गौशाला पहुंचकर विधि-विधान से गोवर्धन पूजा की। मंत्री टेटवाल ने धरणीधर भगवान श्री कृष्ण एवं श्री बलरामजी की पूजा-अर्चना कर गौ माता का पूजन एवं आरती की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और जनकल्याण की कामना की। मंत्री ने कहा गोवर्धन पूजा का भारतीय सनातन परंपरा में विशेष महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर धारण कर प्रकृति, पर्वत, जल, वनस्पति और गौवंश के महत्व का संदेश दिया था। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि प्रकृति का संरक्षण, जीवों के प्रति करुणा और सामूहिक कल्याण ही सच्चे धर्म का आधार है। भगवान श्रीकृष्ण का गौमाता के प्रति प्रेम और गोपाल स्वरूप आज भी समाज को गौ सेवा एवं संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और हमारी सनातन परंपरा का आधार हैं। गौ सेवा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि जीव मात्र के प्रति करुणा, संवेदना और समर्पण का भाव है। गौमाता का संरक्षण एवं संवर्धन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को गौ सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हमें प्रकृति के संरक्षण, जीवों के सम्मान और लोक कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम में गौशाला के गुरु पवन दास महाराज, कपिलेश्वर गौशाला अध्यक्ष पीएस मंडलोई, पूर्व अध्यक्ष ओपी विजयवर्गीय, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, नपा उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोकुल दंडवानी, बालचन्द दांगी, ओम राठी, अशोक साहू, जितेंद्र सोलंकी, राजेंद्र पालीवाल, गोपाल पाल, बाबू अहिरवार, दिनेश शर्मा, राकेश पुष्पद, यशवंत सोनी, गोपाल राठौर, यशवंत पुरी, रमेश लववंशी, रमेश चन्द जोशी, ओम पुष्पद, संतोष प्रजापति, राजेश पुष्पद, अमित दुबे, रामबाबू नारोलिया, केसी वर्मा सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक एवं सारंगपुर नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरिद्वार स्थित कनखल का दक्षेश्वर महादेव मंदिर

मंदिर से जुड़ा है माता सती का इतिहास



उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित कनखल का दक्षेश्वर महादेव मंदिर देवी सती के आत्मदाह और भगवान शिव के तांडव से जुड़ा है। यहां मौजूद ऐतिहासिक यज्ञ कुंड और दक्ष घाट पर दर्शन व स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस प्राचीन मंदिर का निर्माण 1810 में रानी धनकौर ने करवाया था जिसका 1962 में जीर्णोद्धार हुआ।

उत्तराखंड के हरिद्वार से करीब 4 किमी दूर कनखल में दक्षेश्वर महादेव मंदिर है। इस मंदिर को दक्ष प्रजापति मंदिर भी कहा जाता है। यह पवित्र स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जिस स्थान पर दक्षेश्वर महादेव मंदिर है, उस स्थान पर देवी सती ने अग्निदाह करके अपने प्राणों को त्याग दिया था। भगवान शिव ने प्रलंयकारी तांडव किया था। वहीं सावन के महीने में और महाशिवरात्रि के मौके मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ होती है। इस दौरान भक्त पूजा-अर्चना और महादेव के दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं।



दक्षेश्वर महादेव मंदिर की पौराणिक कथा...

पौराणिक कथा के मुताबिक देवी सती के पिता राजा दक्ष ने कनखल में एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को बुलाया गया था। लेकिन राजा दक्ष ने माता सती और भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिया। माता सती ने भोलेनाथ से इस यज्ञ में जाने की इच्छा जताई, लेकिन भगवान शिव ने उनको मना कर दिया। जिस पर माता सती ने पिता के यज्ञ में जाने की जिद करने लगीं, तो भगवान शिव ने उनको यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। जब मां सती यज्ञ स्थल पर पहुंची, तो राजा दक्ष ने महादेव का घोर अपमान किया। देवी सती अपने पति भगवान शिव का अपमान सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने उसी यज्ञ कुंड में कूदकर जान दे दी और अपने प्राण त्याग किए। देवी सती के के आत्मदाह की घटना का जब भगवान शिव को पता चली, तो उनको इतना क्रोध आया कि वह प्रलयंकारी तांडव करने लगे। भगवान शिव ने राजा दक्ष का सिर काटने के लिए वीरभद्र को भेजा।

इसके बाद राजा दक्ष ने माता सती और उनके साथ उचित व्यवहार नहीं किया था। वीरभद्र द्वारा सिर काटे जाने के बाद अन्य देवताओं के अनुरोध पर भगवान शिव ने राजा दक्ष के धड़ पर बकरे का सिर लगाकर उनको फिर से जीवित कर दिया। इसके बाद राजा दक्ष ने अपनी भूल के लिए महादेव से क्षमा मांगी।


दक्षिण भारत में धन, सफलता और समृद्धि की प्राप्ति के लिए भगवान वेंकटेश्वर, अष्टलक्ष्मी, देवी पद्मावती, कनक दुर्गा और भगवान कुबेर की विशेष पूजा की जाती है। आंध्र प्रदेश के तिरुपति और विजयवाड़ा जैसे पवित्र तीर्थस्थलों में श्रद्धालु बेहतर करियर और आर्थिक स्थिरता की कामना लेकर पहुंचते हैं। इन दिव्य स्वरूपों की आराधना से भक्तों को सुख और सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है।

देवी कनक दुर्गा

देवी कनक दुर्गा को आदि पराशक्ति का दिव्य रूप भी माना जाता है। देवी कनक दुर्गा की पूजा आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित मंदिर में की जाती है, जहां पर उनको स्वयंभू माना जाता है।

श्रद्धालुओं का मानना है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मां की पूजा-अर्चना करते हैं, उनको डर से दूर होने की शक्ति मिली है और जीवन से बुरे से बुरे दौर से उबरने की शक्ति मिलती है। देवी कनक दुर्गा की पूजा से धन, समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त होती है।

साउथ इंडिया के प्रमुख मंदिर जहां पूजा से मिलती है धन, समृद्धि और सफलता



हर व्यक्ति की चाहत होती है कि उनके जीवन में पैसा और समृद्धि हो। जब भी कम धन, यश, समृद्धि या भौतिक सुख की कामना करते हैं। तो हम सभी के दिमाग में सबसे पहले मां लक्ष्मी का नाम आता है। हालांकि उत्तर भारत के विपरीत दक्षिण भारत में ऐसे कई देवी-देवता हैं, जिनकी पूजा संपन्नता, आर्थिक स्थिरता, सफलता और समृद्धि का आशीष मिला है। इन देवताओं के पास भक्त बेहतर करियर, आर्थिक कल्याण और बिजनेस अवसर के उद्देश्य से मंदिरों में दर्शन करते हैं और दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करते हैं

भगवान वेंकटेश्वर

भगवान वेंकटेश्वर को जगत के पालनहार भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। दक्षिण भारत में वेंकटेश्वर भगवान की व्यापक रूप से पूजा की जाती हैं। उनको श्रीनिवास, तिरुपति बालाजी औ? गोविंद जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थिति भगवान वेंकटेश्वर का मंदिर दुनिया का सबसे समृद्ध और पवित्र तीर्थ स्थल है।

देवी अष्टलक्ष्मी

देवी लक्ष्मी के पूजनीय रूपों में अष्टलक्ष्मी शामिल हैं। अष्टलक्ष्मी नाम का अर्थ है कि लक्ष्मी के 8 रूप, जिनमें से हर एक समृद्धि के अलग तरह का प्रतिनिधित्व करता है। इनमें आदि लक्ष्मी आध्यात्मिक धन, धान्य लक्ष्मी भोजन और पोषण, धना लक्ष्मी, भौतिक सुख, गज लक्ष्मी शक्ति और राजत्व, वीर लक्ष्मी हिम्मत, विजय लक्ष्मी जीत, संतान लक्ष्मी संतान और परिवार, और विद्या लक्ष्मी ज्ञान का प्रतीक है।

देवी पद्मावती

तमिल में देवी पद्मावती को अलमेलु और तेलुगु में अलमेलुमंगा के नाम से भी जाना जाता है। यह दक्षिण भारत में व्यापक रूप से पूजी जाने वाली देवियों में शामिल हैं। देवी पद्मावती को मां लक्ष्मी का अवतार और भगवान श्रीवेंकटेश्वर की पत्नी माना जाता है। देवी पद्मावती को समृद्धि, पैसा और करुणा की देवी माना जाता है। देवी पद्मावती के कई मंदिर हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश के तिरुचनूर में श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर शामिल है।

Sport

चोट से उबरकर रचिन रवींद्र की वापसी; टॉम लैथम संभालेंगे कप्तानी

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम घोषित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने 14 सदस्यीय टीम घोषित की है। रचिन रवींद्र की टीम में वापसी हुई है, जबकि केन विलियमसन की गैरमौजूदगी में टॉम लाथम कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, रचिन रवींद्र, डेवोन कॉन्वे और टॉम ब्लंडेल पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की कोशिश कर रहे हैं। रचिन सितंबर में प्रमोशनल शूट के दौरान दायां कंधा खिसकने के कारण भारत के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज नहीं खेल सके। वहीं, कॉनवे कनकशन और ब्लंडेल क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं। टॉम ब्लंडेल अगर भारत के खिलाफ दोनों टेस्ट मैच खेलते हैं तो वे न्यूजीलैंड के लिए 50 टेस्ट खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन जाएंगे। हालांकि, उनका पहले टेस्ट में खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

न्यूजीलैंड की टीम काफी हद तक जून में इंग्लैंड को उसी के घर में 2-1 से हराने वाली टीम जैसी है। केन विलियमसन और तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के, बेन सीयर्स और जैक फाउल्क्स इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। विल ओ'रूर्के का वर्कलोड मैनेज किया जा रहा है, जबकि सीयर्स टखने और फाउल्क्स हिप की चोट से उबर रहे हैं। तेज गेंदबाज जैकब डफी टीम में नया नाम हैं। वे पितृत्व अवकाश के कारण इंग्लैंड दौरे पर नहीं गए थे। न्यूजीलैंड के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज बीजे वाटलिंग टीम के नए बैटिंग कोच होंगे। वे ल्यूक रोंची की जगह लेंगे। वाटलिंग पहले टेस्ट से तीन दिन पहले सोमवार को टीम से जुड़ेंगे।



गुरनूर को वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में 60 स्थान का फायदा

भारतीय तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में 60 स्थान का फायदा हुआ है। वे गेंदबाजों की रैंकिंग में 48वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के तीन खिलाड़ी टॉप-4 में शामिल हैं। शुभमन गिल 822 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर कायम हैं। उनके अलावा विराट कोहली तीसरे और रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बरकरार हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी वनडे सीरीज में गुरनूर बरार ने शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने 3 मैचों में 7 विकेट लिए। बरार के अलावा अक्षर पटेल को भी गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

नीरज कुमार ने शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीता

नई दिल्ली। भारत के नीरज कुमार ने कतर में चल रही क्ररऋ वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इसके साथ ही उन्होंने देश के लिए 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक का कोटा हासिल कर लिया है। नीरज ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा के फाइनल में 346.5 पॉइंट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा ओलिंपिक कोटा है। इससे पहले जयपाल मालवीय ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया था। ओलिंपिक कोटा किसी देश को ओलिंपिक की किसी स्पर्धा में मिली जगह होती है। शूटिंग में वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे क्वालिफाइंग टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अपने देश के लिए यह कोटा हासिल करते हैं। इसका मतलब है कि उस देश को संबंधित इवेंट में ओलिंपिक में हिस्सा लेने का एक स्थान मिल गया है।

दूसरा टेस्ट लाहौर से रावलपिंडी शिफ्ट

लाहौर। पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट लाहौर से रावलपिंडी शिफ्ट कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को इसकी घोषणा की। मुकाबला 17 नवंबर से रावलपिंडी में ही खेला जाएगा, जहां दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट जारी है। वेन्यू शिफ्ट करने के पीछे की वजह मौसम है। लाहौर इन दिनों मौसमी स्मॉग की चपेट में है।

नैनो न्यूज

- **आईपीएल 2027 ट्रेड डील:** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच बड़ी ट्रेड डील पूरी हो गई है, जिसके तहत ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स में शामिल हो गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस में चले गए हैं।
- **अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल:** वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने शानदार 160 रनों की पारी खेली और भारत ने यूएई को 70 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां मुकाबला अफगानिस्तान से होगा।
- **भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर:** मध्य प्रदेश के अनुज श्रीवत्री फिलीपींस में आसियान प्लस चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए हैं।
- **रहमत शाह का कीर्तिमान:** अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमत शाह ने टेस्ट रैंकिंग के टॉप-10 में पहुंचकर इतिहास रच दिया है; वह ऐसा करने वाले पहले अफगान खिलाड़ी बने हैं।
- **संजू सैमसन को कमान:** संजू सैमसन को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए केरल की टीम का कप्तान बनाया गया है, जो उनके 32वें जन्मदिन पर एक बड़ा तोहफा है।
- **इशा सिंह और मनु भाकर का गोल्ड:** वर्ल्ड चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में ईशा सिंह के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने स्वर्ण पदक जीता है।

आईपीएल 2027 से पहले हार्दिक-अर्शदीप का ट्रेड डील

पंड्या पंजाब किंग्स में तो अर्शदीप मुंबई इंडियंस में

आईपीएल 2027 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच बड़ा ट्रेड हुआ है। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस छोड़कर पंजाब किंग्स से जुड़ गए हैं।

वहीं, पंजाब ने अपने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मुंबई इंडियंस के साथ ट्रेड किया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, हार्दिक की फीस 16.35 करोड़ से बढ़कर 18 करोड़ हो गई है। अर्शदीप 18 करोड़ की मौजूदा फीस पर ही मुंबई से जुड़े हैं। हार्दिक पिछले सीजन मुंबई इंडियंस के कप्तान थे। नए कप्तान के ऐलान को लेकर फ्रेंचाइजी ने स्टेटमेंट जारी किया है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा- आईपीएल 2027 के लिए कप्तानी के विकल्पों पर सोच-समझकर फैसला लिया जाएगा। टीम के नए कप्तान का ऐलान सही समय पर किया जाएगा।



फिलहाल फ्रेंचाइजी ने कप्तानी को लेकर कोई नाम का ऐलान नहीं किया है। मुंबई इंडियंस के को-ऑनर आकाश अंबानी ने टीम के साथ हार्दिक के सफर को याद किया। उन्होंने कहा- ह्यहमने उन्हें एक क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़ते, वर्ल्ड स्टेज पर अपनी पहचान बनाते और फिर टीम की कप्तानी करने लौटते देखा है।ह्ल

उन्होंने आगे कहा- ह्यटीम के लिए उनका योगदान अहम रहा है। एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर हार्दिक के लिए बहुत सम्मान है।

हार्दिक मुंबई के लिए 10 सीजन खेले

हार्दिक ने 2015 से 2021 तक लगातार 7 सीजन और 2024 से 2026 तक 3 सीजन मुंबई के लिए खेले। इस बीच वे 2022 और 2023 में गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे। हार्दिक आईपीएल 2026 के बाद खुद ही मुंबई की टीम छोड़ना चाहते थे। हार्दिक का यह तीन साल में दूसरी बार ट्रेड के जरिए टीम बदलना होगा। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने उन्हें गुजरात टाइटंस से ऑल-कैश डील में शामिल किया था। इसके बाद उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया। रोहित की कप्तानी में मुंबई पांच आईपीएल खिताब जीत चुकी थी। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई ने 2024 में आखिरी स्थान हासिल किया। 2025 में टीम प्लेऑफ तक पहुंची, लेकिन 2026 में नौवें स्थान पर रही।

आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762



आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

धार में माही बांध से नहर में छोड़ा पानी

धार। जिले के सरदारपुर क्षेत्र के कालीकराई स्थित माही परियोजना के उप मुख्य बांध से बुधवार को मुहूर्त में मुख्य नहर में पानी छोड़ा गया। कम बारिश के कारण इस बार बांध में जल भंडारण पिछले साल के मुकाबले आधा रह गया है। इसका असर रबी सीजन की सिंचाई पर पड़ेगा। नहरों पर निर्भर किसानों को इस बार पांच की जगह केवल दो बार ही सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा। नहर खोलने से पहले माही परियोजना के एसडीओ एचएल डावर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, जनपद सदस्य नारायण मारू सहित किसानों और जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना की।

धार में गेहूं-चने की फसल को लेकर किसान चिंतित

धार। जिले में नवंबर का महीना शुरू होने के बाद भी ठंड का असर तेज नहीं हुआ है। बुधवार को मौसम का मिला-जुला मिजाज देखने को मिला। सुबह और शाम हल्की ठंड रही, जबकि दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी का अहसास हुआ। दिन और रात के तापमान में भी काफी अंतर दर्ज किया गया। मंगलवार को रात का तापमान 14 डिग्री, सुबह का 17.3 डिग्री और दोपहर में अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को सुबह-शाम ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों की जरूरत पड़ रही है, जबकि दोपहर में गर्मी से परेशानी हो रही है।

गुजरात से आ रहे रेत के दो ओवरलोड वाहन जब्त

मनावर। धार जिला खनिज विभाग ने मनावर में गुजरात की ओर से आ रहे रेत से भरे दो ओवरलोड वाहनों को जब्त किया है। दोनों वाहनों को थाने में खड़ा कराया गया है। मामले में विभागीय कार्रवाई जारी है। जांच के दौरान वाहनों में ओवरलोडिंग पाई गई। इसके बाद खनिज विभाग की टीम ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में लिया। विभाग वाहनों में भरी रेत के परिवहन से जुड़े दस्तावेजों और नियमों की जांच कर रहा है। धार जिला खनिज अधिकारी संदेश पिपलोदिया ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

सिपाही पर बेल्ट से वार करने का आरोपी गिरफ्तार



सड़क पर कान पकड़कर लगवाई उठक-बैठक, पुलिस ने निकाला जुलूस

झाबुआ। गाय गोहरी के दौरान पेटलावद में हुड़दंग और पुलिसकर्मियों से अभद्रता के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने थाना परिसर से श्रद्धांजलि चौक तक उनका जुलूस निकाला। इस दौरान युवक कान पकड़कर माफी मांगते दिखे। श्रद्धांजलि चौक पर उनसे उठक-बैठक भी करवाई गई। गाय गोहरी के मौके पर मुक्ति धाम के पास भीड़ को संभालते समय पुलिस को परेशानी हुई थी। थांदला रोड पर एक होटल के बाहर आपसी विवाद के दौरान तोड़फोड़ की घटना भी सामने आई थी। सोशल मीडिया पर वायरल दो वीडियो में मुक्ति धाम के बाहर पुलिस युवाओं की भीड़ को हटाकर लौटती दिखी। इसी दौरान पीछे से गैंग के एक युवक ने पुलिसकर्मी पर बेल्ट से वार किया। पुलिस ने उसे पकड़कर गाड़ी में बैठाने की कोशिश की, लेकिन वह पंपवती नदी की ओर भाग गया। भागते समय वह गिरा और फिर उठकर पुलिस को इशारे करता दिखा। टीआई निर्भयसिंह भूरिया ने बताया कि वीडियो और अन्य साक्ष्यों के आधार पर युवकों की पहचान की गई। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में केस दर्ज किया है।

नैनो न्यूज

- **स्टार्टअप 'फीडबॉक्स' बना चर्चा का विषय-** इंदौर के एक डिजिटल मार्केटिंग स्टार्टअप 'फीडबॉक्स' ने अपने कर्मचारियों को परिवार के साथ समय बिताने के लिए दिवाली पर लंबी छुट्टी दी। लिंक्डइन पर उनका यह हॉलिडे कैलेंडर वायरल हो गया, जिसके बाद महज 24 घंटे के भीतर कंपनी को 250 से ज्यादा नई जॉब एप्लीकेशन प्राप्त हुईं।
- **सराफा बाजार की ट्रैफिक व्यवस्था से व्यापारी नाराज-** त्योहारी सीजन में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम और प्रशासन द्वारा सराफा बाजार में टू-व्हीलर वाहनों के प्रवेश पर लगाई गई रोक से स्थानीय व्यापारी खासे परेशान हैं।
- **इंदौर-भोपाल मेट्रो का सफर हुआ सस्ता-** व्यापारिक और दैनिक आवागमन को सुगम बनाने के लिए 12 नवंबर 2026 से इंदौर और भोपाल मेट्रो में एनसीएमसी स्मार्ट कार्ड की शुरूआत हो रही है। 50 रुपये में बनने वाले इस कार्ड के जरिए 20 रुपये से अधिक के किराये वाली यात्रा पर 25% की छूट मिलेगी।
- **साइबर ठगी से 50 करोड़ का नुकसान-** व्यापारियों और आम जनता के लिए साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस साल के शुरूआती 10 महीनों में ही साइबर धोखाधड़ी की 7 हजार शिकायतें मिली हैं, जिनमें पीड़ितों को करीब 50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

इंदौर ने स्वच्छता में अपने अनुभव और मॉडल की मदद से बदल दी देपालपुर की तस्वीर

इंदौर-देपालपुर को स्वच्छता में दूसरा स्थान, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिल्ली में दिया राष्ट्रीय सम्मान

15 वार्डों में 100% घर-घर कचरा कलेक्शन से चमका देपालपुर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर ने स्वच्छता में अपने अनुभव और मॉडल की मदद से देपालपुर की तस्वीर बदल दी। इसी उपलब्धि के लिए ह्यस्वच्छ शहर जोड़ीह्न पहल के तहत इंदौर-देपालपुर की जोड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों शहरों को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया।

करीब 20 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देपालपुर ने यह उपलब्धि हासिल की। इंदौर की मेंटरशिप में देपालपुर ने एक साल के भीतर स्वच्छता व्यवस्था में बड़ा सुधार किया। सभी 15 वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण, पुराने कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण और बेहतर मॉनिटरिंग से शहर की व्यवस्था बदली।



घरों से कचरा उठाने के लिए आठ वाहन, 14 हजार डस्टबिन बांटे- देपालपुर में पहले कचरा संग्रहण की व्यवस्था कमजोर थी। इंदौर ने सीएसआर के माध्यम से चार नए कचरा वाहन उपलब्ध कराए और पुराने वाहनों की मरम्मत भी कराई। अब आठ वाहनों से सभी 15 वार्डों में घर-घर कचरा संग्रहण हो रहा है। घरों में गीले और सूखे कचरे को अलग रखने के लिए 14 हजार डस्टबिन वितरित किए गए। इससे घरों से कचरा उठाने के साथ उसके पृथक्करण की व्यवस्था भी मजबूत हुई।

कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए 40 लाख रुपए की लागत से मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर और 10 लाख रुपए की लागत से कंपोस्टिंग यूनिट स्थापित की गई। एमआरएफ सेंटर में सूखे कचरे का प्रसंस्करण किया जाता है, जबकि गीले कचरे से खाद बनाई जा रही है। बनेड़िया रोड स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पांच साल में 1250 मीट्रिक टन कचरा जमा हो गया था। इंदौर नगर निगम की टीम ने इसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कराया। इससे 2.2 एकड़ जमीन खाली हुई। इस जमीन पर करीब 300 पौधे लगाकर ग्रीन फॉरेस्ट विकसित किया गया है। यह देपालपुर के स्वच्छता अभियान की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है।

378वीं रैंक से अपनी श्रेणी में दूसरे स्थान पर पहुंचा देपालपुर

करीब दो साल पहले देपालपुर मध्यप्रदेश के 380 शहरों में स्वच्छता के मामले में 378वें स्थान पर था। पिछले सर्वेक्षण में देश के 2030 शहरों में इसे 1710वीं रैंक मिली थी। इसके बाद इंदौर ने देपालपुर को जोड़ीदार शहर बनाकर अपनी स्वच्छता व्यवस्था, तकनीक और संसाधन साझा किए। इसका असर यह हुआ कि करीब 20 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देपालपुर ने दूसरा स्थान हासिल किया और राष्ट्रीय सम्मान के लिए चुना गया। 30 सितंबर 2025 को शुरू हुई स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत इंदौर को देपालपुर का मेंटर बनाया गया था। इंदौर नगर निगम ने शुरूआती 100 दिनों में देपालपुर को स्वच्छ नगर परिषद बनाने का लक्ष्य रखा। इसके लिए कचरा संग्रहण के रूट तय किए, निगरानी व्यवस्था बनाई और हर वार्ड में एनजीओ की तैनाती की गई। सफाई व्यवस्था को केवल संसाधन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नियमित मॉनिटरिंग और नागरिकों की भागीदारी पर भी जोर दिया।

गिरफ्तारी के लिए तलाश कर रही थी पुलिस, चिंटू चौकसे के घर के पास मिले; हिरासत में लिया

पारिवारिक विवाद में कांग्रेस प्रवक्ता पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पारिवारिक विवाद के बाद कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया पर मारपीट और धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। राजेंद्र नगर पुलिस ने मंगलवार दोपहर अमित हार्डिया की शिकायत पर केस दर्ज किया था। बुधवार सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि लोकेश कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे के यहां हैं।

दरअसल, विवाद बच्चे के पैर गर्म पानी से जलने को लेकर हुआ था। अमित के भतीजे सुमित के बेटे आराध्य को चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



अमित की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर

राजेंद्र नगर पुलिस ने अमित हार्डिया निवासी पारसी मोहल्ला, जीपीओ की शिकायत पर लोकेश हार्डिया पिता मनमोहन हार्डिया निवासी हीरानगर के खिलाफ मंगलवार दोपहर एफआईआर दर्ज की थी। शिकायत में अपशब्द कहने और धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली कि लोकेश हीरानगर इलाके में ही कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे के यहां बैठे हैं। इस पर राजेंद्र नगर पुलिस की खुफिया टीम के जवान उन्हें पकड़ने पहुंचे।

आरोप है कि इसी दौरान अमित की बहू बरखा के भाई लोकेश ने उनसे पूछा कि उन्होंने बरखा से बच्चे के पैर जलने के लिए उसे जिम्मेदार क्यों ठहराया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद हुआ और लोकेश पर अमित के साथ मारपीट का आरोप लगा। पुलिस ने लोकेश को चिंटू चौकसे के घर के पास से हिरासत में ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी नेताओं की ओर से लोकेश की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा था। अमित ने शिकायत में बताया कि उनके भतीजे सुमित हार्डिया के बेटे आराध्य के पैर गर्म पानी से जल गए थे। उसे चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान अमित की बहू बरखा का भाई लोकेश अस्पताल पहुंचा। उसने अमित से पूछा कि उन्होंने बरखा से यह क्यों कहा कि उसकी गलती से आराध्य के पैर जले हैं।

इंदौर में एटीएम का शटर-कांच तोड़कर अंदर घुसी बलेनो कार

दूसरी कार को बचाने में बिगड़ा संतुलन, एयरबैग खुलने से चालक सुरक्षित, दोनों कारें जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



सदर बाजार थाना क्षेत्र के इमली बाजार चौराहे पर मंगलवार देर रात बड़ा हादसा टल गया। तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर एचडीएफसी बैंक के एटीएम का शटर और कांच तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। कार पर आर्मी लिखा हुआ था।

हादसे में कार का एयरबैग खुलने से चालक सुरक्षित बच गया। उसे केवल हल्की खरोंचें आईं। हादसे के वक्त एटीएम पर कोई गार्ड भी मौजूद नहीं था। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के रहवासी घरों से बाहर निकल आए। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 2 बजे की है। इमली बाजार चौराहे पर तेज रफ्तार से आ रही बलेनो कार के सामने अचानक दूसरी कार आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने कार को एक तरफ मोड़ा, लेकिन वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके बाद कार सीधे एटीएम के शटर और कांच को तोड़ते हुए अंदर घुस गई। सूचना मिलते ही सदर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे चालक को बाहर निकाला। उसे मामूली चोटें आई थीं। चालक ने पुलिस को बताया कि दूसरी कार अचानक सामने आ गई थी। उसे बचाने के प्रयास में उसने कार दूसरी तरफ मोड़ी, लेकिन वाहन एटीएम के ओटले से टकराकर अंदर जा घुसा।

20-20 हजार में बैंक खाते बेचने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाना पुलिस ने मंगलवार रात म्यूल बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी के अवैध लेनदेन में शामिल गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी 20-20 हजार रुपए के लालच में अपने बैंक खाते साइबर ठगों को बेच रहे थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि तीन आरोपियों ने पहले अपने खाते खुलवाए और बाद में दो अन्य आरोपियों को बेच दिए। इन दोनों ने खाते आगे अधिक कीमत पर मुख्य साइबर ठगों को सप्लाई कर दिए।

पुलिस के मुताबिक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एयरपोर्ट रोड शाखा में संचालित एक संदिग्ध म्यूल खाते की जानकारी मिली थी। जांच के दौरान खाताधारक राज पिता रवींद्र वैद्य निवासी गोविंद कॉलोनी, बाणगंगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में राज ने बताया कि उसने अपने दोस्तों तुषार चौहान और आयुष प्रजापत के साथ मिलकर सेंट्रल बैंक की अलग-अलग शाखाओं में खाते खुलवाए थे। बाद में ये खाते अजय पटेल और रितेश प्रजापत को बेच दिए थे। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर गिरोह के पांचों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि राज वैद्य का खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एयरपोर्ट रोड शाखा, तुषार पिता जीवन सिंह चौहान निवासी फ्रीगंज, मरीमाता का खाता सियागंज शाखा और आयुष उर्फ लक्की पिता लक्ष्मण प्रजापत निवासी गोविंद कॉलोनी, बाणगंगा का खाता कपड़ा मार्केट शाखा में खुला था। तीनों ने अपने खाते 20-20 हजार रुपए के लालच में अजय पिता महेंद्र पटेल निवासी लेक पैलेस कॉलोनी और रितेश पिता आशीष प्रजापत निवासी सत्य साईं बाग कॉलोनी, बाणगंगा को बेच दिए थे। इसके बाद अजय और रितेश ने इन खातों को अधिक कीमत पर अन्य साइबर ठगों तक पहुंचाया। इनका इस्तेमाल अवैध वित्तीय लेनदेन में किया जा रहा था।

सराफा बाजार में दिवाली मिलन समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सराफा बाजार में दीपावली के बाद सोना-चांदी और जवाहरात के कारोबारियों ने मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें व्यापारियों ने त्योहार की खुशियां साझा कीं और कारोबार की मौजूदा स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। इस साल दीपावली सीजन में बाजार में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ।

कोरोना के बाद यह सबसे बेहतर कारोबार रहा। समारोह में पार्किंग व्यवस्था सुधारने, नई पीढ़ी को पारंपरिक कारोबार से जोड़ने और सोशल मीडिया के जरिए बाजार का प्रचार बढ़ाने जैसे मुद्दे उठे।



इधर, इंदौर की कृषि उपज मंडी में बुधवार को नए व्यापारिक सत्र की शुरूआत पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ हुई। किसान और व्यापारी गाजे-बाजे के साथ मंडी के मुख्य गेट से प्रांगण तक पहुंचे। यहां विधि-विधान से बैलगाड़ी का पूजन किया गया। इसके बाद मुहूर्त में नीलामी के सौदे हुए। आयोजन में किसानों और व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। बैलगाड़ी पूजन और मुहूर्त के सौदों के बाद दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें कन्या भोज कराया गया और इसके बाद प्रसादी का वितरण हुआ। पूरे आयोजन में किसानों और व्यापारियों की भागीदारी रही। इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अजय लाहोटी ने बताया कि पहले दीपावली पर व्यापारी एक-दूसरे के प्रतिष्ठानों और घरों पर जाकर शुभकामनाएं देते थे। व्यस्तता के कारण कई व्यापारी आपस में मिल नहीं पाते थे। इसी को देखते हुए सामूहिक मिलन समारोह की शुरूआत की गई, ताकि सभी एक मंच पर मिल सकें और कारोबार से जुड़ी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें।

इंदौर से अबूधाबी की फ्लाइट डेढ़ घंटे लेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर से अबूधाबी जाने वाली फ्लाइट बुधवार को करीब डेढ़ घंटे की देरी से रवाना हुई। फ्लाइट निरस्त होने की सूचना मिलने के बाद यात्रियों में नाराजगी फैल गई। एयरपोर्ट पर कुछ देर हंगामे जैसी स्थिति बन गई। हालांकि, बाद में तकनीकी समस्याओं को दूर कर विमान को रवाना कर दिया गया।

देवास पटाखा फैक्ट्री मामले में इंदौर हाईकोर्ट का फैसला

पार्टनर होना अपराध साबित करने के लिए काफी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवास की अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट के मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने दो आरोपियों को जमानत दे दी है। हादसे में 12 मजदूरों की मौत हुई थी, जबकि 19 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। कोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति का फैक्ट्री में मालिक, फाइनेंसर, मैनेजर या पार्टनर होना अपने आप में उसकी आपराधिक जिम्मेदारी तय करने के लिए पर्याप्त नहीं है। अभियोजन को यह साबित करना होगा कि संबंधित व्यक्ति की अपराध में क्या व्यक्तिगत भूमिका थी और उसने कौन-सा आपराधिक कृत्य किया।

जस्टिस आलोक अवस्थी ने आरोपी मुकेश विज और अनिल मालवीय की ओर से पेश अपील स्वीकार करते हुए जिला कोर्ट के जमानत खारिज करने वाले आदेश को निरस्त कर दिया। दोनों आरोपी 17 मई 2026 से जेल में बंद थे। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से दलील दी गई कि दोनों आरोपियों के वित्तीय लेन-देन और फैक्ट्री में उनकी भूमिका से घटना की जानकारी और साझा मंशा जाहिर होती है। वहीं, बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि हादसे में हुई मौतों के लिए दोनों आरोपियों का कोई विशिष्ट आपराधिक कृत्य सामने नहीं आया है। चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और अब उनकी हिरासत जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।

14 मई को हुआ था भीषण विस्फोट

देवास जिले में 14 मई 2026 को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। हादसे में 12 मजदूरों की जान चली गई थी और 19 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। जांच में फैक्ट्री में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने, जरूरी एनओसी और लाइसेंस संबंधी शर्तों का पालन नहीं करने तथा निर्धारित सीमा से अधिक विस्फोटक सामग्री रखने की बात सामने आई थी।

किसकी क्या थी भूमिका- जांच में मुकेश विज पर फैक्ट्री के वित्तीय नियंत्रण और साझेदारी की भूमिका होने का आरोप था, जबकि अनिल मालवीय पर फैक्ट्री के संचालन की जिम्मेदारी होने की बात कही गई थी।

हादसा गंभीर, लेकिन आरोपों के आधार पर लंबी हिरासत उचित नहीं- हाईकोर्ट ने हादसे को गंभीर और दुखद बताते हुए कहा कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो इस घटना को टाला जा सकता था। हालांकि, केवल आरोपों की गंभीरता के आधार पर किसी व्यक्ति को लंबे समय तक हिरासत में रखना उचित नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जमानत मिलने का अर्थ पटाखा निर्माण या भंडारण की गतिविधियां दोबारा शुरू करने की अनुमति नहीं है।

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com